khabarmantra.net
धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित
सबकी बात सबके साथ
सुप्रभात
विश्व आदिवासी दिवस


## मुख्य आकर्षण

- रीझ रंग शोभा यात्रा
- सांस्कृतिक कार्यक्रम
- झारखण्ड की चित्रकला शैलियां
- आदिवासी पुस्तक मेला
- आदिवासी कवि सम्मेलन
- वृत्तचित्र स्क्रीनिंग
- कला-शिल्प प्रदर्शनी
- परिधान फैशन शो
- खान-पान
- लेजर शो

झारखण्ड सरकार GOVERNMENT OF JHARKHAND

### उद्घाटन समारोह



# झारखण्ड आदिवासी महोत्सव 2024

मुख्य अतिथि
**श्री संतोष कुमार गंगवार**
माननीय राज्यपाल, झारखण्ड

विशिष्ट अतिथि
**श्री शिबू सोरेन**
माननीय अध्यक्ष, राज्य समन्वय समिति
सह सांसद, राज्यसभा

अध्यक्षता
**श्री हेमन्त सोरेन**
माननीय मुख्यमंत्री, झारखण्ड

तथा

माननीय मंत्रीगण, माननीय सांसदगण,
माननीय विधायकगण एवं अन्य गणमान्य अतिथियों
की गरिमामयी उपस्थिति में

**शुक्रवार 9 अगस्त, 2024 | अपराह्न 12:00 बजे से**

बिरसा मुण्डा स्मृति उद्यान, जेल चौक,
रांची में आयोजित है

**समारोह में आपकी उपस्थिति सादर प्रार्थित है**

PR -332291 (IPRD) 24-25



श्री संतोष कुमार गंगवार
माननीय राज्यपाल, झारखण्ड



श्री हेमन्त सोरेन
माननीय मुख्यमंत्री, झारखण्ड

सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, झारखण्ड सरकार

## रांची विवि के जोहार संगी -24 में गवर्नर पहुंचे रांची वीमेंस कॉलेज, कहा

# हालात बदले हैं, पढ़ाई का बेहतर माहौल बना

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने कहा है कि आज हालात बदल चुके हैं और पढ़ाई के लिए पहले से बेहतर माहौल बना हुआ है। ऐसे में अधिक से अधिक लोग उच्च शिक्षा हासिल करें, यह हमारा प्रयास होना चाहिए। साथ ही, जनजातियों को पढ़ाई के लिए दूसरों को भी प्रेरित करना चाहिए। अपने कार्यों से समाज के लिए प्रेरणास्रोत बनकर उभरना चाहिए। जिस प्रकार आज जनजातियों की परंपरा और संस्कृति का पूरे विश्व में उदाहरण दिया जाता है, उसी प्रकार शिक्षा और ज्ञान के क्षेत्र में भी उन्हें पिछड़ा न समझा जाए, आदर्श माना जाये। राज्यपाल गुरुवार को रांची यूनिवर्सिटी के वीमेंस कॉलेज में विश्व आदिवासी दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि कल विश्व आदिवासी दिवस है। मुझे खुशी है कि रांची विश्वविद्यालय द्वारा संयुक्त राष्ट्र संघ के थीम प्रोटेक्टिंग द राइट्स ऑफ इंडीजिनस पिपुल इन वोलेंटरी आइसोलेशन एंड इंनिसियल कांटेक्ट पर जोहार संगी 24 का आयोजन किया गया है।

**सार्वजनिक स्तर पर यह मेरा पहला कार्यक्रम :** रांची वीमेंस कॉलेज के आर्ट्स ब्लॉक के मैत्रेयी सभागार में आयोजित कार्यक्रम में राज्यपाल ने कहा कि राज्य में सार्वजनिक स्तर पर यह मेरा पहला कार्यक्रम है। इस कार्यक्रम में आप सभी के बीच सम्मिलित होकर अभिभूत हूं। झारखंड वीरों की भूमि है, जहां धरतीआबा बिरसा मुंडा, बीर बुधु भगत, सिदो-कान्हु, चांद-भैरव, फूलो-झान्हो, जतरा उरांव जैसे महान सपूतों ने अपनी मातृभूमि के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर कर दिया।

इन महान सपूतों का जन्म जनजाति समुदाय में हुआ था और उन सभी ने अपने उल्लेखनीय कार्यों से दिखाया कि वीरता और यश के लिए किसी विशिष्ट जाति और कुल की जरूरत नहीं है, बल्कि श्रेष्ठ कर्म की आवश्यकता होती है। इस अवसर पर मैं इन महान सपूतों के प्रति अपनी श्रद्धा-सुमन अर्पित करता हूं, जिन्होंने हमारी मातृभूमि के लिए संघर्ष किया और अपने प्राणों की भी परवाह नहीं की।

**देश की जनसंख्या का एक बड़ा हिस्सा जनजातियों का :** हमारे देश की जनसंख्या का एक बड़ा हिस्सा जनजातियों का है और अति प्राचीन काल से ही जनजातीय समुदाय भारतीय सभ्यता और संस्कृति के महत्वपूर्ण अंग रहे हैं। उनकी कला, संस्कृति, लोक साहित्य, परंपरा और रीति-रिवाज की ख्याति विश्व स्तर पर है। जनजातीय गीत और नृत्य अत्यंत मनमोहक होते हैं, जो सभी को अपनी ओर आकर्षित करते हैं। मुझे गर्व है कि हमारे जनजाति भाई-बहन प्रकृति प्रेमी होते हैं, जिसकी झलक उनके पर्व-त्योहारों में दिखती है।

**जनजातियों की संख्या लगभग 27 प्रतिशत :** झारखंड राज्य की 3.28 करोड़ से अधिक की आबादी में, जनजातियों की संख्या लगभग 27 प्रतिशत है। राज्य में 32 प्रकार की अनुसूचित जनजातियां हैं, जिनमें 8 प्रकार के पीवीटीजी भी शामिल हैं। अधिकांश जनजाति लोग गांवों में निवास करते हैं और उनके पास विभिन्न क्षेत्रों में भिन्न-भिन्न प्रकार की विधा होती है।

### कई कल्याणकारी योजनाएं की जा रही हैं संचालित

अनुसूचित जनजातियों के विकास के लिए सरकार द्वारा कई कल्याणकारी योजनाएं संचालित हैं। हमारे जनजाति भाई-बहनों को इन योजनाओं के प्रति पूरी तरह से जागरुक होने की आवश्यकता है, ताकि वे इन योजनाओं से पूर्णतः लाभान्वित हो सकें। उन्हें अपनी संस्कृति और भाषा का भी सम्मान करना चाहिए और इसे संरक्षित रखना चाहिए। मुझे यह कहते हुए गौरव हो रहा है जनजाति समाज में दहेज-प्रथा नहीं है, जो एक अनुकरणीय उदाहरण है। जनजातियों को शिक्षा के प्रति और अधिक जागरूक होने की जरूरत है। ज्ञान किसी भी राष्ट्र की सामाजिक-आर्थिक प्रगति में अहम भूमिका निभाता है। कहते हैं, ऱ्ज्ञान ही शक्ति है ऱ। इसलिए सभी को शिक्षित होना चाहिए, चाहे वो बालक हो या बालिका। इससे पूर्व कार्यक्रम की अध्यक्षता रांची विवि के वीसी डॉ अजीत कुमार सिन्हा ने की। मौके पर पद्मश्री अशोक भगत भी उपस्थित थे।

### कर्मी 10 को काला बिल्ला लगा कर काम करेगें

**रांची।** झारखण्ड राज्य माध्यमिक शिक्षक संघ की बहुलंबित मांग एमएसीपी जो अभी तक सरकार द्वारा लागू नही किया गया है। संघ इस दिशा में लगातार प्रयासरत रहा है। संघ के यशवंत विजय ने बताया कि विभिन्न विंदू पर विमर्श के पश्चात राज्य संघ के पदाधिकारी द्वारा सरकार का ध्यान आकर्षित करने के लिए निर्णय लिया गया है कि 10 अगस्त काला बिल्ला लगाकर सभी शिक्षक शिक्षिकाये एवं शिक्षकेत्तर कर्मी शिक्षण कार्य करेंगे।

## जब घुसपैठिए देश में घुस जाएंगे तब आप जागेंगे, हाईकोर्ट ने केंद्र सरकार को लगाई फटकार, कहा- यह देश की सुरक्षा का सवाल है

खबर मन्त्र संवाददाता

रांची। झारखंड हाई कोर्ट ने केंद्र सरकार द्वारा शपथ पत्र दाखिल नहीं किए जाने पर कड़ी टिप्पणी की। मौखिक कहा कि देश में घुसपैठ करने वालों के घुस जाने के बाद क्या केंद्र सरकार कार्रवाई करेगी। अभी बांग्लादेश में उथल-पुथल की स्थिति है वहां राजनीतिक अस्थिरता है। ऐसे में भारत में बांग्लादेशी घुसपैठियों को रोकने के लिए बॉर्डर में बीएसएफ को कड़ी निगरानी करनी पड़ेगी। कोर्ट ने कहा कि जरूरत पड़ने पर केन्द्रीय गृह सचिव से भी जवाब मांगा जा सकता है और उन्हें कोर्ट में बुलाया जा सकता है, यह देश की सुरक्षा का सवाल है। जो आ रहे हैं उनको रोकिए और जो यहां आकर बसे हैं उनकी पहचान कर उन्हें वापस भेजने की पहल करें। कोर्ट ने भारत सरकार के इंटेलिजेंस ब्यूरो के डायरेक्टर, बॉर्डर सिक्योरिटी फोर्स के डायरेक्टर जनरल, चीफ इलेक्शन कमीशन ऑफ इंडिया और डायरेक्टर जनरल यूनिक आइडेंटिफिकेशन अथॉरिटी ऑफ इंडिया को प्रतिवादी बनाया है, उन्हें नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। कोर्ट ने इंटेलिजेंस ब्यूरो से सीलबंद रिपोर्ट मांगी है। सुनवाई के दौरान कोर्ट के आदेश की आलोक में 6 जिलों के उपयुक्त (डीसी) द्वारा जवाब दाखिल नहीं किए जाने पर कोर्ट ने राज्य सरकार पर कड़ी नाराजगी जताई। कोर्ट ने मौखिक कहा कि जब संथाल परगना में बांग्लादेशी घुसपैठिए के आने की बात हो रही है, ऐसे संवेदनशील मुद्दे पर अब तक जवाब क्यों नहीं आया है। कोर्ट को बताया गया की संथाल परगना में बांग्लादेशी घुसपैठिए फर्जी ढंग से आधार कार्ड और वोटर कार्ड बना ले रहे हैं और वहां की भोली-भाली आदिवासी लड़कियों से शादी कर उनकी जमीन पर कब्जा कर ले रहे हैं। इस पर कोर्ट ने राज्य सरकार से मौखिक कहा कि सरकार को संथाल परगना जैसे इलाकों में औचक निरीक्षण कर लोगों के आधार कार्ड एवं वोटर कार्ड का सत्यापन करना चाहिए ताकि घुसपैठियों की पहचान हो सके। कोर्ट ने मौखिक कहा कि झारखंड में घुसपैठियों की पहचान कर उन्हें तुरंत निकालना जरूरी है, अन्यथा और घुसपैठिए झारखंड आते रहेंगे। राज्य सरकार को झारखंड के सीमावर्ती इलाकों में पुलिस फोर्स को मजबूत कर घुसपैठियों को रोकन होगा। कोर्ट ने मौखिक कहा की राज्य सरकार एवं केंद्र सरकार दोनों को देश एवं राज्य में घुसपैठ पर मिलकर काम करना होगा। कोर्ट ने मामले के अगली सुनवाई 22 अगस्त निर्धारित की है।

### क्या है याचिका में

प्रार्थी ने याचिका में कहा है की जामताड़ा, पाकुड़, गोड्डा, साहिबगंज आदि झारखंड के बॉर्डर इलाके से बांग्लादेशी घुसपैठिए झारखंड आ रहे हैं। इससे इन जिलों में जनसंख्या में कुप्रभाव पड़ रहा है। इन जिलों में बड़ी संख्या में मदरसा स्थापित किया जा रहा है। साथ ही स्थानीय ट्राइबल के साथ वैवाहिक संबंध बनाया जा रहा है। प्रार्थी ने मांग की है कि इस मामले में भारत सरकार का गृह मंत्रालय रिपोर्ट दाखिल करे और बताएं कि झारखंड के बॉर्डर इलाके से कैसे बांग्लादेशी घुसपैठिए झारखंड आ रहे हैं और उनके द्वारा झारखंड में कैसे लोगों को गुमराह कर वैवाहिक संबंध स्थापित किया जा रहा है।

### सरायकेला डीसी का आदेश, राजस्व अधिकारी किसी के मौखिक आदेश पर न करें काम

**रांची।** सरायकेला-खरसांवा डीसी रविशंकर शुक्ला का एक आदेश इन दिनों राजस्व अधिकारियों के बीच चर्चा का विषय बना हुआ है। आदेश की चर्चा इसलिए हो रही है, क्योंकि डीसी ऑफिस के राजस्व शाखा से जारी किए गए आदेश में कहा गया है कि जिले के कोई भी राजस्व कर्मचारी राजस्व से संबंधित कार्य विभागीय निर्देश और नियमानुसार ही करें। इसके साथ ही डीसी ऑफिस से जारी किए गए आदेश में सख्त निर्देश दिया गया है कि जिले के राजस्व अधिकारी किसी भी परिस्थिति में किसी व्यक्ति के दबाव या मौखिक आदेश पर कार्य न करें। ऐसे में सवाल ये उठता है कि जिले के राजस्व अधिकारीयों को कौन मौखिक आदेश देता था और अचानक ऐसा आदेश क्यों जारी करना पड़ा। इस आदेश की कॉपी अंचल अधिकारियों, अवर निबंधकों, भूमि सुधार उपसमाहर्ता और जिला भू अर्जन पदाधिकारी को दे दी गई है।

### राज्य सरकार के खिलाफ भारतीय जनता युवा मोर्चा करेगा विशाल आक्रोश महारैली : शशांकराज

**रांची।** भाजपा मुख्यालय में भारतीय जनता युवा मोर्चा की बैठक गुरूवार को समपन्न हुई। इसकी अध्यक्षता भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष शशांक राज ने की। बैठक में झारखंड के नवनियुक्त सभी प्रदेश पदाधिकारी, प्रमंडल प्रभारी, जिला प्रभारी आदि भी उपस्थित रहे। इस दौरान राज्य सरकार के स्तर से युवाओं, रोजगार के सवाल पर ठगे जाने का विषय मुख्य रहा। साथ ही, आनेवाले दिनों में सरकार के खिलाफ रांची में विशाल आक्रोश महारैली के आयोजन को लेकर भी विमर्श हुआ। बैठक में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, महामंत्री संगठन कर्मवीर सिंह, महामंत्री मनोज सिंह एवं मोर्चा प्रभारी विनय जायसवाल भी मौजूद थे। इस दौरान बाबूलाल मरांडी ने कहा कि झारखंड के युवा इस ठगबंधन की सरकार से त्रस्त हो चुके हैं। युवाओं के भविष्य से साथ सिर्फ खिलवाड़ किया गया है। 5 लाख सरकारी नौकरी देने की बात हो या बेरोजगारी भत्ता, सरकार ने उन्हें सिर्फ ठगा है।

### बांग्लादेश में हिंदुओं की सुरक्षा की मांग

**रांची।** विश्व हिंदू परिषद, झारखंड सेवा विभाग एवं राष्ट्रीय सनातन एकता मंच के प्रांतीय प्रवक्ता संजय सर्राफ ने बांग्लादेश में हिंदुओं के साथ हो रहे नरसंहार, मंदिरों, गुरुद्वारों एवं सभी धार्मिक स्थलों में हो रही तोड़फोड़ हिंसा की घटना की तीव्र निंदा की है। उन्होंने केंद्र सरकार से अतिशीघ्र बांग्लादेश में हिंदुओं की सुरक्षा सुनिश्ति करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि हिंसा, विचित्र अनिश्तिता-अराजकता के बीच अशांत बांग्लादेश में हिंदुओं का जीवन भयभीत एवं असुरक्षित है।


**BEFORE THE DEBTS RECOVERY TRIBUNAL, RANCHI**
5TH FLOOR, PRAGATI SADAN (RRDA BUILDING), KUTCHERY CHOWK, RANCHI 834001

**O.A. No. 230 of 2024**

BETWEEN
BANK OF INDIA, CHURCH ROAD BR., RANCHI ....APPLICANT BANK
VS.
SELLESTIAL & OTHERS .............DEFENDANTS

SUMMONS ISSUED UNDER RULE 23 (VIII) OF THE DEBTS RECOVERY TRIBUNAL (PROCEDURE) RULES, 1993

| SR No | DEFENDANTS | ADDRESSES |
|---|---|---|
| 1. | SELLESTIAL PROP: SUNIL KUMAR SINGH S/O LATE CHANDRADEV SINGH | G-5, Paras Complex, Opp. Hotel Landmark, P.o. & P.s.-lalpur, Dist. - Ranchi 834001 |
| 2. | SUNIL KUMAR SINGH S/O LATE CHANDRADEV SINGH | R/O Flat No. 301, Srojani Arcade, Block-C, Harihar Singh Road, P.O.-Morabadi, P.S.-Bariatu, Dist.-Ranchi 834008 |
| 3. | SUNIL KUMAR SINGH S/O LATE CHANDRADEV SINGH | R/O 2nd Floor, R.S. Square, Near Vishal Mega Mart, Harmu Road, P.O.-GPO Ranchi, P.S.-Sukhdeo Nagar, Dist-Ranchi 834001 |
| 4. | MRS. NIRAJ SINHA SUNIL KUMAR SINGH | R/O Flat No. 301, Matushree Sarojani Arcade, Morabadi P.O.-Morabadi, P.S.-Bariatu, Dist.-Ranchi 834008 |

Whereas, the Applicant has instituted an Application u/s 19 of the Recovery of Debts Due to Banks and Financial Institutions Act 1993 against the Defendants for Recovery of sum of **Rs. 20,91,453.00/- (Rupees Twenty Lakhs Ninety One Thousand Four Hundred Fifty Three Only) together with current and future interest, cost for other reliefs.** The above mentioned Defendants is/are therefore directed to appear before **Registrar in on 30th day of Sep., 2024 at 10.30 A.M.** as to why the relief's prayed for should not be granted and to file show-cause in the matter. The notice that in case of default, the application will be heard and determined in your absence.
Given under my hand and seal of this Tribunal on this the **25th day of July, 2024.**

**ASHISH KARN**
**ASSISTANT REGISTRAR**

**BEFORE THE DEBTS RECOVERY TRIBUNAL, RANCHI**
5TH FLOOR, PRAGATI SADAN (RRDA BUILDING), KUTCHERY CHOWK, RANCHI 834001

**O.A. No. 217 of 2024**

BETWEEN
BANK OF INDIA, MOGANPUR BR., RAMGARH ....APPLICANT BANK
VS.
M/S MAZDOOR COAL BRIQUETTERS & OTHERS .............DEFENDANTS

SUMMONS ISSUED UNDER RULE 23 (VIII) OF THE DEBTS RECOVERY TRIBUNAL (PROCEDURE) RULES, 1993

| SR No | DEFENDANTS | ADDRESSES |
|---|---|---|
| 1. | M/S MAZDOOR COAL BRIQUETTERS PROP: NURULLAH ANSARI S/O JAMIL AHMAD | R/O AT- MOGANPUR, P.O.-MOGANPUR, P.S.-GOLA, DIST.-RAMGARH 829110 |
| 2. | NURULLAH ANSARI S/O JAMIL AHMAD | |
| 3. | ARYAN BRICKS PROP: NURULLAH ANSARI S/O JAMIL AHMAD | |
| 4. | NURULLAH ANSARI S/O JAMIL AHMAD | |
| 5. | RAJIYA KHATOON W/O NURULLAH ANSARI | |

Whereas, the Applicant has instituted an Application u/s 19 of the Recovery of Debts Due to Banks and Financial Institutions Act 1993 against the Defendants for Recovery of sum of **Rs. 50,70,439.00/- (Rupees Fifty Lakhs Seventy Thousand Four Hundred Thirty Nine Only) together with current and future interest, cost for other reliefs.** The above mentioned Defendants is/are therefore directed to appear before **Registrar in on 27th day of Sep., 2024 at 10.30 A.M.** as to why the relief's prayed for should not be granted and to file show-cause in the matter. The notice that in case of default, the application will be heard and determined in your absence.
Given under my hand and seal of this Tribunal on this the **23rd day of July, 2024.**

**ASHISH KARN**
**ASSISTANT REGISTRAR**

Annexure1
**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER MINOR IRRIGATION DIVISION, RAMGARH**

अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना
Tender Reference No. WRD/MID/RAMGARH F2 - 05/2024-25 Date :- 08/08/2024
3rd Call

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Name of the work | Construction of Check Dam on Hodhodwa Nala Block- Ramgarh, Dist- Ramgarh |
| 2. | Estimated Cost (Rs. In Lakhs) | Rs. 50.174 Lakhs |
| 3. | Time of Completion | 335 Days |
| 4. | Date of Publication of E-Tender on website | 10/08/2024 (2:00 PM) |
| 5. | Last date/Time for submission of E-Tender Bids | 17/08/2024 (up to 5:00 PM) |
| 6. | Online submission of Tender Fee and EMD | e-Procurement portal (http://jharkhandtenders.gov.in) 17/08/2024 (up to 5:00 PM) |
| 7. | Date of opening of e-tender | 20/08/2024 (2:00 PM) |
| 8. | Name & address of office in inviting tender | Executive Engineer Minor Irrigation Division, Ramgarh |
| 9. | Contact number & Email ID of e-procurement officer | 06553-231173/8292457160 eemidramgarh24408@gmail.com |
| 10. | Helpline number of e-procurement cell | 0651-2491232 |

Note :- (1) Only e-Tenders will be accepted.
(2) Published Estimated Cost may Increase or Decrease.
Further details can be seen on website http://jharkhand tenders.gov.in

कार्यपालक अभियन्ता,
लघु सिंचाई प्रमण्डल, रामगढ़
PR 332277 (Minor Irrigation)24-25*D

**न्यायालय श्रीमान प्रधान जिला न्यायाधीश**
**कोडरमा ।**
**सिविल अपील नं०-21/2019**

दुधेश्वर प्रसाद एवं अन्य .......................... अपीलार्थी
बनाम
योगेश श्रीवास्तव .................... प्रतिवादी

**नोटिस**
**बनाम्**

1. पुनम सहाय पति - सत्येंद्र कुमार सिन्हा, साकिन निवास -अशोक विहार कॉलोनी, नियर धनबाद पब्लिक स्कूल, भूपोड़, पोस्ट -के०जी० आश्रम जिला धनबाद।
2. रतन दीप सहाय, जयदीप सहाय, सोनिया सहाय तीनो के पिता गोपीनाथ्र सहाय, तीनों साकिन निवास - किशोरगंज सहाय सदन, रोड नंबर 6 हरमू रोड रांची।
3. स्नेहा सहाय ,प्रिया सहाय दोनों के पिता स्वर्गीय प्रदीप सहाय, दोनों सकीन निवास गुरुनानक पुरा नियर रेलवे स्टेशन झुमरी तिलैया, थाना-तिलैया, जिला -कोडरमा।

आपकों को इस अखबार प्रशासन के माध्यम से सुचित किया जाता है कि उपरोक्त अपील (मुकदमा) मेरे न्यायालय में आपकी उपस्थिति हेतु लंबित है। नजारत एवं रीस्टार्ट डाक से न्यायालय द्वारा नोटिस निर्गत किया गया, परंतु आप उपस्थित नहीं हुए।

इस प्रकाशन के माध्यम से आपको आगाह किया जाता है कि दिनांक 12.08.24 को समय 10:30 बजे दिन स्वयं या प्राधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर उचित पैरबी करें, अन्यथा आपके अनुपस्थिति में वाद की सुनवाई एक पक्षीय की जाएगी। इसे सख्त ताकीद जाने।

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, खूँटी**

**शुद्धि पत्र**

एतत् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, खूँटी के अंतर्गत निकाली गई ई०-अल्पकालीन निविदा सं०-11/2024-25/RWD/KHUNTI, दिनांक- 31.07.2024 जिसका पी०आर० संख्या- 331476 (Rural Works Dipartment) 24-25 (D) द्वारा प्रकाशित है, जिसमें निम्न प्रकार से आंशिक संशोधन किया जाता है :-

| क्र० सं० | विवरण | पूर्व प्रकाशित विवरणी | संशोधित विवरणी |
|---|---|---|---|
| 1 | ई-निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि | 23.08.2024 | 29.08.2024 |
| 2 | ई-निविदा खोलने की तिथि | 24.08.2024 | 31.08.2024 |

निविदा सूचना की शेष शर्ते पूर्ववत रहेगी ।
विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

विश्वासभाजन
कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, खूँटी
PR 332177 Rural Work Department(24-25)#D

**कार्यालय, जिला शिक्षा अधीक्षक, गुमला।**
**कार्यालय-आदेश**

निदेशक, प्रा०शि०, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखण्ड राँची के पत्रांक 1001 दिनांक 06.08.2024 के निदेशानुसार दिनांक 01.08.2024 को आहूत काउंसिलिंग की प्रक्रिया को निम्नांकित रूप में विस्तारित किया जाता है :-

| क्र.सं. | विवरणी | दिनांक |
|---|---|---|
| 1 | जिले के वेबसाईट पर अभ्यर्थी की सूची का प्रकाषन | 09.08.2024 तक |
| 2 | अभ्यर्थी द्वारा दावा आपत्ति उपलब्ध कराने की तिथि | 10.08.2024 से 17.08.2024 तक |
| 3 | दावा आपत्ति की स्क्रूटनी | 21.08.2024 तक |
| 4 | योग्यताधारी आवेदकों का काउंसिलिंग हेतु जिले के वेबसाईट में पुनः प्रकाषन | 22.08.2024 |
| 5 | उपस्थित अहर्त्ताधारी अभ्यर्थियों का काउंसिलिंग | 25.08.2024 |
| 6 | अंतिम चयन सूची का प्रकाषन | 01.09.2024 |

काउंसिलिंग स्थल:-
कार्यालय जिला शिक्षा अधीक्षक ब्लॉक कैम्पस, गुमला समय:- 10:00 बजे पूर्वाहन से 05:00 बजे अपराहन तक
जिला शिक्षा अधीक्षक,गुमला।
PR 332202 Jharkhand Education Project Council(24-25)D


## खबर एक नजर में

### बांग्ला देशी घुसपैठिये के कारण आदिवासी युवा नशाखोरी की चपेट में : बाबूलाल मरांडी



**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि राज्य सरकार के संरक्षण में बांग्लादेशी घुसपैठियों के द्वारा पूरे संथाल में चल रहा नशाखोरी का खेल युवाओं को बरबाद कर रहा है। उन्होंने कहा कि बांग्लादेशी घुसपैठियों के जनसंख्या विस्फोट के कारण संथाल परगना में आदिवासी समाज अपनी पहचान बचाने की जद्दोजहद कर रहा है। उन्होंने कहा कि आदिवासियों के अस्तित्व को मिटाने का षड्यंत्र सिर्फ जमीन की लूट और लव जिहाद तक ही सीमित नहीं है। बांग्लादेशी घुसपैठिये संथाल आदिवासियों को नशे की गिरफ्त में फंसाकर उन्हें बर्बाद करने की साजिश रहे हैं। वर्तमान समय में आदिवासी समाज के उपर उत्पन्न इतने विकराल संकट पर भी मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन द्वारा बांग्लादेशी घुसपैठियों के पक्ष में बयान देना अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है। हेमंत सोरेन ने सदन के अंदर बांग्लादेशी घुसपैठियों का बचाव कर अपनी मंशा बिल्कुल स्पष्ट कर दी है कि झामुमो- कांग्रेस सरकार की प्राथमिकता अपने मुस्लिम वोट बैंक को संरक्षण देना है।

### लैंड स्कैम के आरोपी की डिस्चार्ज अर्जी खारिज

**रांची।** बरियातू के चेशायर होम रोड स्थिति एक एकड़ जमीन की खरीद-फरोख्त के फर्जीवाड़े में संलिप्त प्रेम प्रकाश की ओर से दाखिल डिस्चार्ज अर्जी गुरुवार को पीएमएलए के विशेष न्यायाधीश राजीव रंजन की अदालत ने खारिज कर दी है। अदालत ने 25 जुलाई को दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के पश्चात अदालत ने याचिका पर आदेश सुरक्षित रख लिया था। अदालत अपना सुरक्षित आदेश सुनाई है। प्रेम प्रकाश की ओर से मामले में अपने आप को निर्दोष बताते हुए 19 जुलाई को आरोप मुक्त याचिका दाखिल की गई थी। मामले में जल्द ही आरोप गठन पर सुनवाई होगी। वर्तमान में वह अलग-अलग तीन मामलों में जेल में है।

### आदिवासी समाज की परंपरायें संस्कृति विरासत का अभिन्न अंग : डॉ लंबोदर महतो

**रांची।** आजसू विधायक डॉ लंबोदर महतो ने विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर समस्त आदिवासी समाज के लोगों को बधाई व शुभकामनाएं दी है। उन्होंने कहा कि आदिवासी समाज की परंपरायें व रीति रिवाज हमारी संस्कृति विरासत का अभिन्न अंग है। यह दिन हमें आदिवासी समाज की समृद्ध विरासत, विविध संस्कृतियों एवं उनके अमूल्य योगदान को सहेजने का अवसर प्रदान करता है। आदिवासी समाज हर क्षेत्र में अपनी क्षमता व योग्यता के बल पर आगे बढ़ रहा है। साथ ही, प्रकृति के करीब रहकर जल, जंगल व जमीन को बचाने में भी जुटा हुआ है। उन्होंने कहा कि हम सबों को आदिवासी समाज की जरूरत व अपेक्षाओं को ध्यान रखना चाहिये। विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर लोगों को भी आदिवासी समाज की परंपरा एवं संस्कृतियों को समझने का अवसर मिलता है। आदिवासी समाज अनादि काल से ही अपनी संस्कृति परंपराओं व रीति रिवाज को संवर्धित व संरक्षित करने के लिए जाना जाता है।

### आरोपी बिनोद सिंह व राजकुमार पाहन ने सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर भरा बांड

**रांची।** बड़गाई अंचल की 8.86 एकड़ जमीन फजीर्वाड़े में चार्जशीटेड मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के करीबी आर्किटेक बिनोद कुमार सिंह एवं जमीन के मूल रैयत राजकुमार पाहन ने गुरुवार को पीएमएलए के विशेष न्यायाधीश राजीव रंजन की अदालत में हाजिर हुये। दोनों अपने अधिवक्ता के माध्यम से सुप्रीम कोर्ट के आदेश का हवाला देते हुये अदालत में हाजिर हुये थे। साथ ही, दोनों की ओर से मामले में निर्धारित प्रत्येक तारीख को व्यक्तिगत रूप से अदालत में हाजिर रहने का बांड भरा। जिसे अदालत ने स्वीकार किया। अब दोनों को मामले में निर्धारित प्रत्येक तारीख को अनिवार्य रूप से व्यक्तिगत रूप से कोर्ट में मौजूद रहना होगा। मालूम हो कि जहां राजकुमार पाहन की अग्रिम जमानत याचिका खारिज थी। वहीं, बिनोद कुमार सिंह ने अग्रिम जमानत याचिका पिछले दिनों वापस ले ली थी। मामले में अब जल्द ही आरोपियों को पुलिस पेपर सौंपा जायेगा। बड़गाई अंचल जमीन फर्जीवाड़े में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, उप-राजस्व निरीक्षक भानु प्रताप प्रसाद, झामुमो नेता अंतु तिर्की समेत 11 को खिलाफ चार्जशीट ईडी ने दाखिल कर चुकी है।

### विधायक भूषण बाड़ा मामले में आदेश सुरक्षित

**रांची।** सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा पर महिला के साथ दुर्व्यवहार करने और जान से मारने की धमकी देने से संबंधित मामले में अतिरिक्त आपराधिक धाराओं को जोड़ने के आवेदन पर एमपी-एमएलए के विशेष न्यायिक दंडाधिकारी सार्थक शर्मा की अदालत सुनवाई हुई। मामले में दोनों पक्षों की बहस पूरी होने के बाद अदालत ने आदेश सुरक्षित रख लिया है। अभियोजन पक्ष की ओर से एपीपी सिद्धार्थ सिंह ने बहस की है। अदालत अपना आदेश 16 अगस्त को सुनायेगी। इस मामले में शिकायतकर्ता ने कुछ अतिरिक्त आपराधिक धारा;धारा 354द्ध को जोड़ने के लिए कोर्ट में आवेदन दिया है। उसी आवेदन पर सुनवाई हुई। शिकायतकर्ता ने वर्ष 2018 में विधायक भूषण बाड़ा समेत 5 के खिलाफ सिमडेगा कोर्ट में शिकायतवाद दायर किया था। इसमें विधायक भूषण बाड़ा पर महिला से दुर्व्यवहार करने और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया गया था। भूषण बाड़ा के विधायक बनने के बाद यह मुकदमा रांची के एमपी-एमएलए की विशेष अदालत में स्थांतरित किया गया।

### टीवीएनएल के लेखा निदेशक सौरभ झा को किया कार्यमुक्त, पदस्थापन तक ललपनिया स्थानांतरित

**रांची।** वित्तिय अनियमितता के आरोप में टीवीएनएल के लेखा निदेशक सौरभ झा को हटा दिया गया है। इस मामले में निगम मुख्यालय ने आदेश जारी कर दिया है। जारी आदेश में कहा गया है कि गठित जांच समिति से मिले रिपोर्ट के आधार पर सौरभ झा को तत्काल प्रभाव से लेखा-निदेशक रांची के पद से कार्यमुक्त किया जाता है। सौरभ झा को अगले आदेश तक पदस्थापन की प्रतिक्षा में रखते हुए टीटीपीएस ललपनिया में तत्काल प्रभाव से स्थानांतरित किया जाता है। सौरभ झा पदस्थापन की प्रतीक्षा अवधि में विद्युत अधीक्षण अभियंता, मानव संसाधन विभाग, टीटीपीएस, ललपनिया में नौ अगस्त के अंदर रिपोर्ट करेंगे। अन्यथा स्वतः विरमित समझे जायेंगे। बता दें सौरभ झा ने 26 जून 2024 को निगम के 100 करोड़ के एफडी के लिए 10 पैनल बैंकों को उच्च ब्याज दर के लिए पत्र भेजा। सभी बैंकों से ऑफर मिलने के बाद भी उन्होंने अपने जूनियर अफसरों को मजबूर कर सिर्फ आठ बैंकों का ही ऑफर खोला। बिना सोचे समझे नियम के खिलाफ अन्य बैंकों से मिलकर कम ब्याज दर पर एफडी के रूप में जमा कर दिया। उन्होंने सक्षम प्राधिकार से बिना अनुमोदन के एचडीएफसी और इंडसइंड बैंक में 50-50 करोड़ जमा कर दिये। इससे निगम को 50 लाख की ब्याज राशि के नुकसान का आकलन किया गया है। इस अनियमितता के कारण लेखा निदेशक सौरभ झा से दो दिनों के अंदर स्पष्टीकरण मांगा गया है। कहा गया है कि अगर तय समय में स्पष्टीकरण नहीं मिला तो आगे नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

### कमलेश की हिरासत अवधि 21 अगस्त तक बढ़ी

**रांची।** जमीन घोटाले में गिरफ्तार जमीन माफिया कमलेश कुमार सिंह उर्फ कमलेश शर्मा की न्यायिक हिरासत अवधि पीएमएलए कोर्ट ने 21 अगस्त तक बढ़ा दी है। उसकी अगली पेशी जेल से ही 21 अगस्त को अदालत में होगी। ईडी ने जमीन घोटाले में 26 जुलाई को रात करीब 8 बजे गिरफ्तार किया था। 27 जुलाई को अदालत में पेश किया गया। जहां से उसे बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा होटवार भेज दिया गया। अदालत की अनुमति पर ईडी ने उसे 31 जुलाई को जेल से अपने साथ ले गई है। ईडी लगातार पूछताछ कर रही है। पूछताछ की अवधि शुक्रवार को पूरी हो रही है। ईडी 9 अगस्त को अदालत में उसे पेश करेगी। बता दें कि ईडी टीम ने कमलेश के एस्ट्रो ग्रीन्स अपार्टमेंट स्थित फ्लैट में छापेमारी की थी। छापेमारी के दौरान कमलेश के फ्लैट से एक करोड़ नगदी और 100 जिंदा कारतूस मिले थे।

नगर संस्करण । पेज : 12 | रांची, शुक्रवार 09.08.2024 | सावन, शुक्ल पक्ष, पंचमी, संवत् 2081 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 12 । अंक : 31

khabarmantra.net

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित

सबकी बात सबके साथ

सुप्रभात

विश्व आदिवासी दिवस

### निर्मल दा के 37वें बलिदान दिसव पर उलियान में सीएम हेमंत ने किया वादा

# चुनाव जीतने पर हर परिवार को एक-एक लाख रुपये देंगे

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** अमर वीर शहीद निर्मल महतो के 37 वें बलिदान दिवस पर उलियान में उनके समाधि स्थल स्थापित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए सीएम हेमंत सोरेन ने बड़ा एलान किया। उन्होंने कहा है कि अगर चुनाव जीते तो झारखंड में हर परिवार को सरकार एक-एक लाख रुपये देगी। मंच से लोगों को संबोधित करते हुए श्री सोरेन ने कहा, इसे लेकर फॉमूर्ला तैयार कर लिया गया है। उन्होंने 2024 में विधानसभा चुनाव जीतने पर सभी परिवार को एक लाख रुपए देने का वादा किया है।



**भाजपा पर हमला :** उलियान, जमशेदपुर स्थित निर्मल दा के समाधि स्थल पर माल्यार्पण कर दी श्रद्धांजलि के बाद सीएम ने कहा, आंदोलनकारी शहीद निर्मल दा को झारखंड कभी नहीं भुला सकता है। मंच से हेमंत सोरेन ने ऐलान किया कि आगामी विधानसभा चुनाव में जीत के बाद उनकी सरकार बनेगी तो राज्य के हर परिवार को उनकी सरकार एक लाख रुपये देगी। वहीं, भाजपा पर सीधा निशाना साधते हुए कहा कि अभी अगर चुनाव हो जाये तो भाजपा पूरी तरह से साफ हो जायेगी। जनता अब इन्हें सबक सिखाने को तैयार है।

**हर तबके का विकास ही लक्ष्य :** सीएम ने कहा हर तबके का विकास ही उनका लक्ष्य है। महिलाएं,मंइयां सम्मान योजना से जुड़कर प्रगति का एक रास्ता बनायें। बच्चों के बेहतर शिक्षा से ही राज्य का भविष्य बेहतर होगा। **(पेज दस भी देखें)**

# हॉकी ने दिलाया भारत को चौथा पदक

### लगातार दूसरी बार ओलंपिक में जीता कांस्य, स्पेन को 2-1 से चटाई धूल

**एजेंसी**



**नयी दिल्ली।** भारतीय हॉकी टीम ने पेरिस ओलंपिक 2024 में स्पेन को हराकर लगातार दूसरी बार ओलंपिक में ब्रॉन्ज मेडल अपने नाम कर लिया। इसके साथ ही पदक तालिका में भारत के चार पदक हो गये हैं। तोक्यो की कहानी को पेरिस ओलंपिक में दोहराते हुए भारतीय कप्तान हरमनप्रीत सिंह के दो गोल की मदद से स्पेन को 2 . 1 से हराकर देश के लिये और अपने सुनहरे कैरियर पर विराम लगाने वाले पी आर श्रीजेश के लिये कांस्य पदक जीता । जीत के बाद श्रीजेश को कंधे पर बिठाकर मैदान का चक्कर लगाने वाले कप्तान हरमनप्रीत सिंह के साथ टीवी के सामने नजरें गड़ाये बैठे करोड़ों भारतीयों की भी आंखें नम हो गयीं। ओलंपिक पदक के साथ विदा लेने वाले श्रीजेश जीत के बाद गोलपोस्ट के ऊपर जाकर बैठे तो अपने जज्बात पर काबू नहीं रख सके। भारत के गोलकीपर श्रीजेश की हर तरफ तारीफ हो रही है।

**श्रीजेश ने ली विदाई :** इस जीत के साथ ही भारत के लिये 336 मैच खेलने वाले महान गोलकीपर श्रीजेश ने भी अंतरराष्ट्रीय हॉकी को अलविदा कह दिया । भारतीय टीम के लिये हरमनप्रीत सिंह ने (30वें, 33वें मिनट) जबकि स्पेन के लिये मार्क मिरालेस (18वां मिनट) ने गोल दागे । आठ बार की चैंपियन भारतीय पुरूष हॉकी टीम का यह 13वां ओलंपिक पदक है और पचास साल बाद लगातार दो ओलंपिक में पदक जीते हैं । इससे पहले 1968 में मैक्सिको और 1972 में म्युनिख ओलंपिक में भारत ने कांस्य जीता था।

## दुमका में दिनदहाड़े बैंक से 20 लाख की लूट

**दुमका।** हंसडीहा थाना क्षेत्र के मुख्य बाजार स्थित इंडियन बैंक की शाखा से गुरुवार को दिनदहाड़े अपराधियों ने करीब 20 लाख रुपये लूट लिये। बैंक का यह ब्रांच झारखंड- बिहार सीमा पर सरैयाहाट प्रखंड क्षेत्र में है।

## पूर्व सीएम बुद्धदेव भट्टाचार्य नहीं रहे

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के पूर्व सीएम और वरिष्ठ माकपा नेता बुद्धदेव भट्टाचार्य (80)का गुरुवार सुबह लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया। वह वर्ष 2000 से 2011 तक लगातार 11 साल तक मुख्यमंत्री रहे थे। उनके निधन पर राष्ट्रपति, पीएम, बांगाल की सीएम ममता बनर्जी, झारखंड के सीएम हेमंत सोरेन समेत तमाम नेताओं ने शोक जताया है।

### चाईबासा धमाके में घायल जवान रांची एयरलिफ्ट, अस्पताल में मिले डीजीपी, कहा

# 10 % बचे हैं नक्सली, जल्द ही होगा सफाया

**रांची (खबर मन्त्र ब्यूरो)।** सारंडा में नक्सलियों द्वारा किये गये आइइडी ब्लास्ट घायल जवान को एयरलिफ्ट कर गुरुवार को रांची लाया गया। राज अस्पताल में जवान का इलाज चल रहा है। डीजीपी अनुराग गुप्ता ने घायल जवान से मिलकर उनका हाल जाना और डॉक्टर को बेहतर इलाज करने का निर्देश दिया। डीजीपी ने दावा किया कि अब झारखंड में मात्र 10 प्रतिशत ही नक्सली बचे हैं। उनका भी सफाया शीघ्र हो जायेगा। डीजीपी ने कहा कि झारखंड के सारंडा और कोल्हान में भारी नुकसान के बावजूद नक्सली आइइडी के जरिये जवानों को टारगेट कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि 13 को नक्सलियों के खिलाफ विशेष रणनीति बनाने के लिए बैठक बुलायी गयी है। घायल जवान को देखने रांची जोनल आईजी अखिलेश झा भी अस्पताल पहुंचे। उनका हाल चाल जाना और हौसला बढ़ाया।

## आदिवासी महोत्सव में लेजर शो होगा खास

**रांची।** बिरसा मुंडा स्मृति उद्यान में नौ अगस्त से आयोजित होने वाले दो दिवसीय झारखंड आदिवासी महोत्सव की तैयारियां अंतिम चरण में हैं। इस बार महोत्सव झारखंड के लोगों के लिए ही नहीं, पूरे देश के लिए अनोखा रहेगा। आतिशबाजी और लेजर शो का आयोजन किया जा रहा है, जो दर्शकों को मंत्र मुग्ध कर देगा। महोत्सव में एक से एक आकर्षक कार्यक्रमों का सम्मिश्रण रहेगा। विभिन्न राज्यों से आए लोक कलाकारों द्वारा एक से बढ़ कर एक प्रस्तुति देखने को मिलेगी। महोत्सव में विभिन्न प्रदेशों से आने वाले कलाकारों, लोक-कलाकार और चित्रकार अपने प्रदेशों से किस तरह की तैयारी करके झारखंड पहुंच रहे हैं। उनकी पूरी तैयारी और झारखंड पहुंचने तक पूरी यात्रा को वीडियो के माध्यम से दिखाया जायेगा।



## स्पीड न्यूज

### सामाजिक कार्यकर्ता ने बांटे फुटबॉल



**सतबरवा पलामू।** बोहिता गांव के हदहदवा टोला में खिलाड़ियों के बीच फुटबॉल का वितरण सामाजिक कार्यकर्ता आशीष सिन्हा ने किया। कहा कि खेल से शारीरिक और मानसिक विकास होता है। पढ़ाई के साथ साथ खेल भी जरूरी है। मौके पर महेश यादव, मुधीर साहु, मनोज सिंह, धर्मेंद्र सिंह, उपेन्द्र सिंह, प्रमोद सिंह मौजूद थे।

### संविधान बदलने की हो रही साजिश



**पाटन पलामू।** झारखंड दलित कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष केदार पासवान के निर्देश पर छतरपुर पाटन विधानसभा में संविधान रक्षक कार्यकर्ता को बनाया जा रहा है, जो संविधान की रक्षा करेंगे। देश में भाजपा सरकार ने संविधान बदलने की बात करती है उससे लड़ाई लड़कर अपने भारत के संविधान की रक्षा करेंगे। मौके पर दलित कांग्रेस जिला अध्यक्ष अशोक पासवान, मजदूर कांग्रेस अध्यक्ष अनिल सिंह, राकेश दुबे, लव सिंह, मेघु सिंह थे।

### भजनिया स्कूल परिसर से चापाकल गायब



**मोहम्मदगंज।** उत्क्रमित मध्य विद्यालय भजनिया में बुधवार की रात चोरों ने विद्यालय परिसर से चापाकल उखाड़ लिया। स्कूल खुलने पर चापाकल गायब मिला। प्राचार्य राकेश पांडेय ने बताया कि घटना के तुरंत बाद उन्होंने मोहम्मदगंज पुलिस को सूचना दी। उन्होंने विद्यालय की सुरक्षा पर चिंता व्यक्त की है।

### फाइलेरिया उन्मूलन को लेकर बैठक



**हरिहरगंज पलामू।** प्रखंड सभागार में गुरुवार को फाइलेरिया उन्मूलन अभियान को लेकर लोगों को जागरूक बनाने के उद्देश्य से बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता बीडीओ अरविंद बेदिया ने किया। प्रखंड को-ऑर्डिनेटर प्रणव कुमार ने बताया कि 10 से 25 अगस्त तक उम्र तथा ऊंचाई के अनुसार घर-घर जाकर प्रत्येक व्यक्ति को फाइलेरिया की दवा खिलानी है। बैठक में प्रभारी एमओ ब्रजेश कुमार, पीरामल फाउंडेशन के अनिल कुमार, सभी मुखिया, पंसस तथा डीलर उपस्थित थे।

### नागपंचमी को लेकर निकली जलयात्रा



**मोहम्मदगंज।** मोहम्मदगंज जपला मुख्य पथ स्थित नागबाबा मंदिर में नागपंचमी का पवित्र पर्व पूरे श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाने के लिए गुरुवार को गाजे बाजे के साथ जलयात्रा निकली। जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने कलश लेकर मोहम्मदगंज कादल कुर्मी मुख्य पथ से भजनिया देवी मंदिर, शिव मंदिर होते हुए काशी स्त्रोत कोयल नदी के संगम तट पहुंचे। जहां पंडित ध्रुव पांडेय ने पूरे वैदिक मंत्रोच्चार के साथ कलश में पवित्र जल भरवाये। जलयात्रा में मुख्य यजमान मिंटू शर्मा सपत्नीक, रीना देवी, किरण देवी भी थे।

### विजय शर्मा फिर बने भाजपा मंडल अध्यक्ष



**सतबरवा।** विजय शर्मा को दूसरी बार भाजपा सतबरवा मंडल अध्यक्ष बनाने पर कार्यकर्ताओं ने गुरुवार को मिठाई खिलाकर बधाई दी है। विधायक प्रतिनिधि राणा प्रताप कुशवाहा ने कहा कि विजय के पांच वर्ष पहले के कार्य को देख पार्टी ने पुनः सतबरवा मंडल की जिम्मेदारी सौंपी है। मौके पर महेश यादव, अजय उरांव, ज्योति सिंह उर्फ पप्पू सिंह, किशुन साव मौजूद थे।

### जल्द लगेगी डिजिटल एक्स-रे मशीन

**हरिहरगंज पलामू।** स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में जल्द ही मरीजों को डिजिटल एक्स-रे मशीन का लाभ मिलेगा। बीडीओ अरविंद बेदिया ने बताया कि आमसभा में डिजिटल एक्स-रे मशीन उपलब्ध कराने की मांग संबंधित पारित प्रस्ताव की छायाप्रति उपायुक्त पलामू को भेजी गयी है। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डा गोपाल प्रसाद ने बताया कि डिजिटल एक्स-रे मशीन उपलब्ध हो जाने पर मरीजों को एक्स रे कराने के लिए अन्यत्र नहीं जाना पड़ेगा।

### संजय सिंह दोबारा बने मंडल अध्यक्ष



**पाटन पलामू।** भाजपा ने संजय सिंह को दोबारा भाजपा पाटन मंडल अध्यक्ष बनाया है। कार्यकर्ताओं ने उनके आवास पर जाकर बुके और गुलाब के फूल देकर बधाई दी। बधाई देनेवालों में जितेन्द्र सोनी, पशुपति शर्मा, अर्जुन तिवारी, प्रदीप चंद्रवंशी, श्रवण मिश्रा, सुजाता सिंह, नवेन्दु मिश्र, पिंकी विश्वकर्मा, रंजीत सिंह शामिल हैं।

### जलजमाव में रह रहे पाठक बिगहा के लोग



**हरिहरगंज पलामू (राजेश प्रसाद)।** हरिहरगंज नगर पंचायत के वार्ड 9 पाठक बिगहा के लोग जलजमाव की समस्या से जूझ रहे हैं। गली-मुहल्ले, सड़कों पर पानी जमा रहने से प्रभावित मुहल्ले के लोगों को घरों से बाहर निकलने में भी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सुरेंद्र चंद्रवंशी, रिंकू चौधरी, ओमप्रकाश गुप्ता, मुरारी गुप्ता, गौतम गुप्ता,जवाहर चौधरी, राजकुमार पासवान, विजय चंद्रवंशी, लक्ष्मण पासवान, रतन यादव, प्रभु गुप्ता आदि मुहल्ले वासियों ने बताया कि नाली के पानी का निकासी बंद है।

### मनातू पुलिस ने उग्रवाद प्रभावित बच्चों के लिए खोला नि:शुल्क कोचिंग सेंटर



**मेदिनीनगर।** पलामू जिले के अति उग्रवाद प्रभावित क्षेत्र के बच्चों का भविष्य संवारने के लिए मनातू पुलिस ने अनूठी पहल की है। सामुदायिक पुलिसिंग के तहत मनातू थाना प्रभारी निर्मल उरांव ने नि:शुल्क कोचिंग सेंटर की शुरुआत की है। इस सेंटर में बच्चों को प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी के लिए शिक्षा दी जा रही है। उत्पाद सिपाही, झारखंड पुलिस, झारखंड सचिवालय, एसएससी समेत विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कैसे की जाये इस पर विशेष शिक्षा दी जा रही है। कोचिंग प्रत्येक सप्ताह के गुरुवार व रविवार को सुबह आठ से दस बजे तक संचालित किया जायेगा।

# भ्रष्टाचारमुक्त होगा पलामू का पांकी विधानसभा क्षेत्र: डॉ शशिभूषण मेहता

■ पांकी विधायक ने मौर्या फॉर्म हाउस में किया सिलाई मशीन का वितरण

खबर मन्त्र संवाददाता

**नीलांबर पीतांबरपुर पलामू।** पांकी विधानसभा क्षेत्र के नीलांबर पीतांबरपुर स्थित मौर्या फार्म हाउस में गुरुवार को भी महिला स्वयं सहायता समूह के बीच सिलाई मशीन वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मौके पर मुख्य अतिथि भाजपा के प्रदेश मंत्री अजय प्रसाद गुप्ता मौजूद थे। जेएसएलपीएस से जुड़ी हुई पांकी प्रखंड के 25 पंचायतों की महिला स्वयं सहायता समूह की बहनों के बीच सिलाई मशीन वितरण का किया गया।



**खास बातें :** पांकी विधायक कुशवाहा डॉ शशिभूषण ने कहा कि पांकी विस क्षेत्र को भ्रष्टाचारमुक्त बनाना हमारी प्राथमिकता है। कहा कि विधायक बनने के बाद से आज तक इस संदर्भ में प्रयास जारी है। बहुत हद तक सफलता भी मिली है। कहा कि आनेवाले पांच वर्षों में पांकी विस क्षेत्र पूरी तरह भ्रष्टाचारमुक्त होगा। विधानसभा क्षेत्र के किसी भी प्रखंड, अंचल व सरकारी कार्यालयों में काम के बदले क्षेत्र की जनता को सुविधा शुल्क नहीं देना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि आये दिन इस प्रकार की शिकायत मिलती रही है लेकिन झारखंड सरकार ही भ्रष्टाचार की गंगोत्री में गोता लगा रही है तो सरकार के अधिनस्थ कार्य करनेवाले मुलाजिम भ्रष्टाचार से वंचित कैसे रह सकते हैं। यह जनता को तय करना है कि राज्य में कैसी सरकार चाहिए। विधायक ने कहा कि पूर्व में विधायक कोटे की राशि क्या होती है यह जनता को पता तक नहीं चलता था लेकिन विधायक कोटे की राशि क्या होती है वर्तमान में पांकी विस क्षेत्र की जनता देख रही है व जान भी रही है।

# स्वास्थ्य विभाग ने ठाना है पलामू को फाइलेरिया मुक्त बनाना है : सिविल सर्जन डॉ अनिल कुमार

गजेंद्र कुमार

**मेदिनीनगर।** स्वास्थ्य विभाग की महत्वाकांक्षी योजना में फाइलेरिया उन्मूलन योजना भी एक महत्वपूर्ण है जो पलामू में दस अगस्त से 25 अगस्त तक चलाया जायेगा। इस संबंध में सिविल सर्जन डा अनिल कुमार ने प्रेस वार्ता में बताया कि पलामू जिला में 19 लाख लोगों को फलेरिया की दवा खिलाना है। इसकी सफलता के लिए जिले में 2225 बूथ बनाया गया है जिसमें 4500 वर्कर को लगाया जायेगा। उन्होंने कहा कि इसकी शुरुआत दस अगस्त को मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज सदर अस्पताल से की जायेगी।

पहले चरण में बूथ स्तर पर दवा खिलाया जायेगा। उसके बाद आंगनबाड़ी सेविका व स्वास्थ्य साहिया के सहयोग से घर घर जाकर लोगों को दवा खिलाने का काम किया जायेगा। उन्होंने कहा कि जिले के सभी स्वास्थ्य केंद्र, आंगनबाड़ी केंद्र के अलावे और कई महत्वपूर्ण स्थानों पर बूथ बनाया गया है। सिविल सर्जन ने कहा कि आईभीइआरएमइसीटीएन की दवा पांच वर्ष से अधिक उम्रवाले लोगों को देना है। जबकि डीइसी की दवा दो वर्ष से उपर के बच्चों को देना है। इसके साथ ही एलबेंडाजोल की दवा एक से दो वर्ष के बच्चों को आधा गोली खिलाना है। पलामू जिला में नये सर्वे के अनुसार 1300 फलेरिया रोगी पाये गये हैं। बहुत ऐसे रोगी हैं जिनका पांव काफी फुला होता है जिसे हाथी पांव कहा जाता है। वैसे लोगों को भी चिंहित कर दवा खिलाना है ताकि रोकथाम हो सके। उन्होंने जिलेवासियों से अपील करते हुए कहा कि सरकार की इस महत्वाकांक्षी कार्य को सफल बनाने में अपना सहयोग दें और दवा को निश्चित रूप से निर्भिक होकर लोग खायें इससे फलेरिया संक्रमण को रोका जा सकता है।



डॉ अनिल कुमार, सिविल सर्जन।

### स्वतंत्रता दिवस मनाने को लेकर हुसैनाबाद एसडीओ और एसडीपीओ ने की बैठक

# सभी महापुरुषों की प्रतिमा के आसपास से हटेगा दुकान-ठेला

खबर मन्त्र संवाददाता

**हुसैनाबाद पलामू।** अनुमंडल कार्यालय के सभागार में गुरुवार को स्वतंत्रता दिवस धुमधाम से मनाने को लेकर एक आवश्यक बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता अनुमंडल पदाधिकारी सह आईएएस पीयूष सिन्हा एवं संचालन भुमि उप समाहर्ता गौरांग महतो ने किया।

बैठक में एसडीपीओ मुकेश कुमार महतो, हुसैनाबाद थाना प्रभारी संजय कुमार यादव, हुसैनाबाद बीडीओ रौशन कुमार, हुसैनाबाद सीओ पंकज कुमार, वरिष्ठ अधिवक्ता चंद्रेशवर प्रसाद, एजाज हुसैन उर्फ छेदी खां सहित शहर के कई गणमान्य लोग उपस्थित हुए। बैठक में क्षेत्र के विभिन्न कार्यालय व चौक चौराहों पर झंडोत्तोलन को लेकर चर्चा हुई। एसडीओ ने सीओ पंकज कुमार और नगर प्रबंधक राकेश सिंह को शहर में लगी महापुरुषों के प्रतिमा स्थल से अतिक्रमण हटवाने का निर्देश दिया एवं झंडोत्तोलन को लेकर समय तय की गयी। हुसैनाबाद के जननायक कर्पूरी ठाकुर सुबह 7, अनुमंडलीय गोपनीय शाखा 07:10, एसडीपीओ गोपनीय 07:15, वीर कुंवर सिंह 07:20, अनुमंडल कार्यालय हुसैनाबाद 07:25, एसडीपीओ कार्यालय 07:30, अधिवक्ता संघ हुसैनाबाद 07:35, नवोदय विद्यालय टू 07:40, मुन्नी सिंह चौक 07:45, निबंधन कार्यालय 07:55, प्रखंड कार्यालय हुसैनाबाद 08:10, व्यापार मंडल 08:20, हरिहर चौक 08:30 क्षेत्र शिक्षा पदाधिकारी कार्यालय 08:40 झंडोत्तोलन किया जायेगा।



बैठक में उपस्थित एसडीओ एसडीपीओ व अन्य।

# ऑक्सफोर्ड स्कूल की प्रार्थना सभा में भारत छोड़ो आंदोलन का स्मृति मंचन

खबर मन्त्र संवाददाता

**मेदिनीनगर।** ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल की प्रार्थना सभा में विद्यालयीन छात्रों द्वारा आठ अगस्त 1942 की स्मृति दिवस पर लघु नाट्य का मंचन किया गया। देश भक्ति व जनहित में ली गई ऐतिहासिक निर्णय से ही स्वतंत्रता की धुरी आश्रित थी। इस निर्णायक फैसलों के आधार पर ही अखंड भारत का सपना साकार हुआ था। राजगुरु, सुखदेव एवं भगत सिंह जैसे वीर सपूतों की स्मृति पर आधारित मंचन द्वारा छात्रों में देश भक्ति व उमंग के भाव से भर आए। इस मंचन को देखकर विद्यालय के प्राचार्य डॉ. ए. के. सिंह ने बताया कि देश भक्ति की भावना जन्मजात पैतृक होती है। वीर सपूतों की रगों में दौड़ता हुआ खून लावा बनकर आज भी देश वासियों को देश की अस्मिता को बचाए रखने के लिए सदैव बाध्य करती रहेगी।



नाटक का मंचन करते कलाकार।

### क्रिकेट में 11वीं को 12वीं की टीम ने हराया

**मेदिनीनगर।** विद्यालयीन स्पोर्ट्स का सतत आयोजन ऑक्सफोर्ड में किया जा रहा है। खेल के अंतिम दिन कक्षा ग्यारहवीं व बारहवीं क्रिकेट व कक्षा नवीं छात्राओं के मध्य फाइनल कबड्डी खेलों में विद्यार्थियों ने बेहतर प्रदर्शन किया। क्रिकेट में कक्षा 11वीं का कक्षा 12वीं से हुए मैच में बारहवीं टीम विजित रही। ग्यारहवीं व बारहवीं के इस रोमांचक मैच में बारहवी द्वारा अविश्वसनीय प्रदर्शन कर 105 रनों का लक्ष्य मात्र छह ओवर में दिया गया। ग्यारहवीं के छात्रों द्वारा पीछा करते हुए मुश्किल लक्ष्य तक पहुँचने की पुरजोर कोशिश की किन्तु 19 रन से पराजित हुई। कबड्डी में कक्षा नवीं अ का कक्षा ब से हुए मैच में नौवीं ब टीम विजित रही। नवीं अ व ब कक्षा की छात्रों के मध्य हुई इस मैच में आरंभ से ही ब कक्षा के छात्रों ने अपनी पकड़ बनाये रखी।

# राजकीयकृत स्तरोन्नत उच्च विद्यालय सतबहिनी में किया गया पौधरोपण

खबर मन्त्र संवाददाता



**उंटारी रोड पलामू।** बीआरसी अंतर्गत राजकीय कृत स्तरोन्नत उच्च विद्यालय सतबहिनी में गुरुवार को कई प्रजाति के औषधीय, फलदार व छायादार पौधे के साथ किचन गार्डेन के तहत कई प्रकार के सब्जी व परिसर सौंदर्य में विभिन्न प्रकार के फूल पौधे लगाये गये। पौधरोपण प्रभारी प्रधानाध्यापिका सरिता कुमारी व सहायक शिक्षक राजेश कुमार शर्मा सहित सभी शिक्षकों ने संयुक्त रूप से किया। शिक्षक श्री शर्मा ने कहा की विद्यालय की सुंदरता व आकर्षक को लेकर पौधरोपण किया गया उन्होंने कहा कि पर्यावरण को सुरक्षित रखने के लिए पौधरोपण जरूरी है। पौधरोपण में विद्यालय के सभी शिक्षक के साथ बाल सांसद के सदस्य उपस्थित थे।

# रामवि दंगवार में थाना प्रभारी ने बच्चियों को दिये सुरक्षा और अंधविश्वास पर टिप्स

■ महिला थाना प्रभारी ने महिलाओं के सशक्तिकरण पर की जागरूकता

खबर मन्त्र संवाददाता

**हुसैनाबाद पलामू।** प्रखंड थाना क्षेत्र के राज्यकृत माध्यमिक विद्यालय दंगवार में गुरुवार को हुसैनाबाद महिला थाना प्रभारी पार्वती कुमारी ने विद्यालय में जाकर बच्चियों के बीच उनके सुरक्षा और सामाजिक कृतियों, अंधविश्वास, सेल्फ डिफेंस, दहेज कुप्रथा को समाप्त करने समेत महिला सशक्तिकरण जागरूकता अभियान चलायी। उन्होंने स्कूल की बच्चीयों को संबोधित करते हुए कहा कि आज के समय मे लड़की व महिलाओं का हर क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान है। लेकिन आज भी ग्रामीण क्षेत्रों के अभिभाक अपने बच्चियों पर कई तरह के सामाजिक प्रतिबन्ध लगाते हैं यह गलत हैं। आप लोग पढ़ी लिख कर समाज में फैली डायन बिसाही, बाल विवाह, महिला उत्पीड़न से निपटने और मोबाईल से हो रहे दिमागी ह्रास व फायदा पर विधिवत जानकारी दी। आगे उन्होंने कहा रास्ते में आते जाते अगर आपके साथ छेड़खानी होती हैं आप घबराए नहीं बल्कि हिम्मत और बुद्धि का प्रयोग करें।



### मंईयां सम्मान योजना का कैंप आयोजित



**पाटन पलामू।** ग्राम पंचायत सगुना पंचायत सचिवालय में मंईयां सम्मान योजना का कैंप लगा। जिसमें नवादा की महिलाओं का फार्म जमा लिया गया। क्रमांक 1 से 25 नंबर तक की इंट्री करवाने का प्रयास किया गया। इसके लिए महिलाओं में काफी उत्साह दिखा। मौके पर सुरेंद्र सिंह, पंचायत सेवक अहमद हुसैन अंसारी, सेविका ममता कुमारी, सेविका अंशु कुमारी, अंजन कुमार, सुहैल अंसारी, राजा बाबू भी थे।

### देसी कट्टा व कारतूस के साथ युवक गिरफ्तार



**सतबरवा पलामू।** सतबरवा थाना पुलिस ने मलय डैम के समीप से देसी कट्टा तथा एक जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार कर गुरुवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। थाना प्रभारी अंचित कुमार ने बताया कि गिरफ्तार अपराधी थाना क्षेत्र के दुलसुलमा के अखिलेश सिंह का पुत्र विकास है जो किसी आपराधिक घटना को अंजाम देने की फिराक में था। उसके पास से देसी कट्टा तथा एक कारतूस बरामद हुआ। उसे जेल भेज दिया गया है।

### मुरमा कलां के 36 किसानों को मिला बीज



**उंटारी रोड पलामू।** प्रखंड सह अंचल कार्यालय में गुरुवार को मुरमा कला पंचायत के 21 किसानों को मक्का का बीज व 15 किसानों को बादाम का बीज वितरण बीडीओ आशा साहु, जिला पार्षद अरबिंद सिंह, प्रखंड कृषि पदाधिकारी अनुज पासवान, एटीएम अनिल मेहता ने किया। बीडीओ ने कहा कि बीज किसान अपने खेतों में डालकर कृषि कार्य प्रारंभ करें। उन्हें हरसंभव मदद किया जायेगा।

# किसानों के दो लाख तक का ऋण होगा माफ : बिट्टू पाठक

खबर मन्त्र संवाददाता



**मेदिनीनगर।** पलामू जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जैश रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक ने राज्य के कृषि मंत्री दीपिका पांडेय सिंह से मुलाकात की। मुलाकात के दौरान उन्होंने पलामू समेत राज्य के किसानों का 2 लाख रुपया तक केसीसी लोन माफ करने पर आभार जताया। कहा कि पलामू कृषि प्रधान जिला हैं। यहां पर उद्योग धंधे नहीं होने के कारण अधिकांश आबादी जीवन यापन के लिए कृषि पर निर्भर है। रैनशेडो इलाके में आने के कारण पलामू जिला में बराबर सुखाड़ के हालात बने रहे हैं। अगस्त का एक सप्ताह बीत चुका है लेकिन पलामू जिला में लक्ष्य का दस फीसदी भी धानरोपणी नहीं हुई है। बाकी खरीफ फसलों का आच्छादन भी लक्ष्य के अनुरुप नहीं हुआ है।

### दाखिल खारिज को लेकर आयोजित शिविर की तिथि निर्धारित

**मोहम्मदगंज।** उपायुक्त पलामू के आदेशानुसार अंचल अंतर्गत विभिन्न पंचायतों में शिविर लगाकर उत्तराधिकार दाखिल खारिज और म्यूटेशन होगा। यह शिविर विभिन्न पंचायत सचिवालयों में क्रमवार 10 से 18 अगस्त तक आयोजित किये जायेंगे। जिसमें पंचायत सचिवालय पंसा में 10 अगस्त, रामबांध में 12, लटपौरी में 13, सोनबरसा में 14 भजनिया में 16, मोहम्मदगंज में 17 और कादलकुर्मी में 18 अगस्त को शिविर का आयोजन होगा।

# झारखंड-बिहार के पुलिस अधिकारियों ने बैठक कर लिया समन्वय को सुदृढ़ बनाने का निर्णय

खबर मन्त्र संवाददाता



**हरिहरगंज पलामू।** आसन्न विधानसभा चुनाव में भयमुक्त तथा निष्पक्ष मतदान संपन्न कराने को लेकर हरिहरगंज थाना में गुरुवार को पलामू तथा औरंगाबाद जिला के पुलिस अधिकारियों की बैठक हुई। जिसमें दोनों राज्यों की पुलिस के बीच समन्वय सुदृढ़ करने का निर्णय लिया गया। साथ ही अवैध शराब तस्करी रोकने, नक्सल गतिविधि पर नजर रखने, फरार अपराधकर्मियो की गिरफ्तारी हेतु विशेष अभियान चलाने, हत्या, डकैती, आर्म्स एक्ट आदि संगीन जुर्म में जेल से बाहर आये अपराधियों पर निगरानी रखने तथा सघन वाहन जांच एवं एंटी क्राइम चेकिंग चलाने का निर्णय लिया गया। बैठक में हुसैनाबाद एसडीपीओ मुकेश महतो, छतरपुर एसडीपीओ नौशाद आलम, औरंगाबाद सदर एसडीपीओ संजय पांडे भी थे।

### झारखंड आंदोलन के नायक थे शहीद निर्मल महतो



**मेदिनीनगर।** आजसू पार्टी पलामू जिला ने हरिहरगंज पार्टी कार्यालय में शहीद निर्मल महतो की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी। मौके पर मुख्य अतिथि पलामू जिलाध्यक्ष दिलीप चौधरी ने कहा कि शहीद निर्मल महतो के संघर्ष एवं बलिदान के बल पर झारखंड तो मिल गया, लेकिन खुशहाल झारखंड का सपना आज भी अधूरा है। आज संकल्प लेने का दिन है कि जब तक झारखंड के लोगों के चेहरे पर मुस्कुराहट खुशियाली एवं बेहतर झारखंड निर्माण के बाद ही शहीदों का सपना सरकार हो सकता है। शहीद निर्मल महतो झारखंड आंदोलन के नायक एवं झारखंड की खुशहाली के लिए बराबर चिंतित रहते थे। राज्य में खुशहाली के लिए आजसू पार्टी लगातार संघर्ष करते रहेगा।

# बेटियां और बेटे खूब पढ़ें, तरक्की करें व पांडू का नाम रौशन करें : नीतू सिंह

■ रामवि बेलहारा के 36, रामवि महुगांवा के 47 और उमवि धानूडीह के 07 छात्र छात्राओं में बंटी साइकिल

खबर मन्त्र संवाददाता

**पांडू पलामू।** प्रखंड के राजकीय मध्य विद्यालय बेलहारा के 36, राजकीय मध्य विद्यालय महुगांवा के 47 एवं उत्क्रमित मध्य विद्यालय धानूडीह के 07 छात्र छात्राओं के बीच कल्याण विभाग द्वारा अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, एवं पिछड़ा वर्ग द्वारा प्रदत्त साइकिल का वितरण प्रखंड कार्यालय परिसर में बतौर मुख्य अतिथि प्रखंड प्रमुख नीतू सिंह के द्वारा किया गया।

मौके पर श्री नीतू ने कहा कि सरकार की इस योजना का लाभ विद्यार्थी उठाएं, खूब पढ़ें एवं तरक्की करें और पांडू का नाम रौशन करें। इस मौके पर जिप सदस्य प्रतिनिधि प्रिंस सिंह, शिक्षक प्रतिनिधि सिंटू सिंह, शिक्षा विभाग के सीआरपी महबूब अली, शिक्षक धर्मेंद्र पाल, रघुनाथ प्रजापति, अशोक कुमार पाण्डेय, प्रखंड कर्मी अमित कुमार पांडेय सहित अभिभावक एवं बच्चे उपस्थित थे।



विद्यार्थियों के बीच साइकिल का वितरण करतीं प्रखंड प्रमुख व अन्य।

# सम्मान समारोह आयोजित कर मंडल अध्यक्ष का भव्य स्वागत

■ मंडल अध्यक्ष सुशील ठाकुर दूसरी बार बने मंडल अध्यक्ष

खबर मन्त्र संवाददाता

**उंटारी रोड पलामू।** भाजपा कार्यालय में गुरुवार को सम्मान समारोह आयोजित कर भाजपा मंडल अध्यक्ष सुशील ठाकुर को दूसरी बार मंडल अध्यक्ष बनाये जाने पर स्वागत किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महामंत्री रघुवीर सिंह चंद्रवंशी व सुनील तिवारी ने किया।

मौके पर पुनः मंडल अध्यक्ष बनाये जाने पर पूर्व जिप सदस्य सह विधायक प्रतिनिधि मनोज सिंह, महामंत्री रघुवीर सिंह चंद्रवंशी, महिला मोर्चा अध्यक्ष रेखा सिंह सहित सभी मोर्चा के सदस्यो के द्वारा मंडल अध्यक्ष सुशील ठाकुर को गुलदस्ता एवं अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया।

मौके पर अमित प्रजापति, योगी सिंह, भरत ठाकुर, रामसुंदर विश्वकर्मा, अजय विश्वकर्मा, राजेंद्र विश्वकर्मा, सीमा देवी, नगीना देवी, अजीत चंद्रवंशी, जितेंद्र ठाकुर मौजूद थे।



मंडल अध्यक्ष का स्वागत करते विधायक प्रतिनिधि।

## स्पीड न्यूज

### मंईयां सम्मान योजना के लिये पंचायतों और वार्डों में 15 तक लगेगा शिविर



गुमला। झारखंड सरकार द्वारा 21 से 50 आयु वर्ग की बहनों व माताओं जिन्हें अन्य किसी पेंशन योजना का लाभ नहीं मिलता हो उन्हें झारखण्ड मुख्यमंत्री मंईया सम्मान योजना से आच्छादित करते हुए प्रति माह 1000 रुपये सम्मान राशि दिया जाना है। उक्त योजना के सुयोग्य लाभुकों से आवेदन प्राप्त करने हेतु जिला अंतर्गत सभी पंचायतो एवं नगर निगम क्षेत्र के वार्डो के विभिन्न स्थानों पर विशेष कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। उक्त सभी स्थानों में विशेष कैम्प 15 अगस्त तक प्रतिदिन लगाये जाएंगे। शाम 06 बजे तक आयोजित विशेष शिविर के माध्यम से पंचायतों एवं नगर निगम क्षेत्र से अबतक हजारों आवेदन प्राप्त किए जा चुके है। उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी के निर्देशानुसार सभी प्रखंडों के बीडीओ एवं सीओ अपने प्रखंड क्षेत्र में मौजूद रहकर व्यवस्थित तरीके से कैम्प के संचालन को लेकर सक्रिय रहे। प्रशासन का प्रयास है कि शत प्रतिशत लाभुकों को योजना के संबंध में जागरूक करते हुए विशेष कैंप के माध्यम से आवेदन प्राप्त किए जाएं। 15 तारीख के बाद भी आवेदन स्वीकार किए जाएंगे।

### जारी में हाथी ने दो घर को किया क्षतिग्रस्त



जारी। जारी प्रखंड अन्तर्गत सीसीकरमटोली पंचायत के रेंगारी गांव निवासी किसान अब्रहम खलखो और जरडा पंचायत के तिल्हौटोली निवासी हरिचरण भगत के घर को बीती रात दो जंगली हाथी ने क्षतिग्रस्त करते हुए घर मे रखे अनाज खा गये । वहीं रेंगारी निवास अब्रहम खलखो ने घटना की जानकारी देते हुए बताया कि रात्रि लगभग12 बजे जंगली हाथी जंगल से निकला और मेरा घर को क्षतिग्रस्त करने लगा। जब घर को हाथी धंसाने लगा तो खपड़ा गिरने लगा। तब मै बाहर निकला तो देखा कि जंगली हाथी घर को क्षतिग्रस्त कर रहा है तो हल्ला करने लगा। तब गांव वाले उठे और जंगली हाथी को तिल्हौटोली की ओर खदेड़ा दिया। उसी क्रम मे तिल्हौटोली निवासी हरिचरण भगत के घर को भी क्षतिग्रस्त कर दिया। घटना की जानकारी मिलने पर जरडा मुखिया बिनय एक्का पीड़ित परिवार को आश्वासन देते हुए कहा कि मै अपने स्तर से वन विभाग से जो बन पड़े सहयोग करूंगा। दोनो पीड़ित परिवार वन विभाग से मुआवजे की मांग कर रहे हैं।

### सर्वेश्वरी समूह घाघरा नें ग्रामीणों के बीच एक हजार पौधा का किया वितरण

घाघरा। सर्वेश्वरी शाखा समूह घाघरा के द्वारा ग्रामीणों के बीच गुरुवार को एक हजार पौधों का वितरण किया गया। पौधा वितरण कार्यक्रम में उपस्थित बीडीओ दिनेश कुमार द्वारा का ग्रामीणों को पौधा बांटा गया। इस क्रम में कटहल, महुगुनी सहित कई फलदार वृक्षों के पौधों का वितरण किया गया। मौके पर बीडीओ दिनेश कुमार ने कहा कि सर्वेश्वरी शाखा समूह द्वारा जो पहल पर्यावरण रक्षा को लेकर की जा रही है। यह काबिले तारीफ है। पर्यावरण की रक्षा के लिए हम सभी को कृत संकल्पित होने की जरूरत है। सभी को एक-एक पौधा जरूर लगानी चाहिए ताकि पर्यावरण का संतुलन बना रहे। वृक्ष हम सभी को जीवन देता है। मौके पर नंदलाल साहू, बलराम सोनी, बबलू साहू, मोतीलाल सही, रवि गुप्ता सहित सर्वेश्वरी शाखा समूह के कई सदस्य और कई ग्रामीण उपस्थित थे।

### 15 अगस्त को पेंशनर समाज के कार्यालय में झंडोतोलन का लिया गया निर्णय



गुमला। जिला पेंशनर समाज की बैठक समाज के जिलाध्यक्ष तेजपाल राम की अध्यक्षता में हुई। बैठक में 25 सितंबर को धनबाद में आयोजित झारखंड राज्य पेंशनर समाज के वार्षिक सम्मेलन में अधिकाधिक संख्या में उपस्थित होने का निर्णय लिया गया। बैठक में पेंशनर बोनीफास बेक के पेंशन संबंधी कार्य में आ रही व्यवधान पर चर्चा किया गया। गौरतलब है कि बेक का कार्य जिला कल्याण पदाधिकारी के कार्यालय में अवरुद्ध है। उपस्थित सदस्यों द्वारा जिला कल्याण पदाधिकारी से उक्त पेंशनधारी का कार्य त्वरित रुप से करने का आग्रह किया गया। अन्यथा पेंशनर समाज के प्रतिनिधि उनसे मिल कर निदान का निवेदन करेंगे। स्वतंत्रता दिवस के मौके पर पेंशनर समाज के कार्यालय के सम्मुख पूर्वाह्न ग्यारह बजे झंडोत्तोलन किये जाने का निर्णय लेते हुए कार्यक्रम में सभी पेंशनधारियों से सहमत उपस्थित होने की अपील की गयी। बैठक में समाज के सचिव महावीर प्रसाद मिश्र सहित सदाशिव नंद, सुरेश उरांव,मंडरा उरांव, कैरोलिना एक्का, प्रफुल्लित मिंज, बोनीफास बेक, सुरेन्द्र खड़िया, मेझरेन मिंज, श्यामनंदन महतो, प्रभाकर दास, चन्द्रनाथ प्रसाद, क्यामुद्दीन अंसारी, तारसियुस टोप्पो, शांति प्रकाश केरकेट्टा, विश्वनाथ साहु, लीलावती देवी, मीडिया प्रभारी द्वारिका मिश्र सुमन आदि उपस्थित थे।

### मंईयां सम्मान योजना में राशन कार्ड की बाध्यता खत्म करे सरकार: आनंद

गुमला। राज्य सरकार द्वारा शुरू किया गया मुख्यमंत्री मंईया सम्मान योजना में महिलाओं के लिए राशन कार्ड की बाध्यता को खत्म करने के लिए आरटीआई कार्यकर्ता आनंद किशोर पंडा ने मुख्यमंत्री को पत्र प्रेषित किया है। पत्र में उल्लेख किया है कि आपके सरकार के द्वारा एक नई योजना मुख्यमंत्री मंईया सम्मान योजना राज्य में शुरू किया गया है जो बेहद उपयोगी है। जिसके तहत 21 से 50 वर्ष के गरीब एवं आर्थिक रूप से कमजोर महिलाओं को आर्थिक सहायता राशि प्रति माह 1000 रूपया प्रदान किया जाएगा तथा इसमें महिलाओं के पास राशन कार्ड का होना अनिवार्य किया गया है। जो गुमला जिले सहित राज्य के तमाम जिलों के गरीब एवं आर्थिक रूप से कमजोर तबके का महिलाओं के समक्ष विकट समस्या उत्पन्न कर रहा है। जिनके पास राशन कार्ड नहीं है ना ही पिता या पति के नाम राशन कार्ड है या फिर जिला या प्रखंड के आपूर्ति कार्यालयों में नया राशन कार्ड बनाने या संबंधी इनके आनलाईन आवेदन को वर्षों से दबाकर रखा गया है। ऐसे महिलाएं आखिर कैसे आवेदन करें। जबकि मुख्य सचिव के द्वारा राज्य के सभी उपायुक्तों के नाम भेजे गए पत्र में उल्लेख है कि अगले दस दिनों में प्रत्येक जिले से एक-एक लाख इस योजना के आवेदन की स्वीकृति करें।

# झारखंड अलग राज्य के मूल्यों एवं शहीद निर्मल महतो के अरमानों को मंजिल तक पहुंचना हैं : पुष्पकर महतो

खबर मंत्र संवाददाता



सिसई। झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा गुमला जिला के तत्वाधान में गुरूवार को सिसई प्रखंड कार्यालय परिसर में शहीद निर्मल महतो की 37 वीं पुण्यतिथि मनायी गयी। कार्यक्रम में निर्मल महतो के अरमानों को मंजिल तक पहुंचाने एवं 24 अगस्त को रांची में सभा करने का निर्णय लिया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पद्म श्री एवं झारखंड आंदोलनकारी मधु मंसूरी हंसमुख ने गीत के माध्यम से उपस्थित लोगों से गांव छोड़ब नहीं, जंगल छोड़ब नहीं, माय पार्टी छोड़ब नहीं लड़ाई छोड़ब नहीं अपनी पहचान को बचाने का आह्वान किया। विशिष्ट अतिथि झारखंड आंदोलनकारी संघ के संस्थापक एवं प्रधान सचिव पुष्कर महतो ने कहा कि झारखंड अलग राज्य झारखंडियों के त्याग संघर्ष एवं कुर्बानियों के बाद बना है। इसमें शहीद निर्मल महतो का नाम सबसे अग्रणी है। आज हमें संकल्प लेना है झारखंड अलग राज्य के मूल्यों एवं शहीद निर्मल महतो के अरमानों को मंजिल तक पहुंचना है। सरकार से मांग की जाती है कि सरकार निर्मल महतो को शहीद का दर्जा दें एवं रांची टाटा मुख्यमार्ग को शहीद निर्मल महतो पथ के रूप में नामकरण कर सम्मानित करे। आजसू के केंद्रीय प्रवक्ता डॉ देवशरण भगत ने कहा कि झारखंड का अस्तित्व अस्मिता खतरे में है। अपने झारखंड को बचाने के लिए एक और संघर्ष व शहादत देनी पड़ी तो इसके लिए हम लोग तैयार हैं। रोजलीन तिर्की ने कहा कि निर्मल महतो के निर्मल पवित्र उद्देश्य के लिए राज्य बना है। जिस पार्टी के लिए उन्होंने शहादत दी है वही पार्टी की सरकार है। अलग राज्य एवं शहीद निर्मल महतो के शहादत के मूल्यों को स्थापित किया जाए। सरोजिनी कच्छप ने कहा कि झारखंड आंदोलनकारी अपने मां माटी एवं पहचान के मूल्य की लड़ाई लड़ रहे हैं। महमुद आलम ने कहा कि संघर्ष करने वाले आंदोलनकारी आज हाशिये में जीवन जीने को विवश है।

## झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना

# पिता या पति के राशन कार्ड होने पर भी महिला कर सकती हैं आवेदन, मतदाता पहचान पत्र अनिवार्य नहीं

खबर मंत्र संवाददाता

लोहरदगा। महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग, झारखंड, रांची के संकल्प एवं विभागीय निदेश के आलोक में झारखण्ड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के लिए 03 अगस्त 2024 से पंचायतों और नगर परिषद क्षेत्र में शिविर लगाया जा रहा है।

इस योजना का लाभ पाने के लिए अब आवेदिका के नाम का राशन कार्ड होना जरूरी नहीं है। इसके लिए आवेदिका के पिता या पति के नाम का राशन कार्ड होना ही मान्य होगा। इसके लिए अतिरिक्त अब आवेदिका का मतदाता पहचान पत्र होना जरूरी नहीं है। ग्रामीण क्षेत्रों में आंगनवाड़ी केंद्र और पंचायत भवन तथा आंगनवाड़ी केंद्र को आवेदन संग्रहण केंद्र के रूप में चिन्हित किया गया है। उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद द्वारा इस संबंध में संबंधित पदाधिकारियों को निदेश दिया गया है कि सभी आंगनवाड़ी केंद्र पर सेविका द्वारा सभी आवश्यक दस्तावेज (एक पासपोर्ट साईज फोटो, आधार कार्ड की छायाप्रति, बैंक पासबुक की छायाप्रति, राशन कार्ड की छायाप्रति एवं स्वघोषणा पत्र) आवेदन के साथ प्राप्त किया जाए। आवेदन संग्रहण केंद्र पर सरकारी कर्मी/आंगनवाड़ी सेविका/सहायिका द्वारा आवेदिकाओं से पूर्ण रूप से भरे आवेदन पत्र प्राप्त कर पावती दिया जाएगा। जिसमें प्राप्तकर्ता द्वारा अपना नाम, पदनाम तथा मोबाईल संख्या स्पष्टतः अंकित किया जाए। आंगनवाड़ी केंद्रों पर सरकारी कर्मी के रूप में महिला पर्यवेक्षिका को नामित किया गया है।

# शहीद निर्मल महतो के सपनों का झारखंड बनाना है: नीरू शांति भगत

खबर मंत्र संवाददाता



लोहरदगा। आजसू पार्टी के प्रधान कार्यालय लोहरदगा में शहीद निर्मल महतो का शहादत दिवस मनाया गया। सर्वप्रथम उनके चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए सभी लोगों ने शहीद निर्मल महतो को श्रद्धांजलि अर्पित की। पार्टी की केंद्रीय महासचिव नीरू शांति भगत ने कहा कि शहीद निर्मल महतो ने झारखंड अलग करने के लिए अपना सब कुछ न्योछावर कर दिया था लेकिन अभी भी उनके सपनों का झारखंड अधूरा है। हमें उनके सपनों को पूरा करना हैं। केंद्रीय सचिव लाल गुडडू नाथ शाहदेव ने कहा कि शहीद निर्मल महतो ने आजसू की स्थापना 22 जून 1986 को की थी। जिला संयोजक कवलजीत सिंह ने कहा कि आज हम लोग जो अलग राज्य में रह रहे हैं यह शहीद निर्मल महतो की देन है। जिला अध्यक्ष ओम भारती ने कहा कि आज के युवाओं को शहीद निर्मल महतो से प्रेरणा लेने की आवश्यकता है। अल्पसंख्यक मोर्चा के अध्यक्ष शाहिद अंसारी ने कहा कि शहीद निर्मल महतो हमारे प्रेरणा स्त्रोत है। विजय उरांव ने कहा कि जल जंगल जमीन के लिए निर्मल महतो ने अपनी शहादत दी थी। श्रद्धांजलि सभा में बबलू महतो, नगर कार्यकारी अध्यक्ष गुडुस प्रसाद, सागर वर्मा, सत्येंद्र शर्मा, रामविलास उरांव, लाल मनीष नाथ शाहदेव, पवन प्रजापति, कौशल सिंह, दिलीप साहू, राजेश शर्मा, आदित्य संजय कुजूर, शमीम अंसारी, मीर आरिफ छोटू, दीगज सिंह, विजय कुमार, अवधेश पाठक, परमेश्वर उरांव, कामेश यादव, धर्मदेव, सौरव समीर, आयुष, आकाश व कार्यकर्ता मौजूद थे।

# स्वतंत्रता दिवस का मुख्य समारोह अलबर्ट एक्का स्टेडियम में होगा

- परेड का पूर्वाभ्यास 9 से 12 अगस्त तक होगा

खबर मंत्र संवाददाता

### तैयारियों को लेकर हुई समीक्षा बैठक



गुमला। उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी व पुलिस अधीक्षक शंभू कुमार सिंह की संयुक्त अध्यक्षता में स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियों को लेकर बैठक हुई। बैठक में 15 अगस्त को 78 वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर जिले में आयोजित होने वाले मुख्य कार्यक्रम की तैयारियों पर चर्चा हुई। बैठक में बताया गया कि स्वतंत्रता दिवस का मुख्य समारोह का आयोजन अल्बर्ट एक्का स्टेडियम गुमला में होगा। जहां सम्पूर्ण जिलेवासी शामिल होंगे। बैठक में खेल पदाधिकारी को निर्देशित किया गया कि स्वतंत्रता दिवस समारोह के दिन संध्या काल में फुटबॉल अथवा क्रिकेट मैच का आयोजन करेगें। परेड का पूर्वाभ्यास 9 से 12 अगस्त तक किया जाना सुनिश्चित है तथा 13 अगस्त को 08.30 बजे अंतिम पूर्वभ्यास परमवीर अल्बर्ट एक्का स्टेडियम गुमला में होगी। 15 अगस्त को प्रातः 08.00 बजे से 11.30 बजे तक छोटी-बड़ी गाड़ियों का परिचालन बंद रखने का निर्णय लिया गया। उपायुक्त ने बताया कि जिले में स्वतंत्रता दिवस समारोह पूरे हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया जाना है। इसके लिए जिले में मौजूद सभी शहीद स्मारकों की साफ सफाई, सुसज्जिकरण, लाइटिंग सम्बन्धित कार्य ससमय पूर्ण करना सुनिश्चित करेगे। उपायुक्त के द्वारा निर्देशित किया गया कि मुख्य समारोह में झारखंड आंदोलन- कारियों को भी सम्मानित किया जाना है अतः उनसे संबंधित तैयारियों के लिए भी दिशा निर्देश दिए गए। साथ ही विभिन्न विभाग में बेहतर प्रदर्शन करने वाले पदाधिकारी व कर्मी को सम्मानित किया जाएगा। इसके अलावा उपायुक्त द्वारा स्वतंत्रता दिवस के कार्यक्रम पर विशेष चर्चा किया गया। बैठक में डीडीसी, अपर समाहर्ता, एसडीओ सदर सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

# बाइक सवार ने महिला को मारी टक्कर, मौत

खबर मंत्र संवाददाता



लोहरदगा। लोहरदगा-किस्को मुख्य पथ में लोहरदगा जिला के सदर थाना क्षेत्र के बंजार किस्को के समीप अज्ञात मोटरसाइकिल सवार ने एक महिला को जोरदार टक्कर मार दी। जिससे महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। स्थानीय लोगों की मदद से महिला को 108 एंबुलेंस की सहायता से इलाज के लिए लोहरदगा सदर अस्पताल लाया गया। जहां पर इलाज के दौरान महिला की मौत हो गई है। महिला की पहचान नहीं हो सकी है। पुलिस महिला की पहचान को लेकर प्रयास कर रही है। इधर घटना के बाद मोटरसाइकिल सवार मोटरसाइकिल लेकर फरार हो गया है। पुलिस मोटरसाइकिल सवार के बारे में पता लगाने का प्रयास कर रही है। बताया जाता है कि लोहरदगा जिला के सदर थाना क्षेत्र के बंजार किस्को के समीप सड़क पार कर रही एक 35 वर्षीय महिला को बाइक सवार ने जोरदार टक्कर मार दी। जिससे महिला सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गई। महिला को इलाज के लिए सदर अस्पताल पहुंचाया गया। जहां इलाज के दौरान महिला की मौत हो गई है। पुलिस शव का पोस्टमार्टम करने की प्रक्रिया कर रही है।

### आदिवासी दिवस का आयोजन करेगा आजसू

लोहरदगा। आजसू पार्टी पूरे राज्य में आज विश्व आदिवासी दिवस के मौके पर आदिवासी अखड़ा का आयोजन करेगी। इस दौरान आदिवासी कला, संस्कृति और सभ्यता के प्रचार प्रसार के लिए कई कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे साथ ही आदिवासी वीर शहीदों की शौर्य गाथा एवं बलिदान पर चर्चा भी होगी। आजसू पार्टी राज्य में आदिवासी समाज की वर्तमान स्थिति और समस्याओं का मूल्यांकन भी करेगी। इसी क्रम में लोहरदगा आजसू पार्टी प्रधान कार्यालय में कार्यक्रम आयोजित होगा। जिसमें सभी प्रखंडों से कार्यकर्ता शामिल होंगे।

# सड़क सुरक्षा टीम ने कोटाम में नेक नागरिक या गुड समिरिटन को लेकर चलाया प्रचार अभियान

खबर मंत्र संवाददाता



गुमला। जिला सड़क सुरक्षा समिति द्वारा गुमला सदर प्रखंड के कोटाम ग्राम में जाकर नेक नागरिक या गुड समिरिटन से सम्बंधित प्रचार प्रसार किया गया। साथ ही ग्राम में अज्ञात वाहन से पीड़ित परिवार से संपर्क कर मुआवजे के विषय में लगने वाले सभी दस्तावेजों को एकत्रित करते हुए पीड़िता से फॉर्म भरवाया गया। ज्ञात हो की सड़क दुर्घटना से मृत्यु होने की स्थिति में आपदा राहत कोष से 1 लाख रुपये मिलते है। साथ ही अज्ञात वाहन से मृत्यु होने पर 1 लाख के अलावा 2 लाख और मिलते हैं। हाल के दिनों में गुमला कोर्ट में 2 करोड़ के मुआवजे के लिए भी आवेदन किया गया है। इन्सुरेंस के सभी नियमों की जानकारी रखना आज के दिनों में बहुत आवश्यक है। गुड समिरिटन वैसे नागरिक होते हैं जिन्होंने राह चलते किसी सड़क दुर्घटना से पीड़ित व्यक्ति की बिना पहचान के मदद की हुई होती है। वैसे नागरिकों को मात्र पीड़ित व्यक्ति को नजदीकी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तक पहुंचाना होता है। मौके पर सड़क सुरक्षा प्रबंधक प्रभाष कुमार के अलावा सड़क सुरक्षा विश्लेषक प्रणय कांसी और तकनीकी सहायक मंटू रवानी उपस्थित थे।

### उदघाटन मैच में रेड हाउस ने ब्लू हाउस को 6- 5 से किया पराजित

घाघरा। चिल्ड्रेन अकादमी 10+2 स्कूल रन्हे घाघरा में स्कूली बच्चों के लिए अंतर हाउस फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ विद्यालय के प्रबंधक विजय साहू के द्वारा फुटबॉल को किक मार कर किया। इस प्रतियोगिता का फाइनल मैच 15 अगस्त को होगा। आज के मैच में रेड हाउस ने ब्लू हाउस को 6-5 से पराजित किया। दूसरे मैच में येलो हाउस ने ग्रीन हाउस को 4-0 से पराजित किया। मौके पर विद्यालय के निदेशक विजय साहू ने कहा कि खेल शिक्षा का अभिन्न हिस्सा है। खेल से शरीर स्वास्थ्य रहता है।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,लघु सिंचाई प्रमंडल,गुमला**

अति अल्पकालीन ई० निविदा आमंत्रण सूचना

ई० निविदा संख्या–WRD/MID/GUMLA/ $F_2$-14/2024-25(2nd Call) दिनांक – 08.08.2024

1. ई– निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी के कार्यालय का नाम एवं पता– कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमण्डल, गुमला ।
2. ई निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का मोबाईल नं0 :– 0651–2214784 मो0 8986890345
3. वेबसाईट में ई–निविदा प्रकाशन की तिथि एवं समय :– 10.08.2024 (अपराह्न 02:00 बजे से)
4. वेबसाईट में ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– 17.08.2024 (अपराह्न 05:00 बजे तक)
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 20.08.2024 (अपराह्न 02:00 बजे)

| क0 | योजना का नाम | प्रखण्ड | प्राक्कलित राशि (रूपये में) | अग्रधन की राशि (रूपये में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रूपये में) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | कोंसा सरनाटोली नाला में श्रृंखलाबद्ध चेकडैम निर्माण | कामडारा | 1,44,55,000.00 | 2,89,100.00 | 10,000.00 | 11 माह |

(1) केवल ई० निविदा ही स्वीकार की जायेगी।
(2) निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा ही स्वीकार्य होगी।
(3) निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो सारी जबाबदेही संबंधित निविदादाता की होगी ।
(4) प्राक्कलित राशि घट–बढ़ सकती है। अग्रधन की राशि परिमाण विपत्र की राशि के अनुसार होगी ।
(5) राज्य सरकार के द्वारा निर्गत सभी अद्यतन आदेश/परिपत्र लागु होगें ।
(6) विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट– http://jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

ह0/–
कार्यपालक अभियन्ता,
लघु सिंचाई प्रमंडल,गुमला

PR 332273 (Minor Irrigation)24-25*D



**झारखण्ड सरकार**
**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, हजारीबाग**

ई– अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना

ई–निविदा सं0 :– RE-RDSPL/SD/HZB/04/2024-25 (4 th CALL)

1. कार्य की विस्तृत विवरणीः

| ग्रुप सं0 | आईडेन्टीफिकेशन संख्या/पैकेज संख्या | प्रखण्ड | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | RDSPL/SD/HZB/04/08/2024-25 | बड़कागांव | ग्राम पंचायत बादम में कौशल विकास केन्द्र–सह–बहुद्देशीय भवन निर्माण | 9993200.00 | 199900.00 | 10000.00 | 9 माह |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि :– 16.08.2024
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :– दिनांक 16.08.2024 से दिनांक 22.08.2024 को अपराह्न 5:00 बजे तक
4. ई–निविदा खोलने का स्थान :– कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, हजारीबाग
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय :–24.08.2024 अपराह्न 2:00 बजे
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता:–कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, हजारीबाग
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 9430154806
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, हजारीबाग

PR.NO.332249 Rural Development(24-25):D


# जय श्री राम समिति का चुनाव अब 15 सितंबर को होगा

### 12 अगस्त से फॉर्म की होगी बिक्री

खबर मंत्र संवाददाता



लोहरदगा। जय श्रीराम समिति की बैठक हरमू रोड स्थित आवासीय परिसर में सुषमा सिंह की अध्यक्षता में की गई। आयोजित बैठक में कोर कमेटी सदस्य जिला पदाधिकारी एवं नगर के पदाधिकारी मौजूद थे। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि समिति के मुख्य संरक्षक का बाहर होना एवं सावन माह में आयोजित कई कार्यक्रमों को लेकर आगामी 11 अगस्त को होने वाले समिति का चुनाव में फेरबदल करते हुए पुनः15 सितंबर रविवार को की जाएगी। चुनाव के मध्य नजर रखते हुए फार्म 12 अगस्त से 28 अगस्त तक दी जाएगी। 30 तारीख तक वापसी एवं 1 तारीख को स्कूटनी की जाएगी। ज्ञात हो की समिति के जिला अध्यक्ष जिला महामंत्री एवं जिला कोषाध्यक्ष का चुनाव वोटिंग के माध्यम से की जाती है। जिसमें समिति के महिला पुरुष सदस्य अपने वोटिंग के माध्यम से उम्मीदवार को चुनते हैं। इस बार का चुनाव कई मायनों से महत्वपूर्ण मानी जा रही है। सूत्रों की माने तो कई उम्मीदवारों के खड़े होने की आशंका है जिससे मुकाबला कड़ा हो सकता है। कोर कमेटी सदस्य सुषमा सिंह ने कहा चुनाव निष्पक्ष तरीके से की जाएगी। उसकी संपूर्ण तैयारी की जा रही है। इससे पूर्व चुनाव में कड़े मुकाबले में रंजीत लकड़ा ने विकास वर्मा को हरा कर बाजी मारी थी। उसके बाद सर्वसम्मति से कन्हैया करवा एवं राजीव रंजन ने समिति का नेतृत्व किए। आगे कहा कि पूरी प्रक्रिया के बीच सदस्यता अभियान चलेगी। बैठक के पश्चात संरक्षक बलवीर देव की पत्नी की आकस्मिक मृत्यु पर समिति के द्वारा 2 मिनट का मौन रखा गया एवं उनकी आत्मा की शांति के लिए भगवान से प्रार्थना की गई। मौके पर कोर कमेटी सदस्य सुषमा सिंह, अजय सोनी, ओम महतो, प्रदीप साहू, सुनील अग्रवाल, बजरंग करवा, विनोद प्रसाद, अनुज कुमार, बजरंग साहू, नगर अध्यक्ष दीपक साहू एवं दीपक कुमार आदि मौजूद थे।

### अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ ने एक सप्ताह तक आंदोलन किया स्थगित

गुमला। अपनी मांगों को लेकर आमरण अनशन कर प्रदर्शन कर रहे अखिल झारखंड प्राथमिक संघ के सदस्यों प्रदेश अध्यक्ष अनूप केसरी, धुरेंद कुमार, जुबेर अंसारी, बसंत झा, मनोरंजन कुमार, गैब्रियल क्लारेंश, अनूप कुमार सिंह, शंकर राम, अखिलेश प्रसाद, निर्मल कुमार, महबूब आलम के प्रति झारखंड के सम्पूर्ण शिक्षक समाज ने उन्हें सुधवाद दिया है। आमरण अनशन में राज्य के कोने कोने से शिक्षकों ने भरपूर समर्थन और जोश-जज्बे की मिशाल पेश की है। जिसपर अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ गुमला के अध्यक्ष रामचंद्र खेरवार, महासचिव सुरंजन कुमार व प्रवक्ता पतिया उरांव ने कहा कि जाबांज साथियों के प्रदर्शन का प्रतिफल है कि आंदोलन के तीसरे दिन शिक्षा मंत्री बैद्यनाथ राम के पहल पर संयुक्त सचिव के माध्यम से शिक्षा सचिव ने आंदोलन स्थल पर आकर संवाद स्थापित कर मुद्दों के समाधान की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बढ़ाया है। उसे उनके कल के पत्र के माध्यम से आप सभी अवगत होंगे। इसी क्रम में कल हमसबों ने सरकार के पहल के आलोक में अनशन को अगले सात दिनों तक के लिए स्थगित मात्र किया है। अनशन आन्दोलन के समाप्ति की घोषणा नहीं की गई है। इसलिए हम सब पंद्रह अगस्त तक सरकार के रुख का अवलोकन करते हुए वार्ता के औपचारिक टेबल और वहां की गतिविधि को देखकर अनशन की अगली तारीख की घोषणा की जाएगी।


**-Procurement Cell**
**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER BUILDING CONSTRUCTION DEPARTMENT BUILDING DIVISION NO. – 1, RANCHI**
(Behind State Guest House Morhabadi)
Dindayal Nagar Booty Road Ranchi-834008

2ND Call
VERY SHORT TERM E-QUOTATION INVITATION NOTICE
FOR RATE PURPOSE ONLY

Quotation Reference No : BCD/Bld. Div. No.- 1 --- 10/2024-25

Sealed Quotations are invited for the work **Supply of House Hold items & Furniture at C.M. House Kanke Road, Ranchi** for all Materials from Reputed Shop Keepers / Manufacturers / Suppliers / Retailers / Distributors and Registered B.C.D. Contractors for following items. They should quote their rates for unit mentioned in the table. If they do not deals all of the below mentioned items then they are allowed to quote their rate for part of the items which ever they deals. The rates should be exclusive of all types of Taxes, GST, Contractor's Profit and overhead charges etc. but inclusive of Royalty. All Rates should be exclusive of Labour Cess.

**Terms and Condition**
1. The quotationer shall furnish Pan,GST registration no.
2. The rate quoted by quotationer shall be firm and final.
3. The undersigned reserves the right to accept or reject/cancel any or all quotations without assigning any reason thereof.

नोट :–
(1) वेबसाईट में ई–कोटेशन अपलोड की अंतिम तिथि : 15-08-2024 के अपराह्न 1:00 बजे तक।
(2) ई–कोटेशन खोलने की तिथि एवं समय 16-08-2024 अपराह्न 1:30 बजे।
(3) ई–कोटेशन आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता : कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल संख्या–1, रॉची।
(4) ई–कोटेशन प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0 : 8527519262
विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

Nodal Officer, e-Procurement Cell,
Office of the Executive Engineer
Building Construction Department,
Building Division No.-1, Ranchi

PR 332227 Building(24-25)D

# देश स्तब्ध

एक स्तब्ध करने वाले घटनाक्रम में विनेश फोगाट को महिलाओं की 50 किलो कुश्ती स्पर्धा के फाइनल से पहले वजन अधिक पाये जाने के कारण बुधवार को ओलंपिक से अयोग्य घोषित कर दिया गया। विनेश ने ओलंपिक फाइनल में पहुंचने वाली पहली भारतीय महिला पहलवान बनकर इतिहास रचा था। सुबह तक उनका कम से कम रजत पदक पक्का लग रहा था लेकिन अब वह बिना किसी पदक के लौटेंगी। 29 वर्ष की विनेश को खेलगांव में पोली क्लीनिक ले जाया गया क्योंकि सुबह उनके शरीर में पानी की कमी हो गई थी। एक भारतीय कोच ने कहा ,सुबह उसका वजन 100 ग्राम अधिक पाया गया। नियम इसकी अनुमति नहीं देते और उन्हें अयोग्य घोषित कर दिया गया है। भारतीय ओलंपिक संघ ने विनेश की निजता का सम्मान करने का अनुरोध करते हुए कहा ,हमें यह खबर देते हुए खेद हो रहा है कि विनेश फोगाट महिला कुश्ती के 50 किलो वर्ग से अयोग्य घोषित कर दी गई है। पूरी रात टीम के अथक प्रयासों के बावजूद सुबह उसका वजन 50 किलो से अधिक पाया गया। युनाइटेड वर्ल्ड रेसलिंग (यूडब्ल्यूडब्ल्यू) के नियमों के अनुसार पहलवान को वजन कराने की अवधि में कई बार अपना वजन कराने का अधिकार होता है। नियम के अनुसार )ह्यह्य अगर कोई खिलाड़ी पहली और दूसरी बार वजन कराने के समय उपस्थित नहीं होता या अयोग्य होता है तो उसे स्पर्धा से बाहर कर दिया जायेगा और वह आखिरी स्थान पर रहेगा। उसे कोई रैंक नहीं मिलेगी। विनेश ने पहले ही मुकाबले में मौजूदा चैम्पियन युइ ससाकी को हराया था। उन्हें फाइनल में अमेरिका की सारा एन हिल्डब्रांट से खेलना था। सेमीफाइनल में विनेश से हारने वाली क्यूबा की युसनेलिस गुजमैन लोपेज अब उनकी जगह फाइनल खेलेगी। विनेश दूसरे दिन कराये गए वजन में अयोग्य पाई गई।

# वेल्थ टैक्स में राहत

सरकार ने हाल ही में संपत्ति बेचने पर लगने वाले लंबी अवधि के पूंजीगत लाभ कर (लॉन्ग टर्म कैपिटल गेन्स टैक्स) में बदलाव के बाद लोगों को राहत दी है। हाल ही में पेश किए गए बजट में इस तरह के लाभ पर टैक्स की दर 20% से घटाकर 12.5% कर दी गई थी, लेकिन महंगाई को ध्यान में रखकर खरीद मूल्य बढ़ाने वाली इंडेक्सेशन की सुविधा खत्म कर दी गई थी। इससे कई संपत्ति मालिकों पर टैक्स का बोझ बढ़ने की आशंका थी।सरकार ने अब लोगों को दो विकल्प चुनने की सुविधा दी है: पहला विकल्प: खरीद मूल्य में महंगाई को ध्यान में रखकर (इंडेक्सेशन के साथ) लाभ पर 20% टैक्स देना।
दूसरा विकल्प: खरीद मूल्य में महंगाई को ध्यान में रखे बिना (बिना इंडेक्सेशन के) लाभ पर 12.5% टैक्स देना। सरकार ने लोगों को यह सुविधा दी है कि वे दोनों विकल्पों में से जो भी उनके लिए कम टैक्स वाला हो, उसे चुन सकते हैं। 23 जुलाई, 2024 को एक कट-ऑफ तारीख माना जाएगा। इस तारीख से पहले खरीदी गई जमीन या इमारत जैसी संपत्तियों को पुराने नियमों के फायदे मिलेंगे। अगर आपने अपनी संपत्ति इस तारीख से पहले खरीदी है, तो आप पुराने और नए दोनों टैक्स नियमों में से चुन सकते हैं झ या तो बिना महंगाई को ध्यान में रखे (बिना इंडेक्सेशन के) 12.5% टैक्स या महंगाई को ध्यान में रखकर (इंडेक्सेशन के साथ) 20% टैक्स। जिस भी तरीके में आपको कम टैक्स चुकाना पड़े, आप उसे चुन सकते हैं। इसलिए, अगर नए नियम के हिसाब से बिना इंडेक्सेशन वाला टैक्स ज्यादा आ रहा है तो आप पुराने नियम के हिसाब से इंडेक्सेशन वाला कम टैक्स चुन सकते हैं, जिससे आपका टैक्स कम हो जाएगा।इस नए नियम से संपत्ति मालिकों को ज्यादा विकल्प मिल गए हैं।

# पापी को क्षमा

**विचार-प्रवाह**

**अशोक प्रवृद्ध**

**नारद** के कथन अनुसार जो व्यक्ति मित्र सप्तमी का व्रत करता है तथा अपने पापों की क्षमा मांगता है सूर्य भगवान उससे प्रसन्न हो उसे पुनः नेत्र ज्योति प्रदान करते हैं।इस प्रकार मित्र सप्तमी का यह पर्व सबसे मित्रता व प्रीति करने की शक्ति तथा समस्त सुखों को प्रदान करने वाला व्रत है। मित्र सप्तमी के व्रत से मनुष्य कठिन कार्यों को भी संभव बनाने की ताकत रखता है और शत्रु को भी मित्र बनाने की क्षमता रखता है। इस संबंध में प्रचलित एक कथानुसार एक बार एक राजा ने सपने में देखा कि कोई साधु उससे कह रहा है कि कल रात एक विषैले सांप के डसनेसे तुम्हारी मृत्यु हो जाएगी। वह सर्प पूर्व जन्म की शत्रुता का बदला लेना चाहता है। सपने की बात से घबराया राजा अपनी आत्मरक्षा के लिए उपाय ढूंढने मे लग गया सोचते-सोचते राजा इस निर्णय पर पहुंचा कि मधुर व्यवहार से बढ़कर शत्रु को जीतने वाला और कोई उपाय नहीं। अतः उसने पेड़ की जड़ से लेकर अपनी शय्या तक फूलों का बिछौना बिछवा दिया, सुगंधित जलों का छिड़काव करवाया, मीठे दूध के कटोरे जगह-जगह रखवा दिये और सेवकों से कह दिया कि रात को जब सर्प निकले तो उसे किसी प्रकार का कष्ट पहुंचाने की कोशिश न की जाये। रात को सांप अपनी बांबी से बाहर निकला और राजा के महल की तरफ चल पड़ा। वह जैसे - जैसे आगे बढ़ता गया, मार्ग मे अपने लिए की गई स्वागत व्यवस्था को देखकर आनन्दित होता गया। कोमल बिछौने पर लेटता हुआ मनभावनी सुगन्ध का रसास्वादन करता हुआ, जगह-जगह पर मीठा दूध पीता हुआ आगे बढ़ता था।

**कार्टून वर्ल्ड**



साभार : कार्टून मूवमेंट

**लेटर टू एडिटर**

## संकट के बीज

**अर्थशास्त्र** के मूल नियम घटते सीमांत तुष्टीकरण के नियम को आधार बनाकर हमारी आर्थिकी में कोरोना के बीज होने की व्याख्या की है। प्रकृति से अधिक दोहन और छेड़छाड़ के कारण विपरीत स्थिति बन रही हैलेकिन वह प्रकृति से अलग हो जाता है। हमें अपनी इच्छाओं को सीमित करना चाहिए ताकि ग्लोबल वार्मिंग न हो और मनुष्य को बीमारियों से बचाया जा सके। **- सुनील सिंह, रांची**

## आय बढ़ायें

**इसमें** कोई दो राय नहीं कि न्यूनतम समर्थन-मूल्य मिलने से किसान स्वयं को आर्थिक रूप से सुरक्षित महसूस करता है। एमएसपी मिलने के बावजूद देखने में आया है कि किसान की आय में वृद्धि की गति बहुत धीमी है। किसान की समृद्धि के लिए खेती में विविधता लाने की जरूरत है। हमें ऐसी फसलों की खोज करने की आवश्यकता है। अब 12 करोड़ किसान की चिंता हो। **-अनंत विजय, जमशेदपुर**

# नौ अगस्त को किस तरह याद करें आदिवासी समुदाय



विश्व आदिवासी दिवस नौ अगस्त को मनाया जाता है। यह दिन विश्व भर के आदिवासियों के हित और अधिकार को अपने में समेटे है। इस अवसर पर पूरे देश में छोटे बड़ें कार्यक्रम भी आयोजित होते हैं। इन कार्यक्रमों का सिलसिला 1993 से जोर पकड़ता गया है। इसी वर्ष से नौ अगस्त को अंतरराष्ट्रीय आदिवासी दिवस मनाने की घोषणा हुई।

विश्व मूल आदिवासी दिवस मनाने के कारणों पर जाए तो यह एक मर्माहत करने वाला अंदरूनी विषय है जिस पर चर्चा कम ही होती है। लेकिन इस सच को देश ही दुनिया के प्रत्येक व्यक्ति को जानना आवश्यक है।

आज से 524 साल पहले 1498 ई में यूरोप के एक छोटे से देश स्पेन निवासी कोलंबस नामक नाविक अपने लाव लश्कर के साथ समुद्री यात्रा पर निकला। उसने भारत की संपन्नता और एश्वर्य के बारे में सुन रखा था। लेकिन समुद्री तुफान के कारण रास्ता भटक कर वह अमेरिका पहुंच गया। तब अमेरिका में गोरे लोग नहीं थे। काले और निर्धन आबादी का वहा जमावड़ा था। लेकिन वे अपनी संस्कृति रीति रिवाज और परम्पराओं के साथ ही जीते थे। कोलंबस भारत की खोज में निकला था लेकिन उसने एक नयी भूमि की खोज कर ली थी जो अमेरिका था। जिस दिन कोलंबस अमेरिका की धरती को छुआ था यानि उस धरती पर पहुंचा था वह तारीख नौ अगस्त 1498 थी। कोलंबस को लगा कि वह इंडिया की खोज करने में सफल हो गया है इसलिये उसने वहां स्थित लोगों को इंडियन कहकर संबोधित किया। वही लोग आगे चलकर रेड इंडियन कहलाये।

कोलंबस के बाद यूरोप के कई देशों के नाविक और समुद्री अभियान में लगे जन समूह भी अमेरिका पहुंचे। धीरे-धीरे यूरोप के गोरों ने अमेरिका पर कब्जा जमा लिया। इन गोरों ने वहां के मूलवासी रेड इंडियन्स पर अंतहीन अमानवीय अत्याचार किये जिसके कारण उनकी स्थिति अत्यंत खराब होती हुई लुप्त प्राय हो गयी। जो थोड़ें बच गये उनके पास सनातन पद्धति रीति रिवाज और धार्मिक समाजिक बोध कराने वाले हरेक तत्व से उन्हें अलग कर दिया। उनके हाथ में बाइबिल थमा दिया गया। उनके नेटिव्स के आस्तित्व को ही समाप्त करने की साजिश रची गयी जिसमें एक हद तक उन्हें सफलता भी मिली।बाद के काल खंड में जो हुआ उसे याद कर दुनिया सिहर उठती है। रंगभेद और नरसंहार का खेल शायद सबसे पहले यही हुआ था। यूरोप के गोरों के द्वारा अमेरिका में यह खेल किया गया ऐसा नहीं था। पूरी दुनिया में जहां-जहां उन्हें अवसर मिला उन्होंने यही खेल किया। अफ्रीका और आस्ट्रेलिया में भी ऐसे ही दुष्कृत्य किये गये। गोरे जहां भी गये एक ही प्रकार से अत्याचार का काम किया और हमारे पूर्वज इसके शिकार हुए। अफ्रीका में हमारे पूर्वजों ने इन गोरों का प्रसन्नता पूर्वक स्वागत किया लेकिन इन लोगों ने कुटिल चालचल कर हमारे धर्म और संस्कृति को समाप्त करने की दिशा में चाल चल दी। हमारे पूर्वजों के हाथ में बाइबिल थमा दी। जब तक हम आंख खोलते तब तक हमारी धरती हमारे आकाश और हमारा सब कुछ उनलोगों ने कब्जा कर लिया था।



**-शिवशंकर उरांव**

> हम प्राकृतिक संसाधनों से भरपूर पर्वत और पठारों पर सीमित साधनों के साथ निवास कर रहे थे। यही कारण था कि यूरोप के मूल निवासी आस्ट्रेलिया के पीएम ने अपने वंशजो के अत्याचार के कार्य पर वर्षो बाद क्षोभ व्यक्त किया। 24 फरवरी को उन्होंने पूरी दुनिया से अपने पूर्वजों द्वारा आदिवासियों पर किये गये अत्याचार के लिये दुनिया से माफी मांगी।

हम प्राकृतिक संसाधनों से भरपूर पर्वत और पठारों पर सीमित साधनों के साथ निवास कर रहे थे।उनकी कुटिल नजर इस पर भी गयी और हमारे खनिज संपदा को भी जमकर लूट लिया गया। आस्ट्रेलिया के मूल निवासी माबो के साथ ऐसा ही कुछ किया गया। यही कारण था कि यूरोप के मूल निवासी आस्ट्रेलिया के पीएम ने अपने वंशजो के अत्याचार के कार्य पर वर्षो बाद क्षोभ व्यक्त किया। 24 फरवरी को उन्होंने पूरी दुनिया से अपने पूर्वजों द्वारा आदिवासियों पर किये गये अत्याचार के लिये दुनिया से माफी मांगी। अब मीडिया के त्वरित प्रसार के युग में नौ अगस्त का महत्व और उसके पीछे छिपे दर्द का पर्दाफाश हो चुका है और यह सच आदिवासी दिवस पर सभी लोगों को जानना चाहिए।

मेरा मानना है कि यह दिन आक्रोस और दुख प्रकट करने का दिन है। इस पर हम खुशी मनाकर इस दिवस की गरिमा और हमारे समाज की पीड़ा को सही ढंग से याद नहीं करते हैं। इतिहास के पन्नों से सच निकाल कर उसका विश्लेषण कर दिया गया है। हमें इस दिन किसी भी हाल में खुशियां नहीं मनानी चाहिए।

हमारे देश में 15 नवंबर जो हमारे स्वाभिमानी मूलवासी के आदर्श भगवान बिरसा मुंडा का जन्म दिन और वर्तमान मादी सरकार ने जिसे आदिवासी स्वाभिमान दिवस घोषित किया है उस दिन हमें गर्व और खुशी मनाना चाहिए।

यूरोप के गोरों के लिये नौ अगस्त का दिन खुशी का दिन हो सकता है क्योंकि इसी दिन उन्होंने अमेरिका की धरती पर पैर रखा था लेकिन विश्व भर के मूलवासियों के लिये यह पीड़ा का दिन है।

यूरोपीय देश नये नये नरेटिव पैदा कर उसे पूरी दुनिया में फैलाने के लिये तत्पर है और वे उसमें सफल भी हो जाते हैं। उनके द्वारा पोषित एजेन्सिया भारत में विभिन्न संगठनों के माध्यम से अपने एजेंडा को पूरे देश में लागू कर भ्रम की स्थिति पैदा कर रही है। इनका काम जनजातिय संगठन को तोड़ मरोड़ कर अपने आप को स्थापित करना है। विश्व आदिवासी दिवस के नाम पर ऐसे संगठन विगत चार दशकों से सक्रिय हैं। यूरोप और दुनिया के विभिन्न देशों से धन प्राप्त कर अपनी कुत्सित दुकानदारी चलाने वाले इन संगठनोंने ही आदिवासी दिवस को प्रायोजित किया है। आखिर आदिवासी यातना के इस बुरे दिन नौ अगस्त को आदिवासी दिवस मनाने के पीछे क्या तर्क है?

देश के भोले और सरल आदिवासी समुदाय और समाज इनके गलत चालों का अनजाने में शिकार हो गया है और कथित आदिवासी दिवस के नाम पर इतराता, इठलाता, झूमता अपने सभ्यता की बर्बादी के दिवस की तारीख नौ अगस्त में अपना अस्तित्व और पहचान तलाश रहा है। यह गंभीर चिंतन का विषय है।

(लेखक पूर्व विधायक गुमला विधानसभा सह अध्यक्ष, जनजातिय मोर्चा झारखंड हैं।)

**खास बात**

## कोटे में कोटा

2006 में तब की केंद्र सरकार ने सब कैटेगरी के लिए एक पैनल बनाने का निर्णय लिया। 2007 में उषा मेहरा को इस पैनल का अध्यक्ष बनाया गया। 2007 में ही बिहार के महादलित पैनल ने भी ऐसी सिफारिशें की। इसमें कहा गया कि एससी की 18 जातियों को अत्यंत कमजोर जातियों के रूप में माना जाना चाहिए। 2008 में उषा मेहरा ने केंद्र को रिपोर्ट सौंपी। 2009 में यूनाइटेड आंध्र प्रदेश से सीएम वाईएस राजशेखर रेड्डी ने केंद्र को पत्र लिख इसे संवैधानिक गारंटी देने की मांग की। साल 2014 में तेलंगाना के बनने के बाद केसीआर ने एक प्रस्ताव पास कर केंद्र से सब कैटेगरी बनाने की मांग की। 2023 में सिकंदराबाद की एक सभा में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि वो कोटे के अंदर कोटे का समर्थन करेंगे। पहली अगस्त, 2024 को सुप्रीम कोर्ट ने अपना ऐतिहासिक फैसला सुनाया है।

ताजा फैसला पंजाब का है। दरअसल पंजाब सरकार ने 2006 में कानून बनाया था कि राज्य में एससी-एसटी आरक्षण में 50 फीसदी आरक्षण, पहली प्राथमिकता के तहत, वाल्मीकि और मजहबी सिखों को मिलेगा। पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय ने 2010 में इसे रद्द कर दिया था। इन तमाम संदर्भों में पीठ ने अलग-अलग अनुच्छेद की व्याख्या स्पष्ट की है और राज्यों के अधीन उप-वर्गीकरण का फैसला दिया है। डाटा के आधार पर यह कोटा बदलता रहेगा। यह भी सुनिश्चित किया जाएगा कि किसी एक वर्ग को 100 फीसदी आरक्षण न दे दिया जाए।

सुप्रीम कोर्ट ने इस फैसले से वर्ष 2004 के ह्यईवी चिन्नैया बनाम आंध्रह्न वाले मामले में दिए गए अपने फैसले का फैसले को पलट दिया है। जिसमें कहा गया था कि राज्य सरकारें आरक्षण के लिए अनुसूचित जातियों व जनजातियों की सब-कैटेगरी नहीं बना सकतीं। सुप्रीम कोर्ट ने अब कहा है कि राज्यों को सब-कैटेगरी देने से पहले एससी और एसटी श्रेणियों के बीच क्रीमीलेयर की पहचान करने के लिए एक पॉलिसी बनानी चाहिए। यह अवधारणा भी स्पष्ट होनी चाहिए।

ओबीसी और आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग को आरक्षण उनकी सालाना आय के आधार पर तय किया जाता है। क्रीमीलेयर की सीमा 8 लाख रुपये सालाना है।

नहीं। नहीं। नहीं।
इसे बुरा सपना बना दीजिये ताकि मैं उठूं तो मुझे पता चले कि यह सत्य नहीं था।
**- आनंद महिंद्रा**
महिंद्रा और महिंद्रा समूह के चेयरमैन

**आपके ट्वीट**

झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के क्रियान्वयन को और प्रभावी और सुगम बनाने के लिए आपकी सरकार लगातार प्रयत्नशील है। इसकी प्रक्रिया और सरल की जाएगी जिससे किसी भी बहन को किसी भी तरह की तकलीफ नहीं होगी।
**-हेमंत सोरेन,सीएम**





विश्वविजेता पहलवानों को हरा कर फाइनल में पहुंची भारत की शान विनेश फोगाट का तकनीकी आधार पर अयोग्य घोषित किया जाना दुर्भाग्यपूर्ण है। भारतीय ओलंपिक संघ देश की बेटी को न्याय दिलाएगा।
**- राहुल गांधी, सांसद**

# ऑफिस पॉलिटिक्स में उपजे विवाद का हल उपनिषद से

**निधि सिंह**

**विचार**

**देवताओं** और दानवों के बीच युद्ध हुआ। बड़े-बड़े बलशाली दोनों खेमों से उतरे। खूब खून बहा। पराक्रमी देवता दानवों पर भारी पड़े। उन्होंने युद्ध जीत लिया। इसमें उनके खेमे के हर योद्धा का अहम योगदान था, लेकिन इसका श्रेय लेने के लिए कुछ देवताओं में होड़ मच गई।अग्निदेव और वायुदेव भी। लेकिन ये बातें भला देवों के देव ब्रह्मदेव से कब तक छुपी रह सकती थीं।

उन तक शिकायत पहुंची। ब्रह्मदेव को इन देवताओं के आचरण से बड़ी निराशा हुई। उन्हें लगा कि एक समूह की जीत और उसके श्रेय को मुट्ठी भर लोगों का बताया जा रहा है। ब्रह्मदेव ने इन्हें सबक सिखाने की ठानी। इसके लिए उन्होंने यक्ष का रूप धारण किया और देवों के उस खेमे में पहुंचे, जो खुद को युद्ध विजेता बता रहे थे। ये देवतागण उन्हें पहचान नहीं पाए। इंद्र ने यह पता लगाने के लिए कि उनके बीच कौन आ गया है, सबसे पहले अग्निदेव को भेजा। यक्ष ने कहा कि मेरे बारे में जानने से पहले यह बताओ कि तुम कौन हो? अग्निदेव ने अपना परिचय दिया और यह कहना भी नहीं भूले कि मुझमें इतनी ताकत है कि मैं धरती पर जो कुछ भी है, सबको जला सकता हूं। यक्ष ने इस पर कहा कि तुम्हें अपनी ताकत पर इतना ही भरोसा है और तुममें इतनी आग है, तो घास के इस तिनके को जलाकर दिखाओ। अग्निदेव को यह अपना अपमान लगा। उन्होंने कहा, अभी इस तिनके को राख में बदल देता हूं। ऐसा कह उन्होंने जोर की फूंक मारी। लेकिन यक्ष बने ब्रह्म के बल से आग का तिनके पर जरा भी असर नहीं हुआ। अग्निदेव का अहंकार जरूर जल गया। वह अपना-सा मुंह लिए इंद्र के पास लौट आए। इंद्र ने अग्नि का हाल सुना। उन्हें बड़ा अचरज हुआ। उन्होंने आनन-फानन में वायुदेव को यक्ष के पास जाने को कहा। वायुदेव गए। उनके सामने भी यक्ष ने वही सवाल किया। उन्होंने जवाब में अपनी बड़ाई में कसीदे पढ़े, तो यक्ष ने उनके सामने भी तिनका बढ़ा दिया। वायुदेव ने पूरा बल झोंक दिया। लेकिन सूखे घास का तिनका उनसे टस-से-मस नहीं हुआ। वायुदेव को लगा मानो उनका बल हवा में कपूर की तरह गायब हो गया। वह उल्टे पांव इंद्र के पास लौटे। इंद्र ने साथी देवताओं का यक्ष के सामने बुरा हाल होता देख खुद उसका सामना करने की ठानी। इंद्र का भी यक्ष ने वही हाल किया। लेकिन इंद्र लौटे नहीं। हार मान ली लेकिन वहीं रहे। यक्ष ने कहा कि मैं बताऊंगा तुम्हें अपना परिचय, मेरे पास आओ। इंद्र आगे बढ़े ही थे कि यक्ष रूपी ब्रह्म विलीन हो गए। वहां एक स्त्री दिखाई पड़ी। उसने इंद्र की बुद्धि से पर्दा उठाते हुए कहा : यह ब्रह्म थे, जिनके बल से देवताओं की विजय हुई है। आपके अकेले बल से यह नहीं हुआ है। यह कहानी केनोपनिषद् की है। इससे हमें कई सीख मिलती हैं, जिनका इस्तेमाल करके जीवन को बेहतर बनाया जा सकता है। पहली सीख यह है कि अगर आप कोई भी जीत हासिल करते हैं, तो उसमें आप अकेले का रोल नहीं होता। बहुत-से दूसरे लोग भी उसमें अपनी-अपनी भूमिका निभाते हैं। दूसरी सीख यह कि हममें अगर कोई खास प्रतिभा है, तो हम दूसरे को अपने घमंड में तुच्छ या गया-गुजरा न समझें। हमारे सामने कोई भी किसी दिन आकर बड़ी लकीर खींच जाएगा। जैसे यक्ष का रूप धरकर ब्रह्म ने इंद्र, अग्नि और वायुदेव के सामने वह लकीर खींच दी, जिसके सामने तीनों बाहुबली बौने लगने लगे। तीसरी सीख यह कि कहीं से लज्जित या पराजित होने के बाद भी मन में सच जानने की गुंजाइश जरूर रखें। जैसी कि देवराज इंद्र में यह गुंजाइश थी।लेकिन अग्नि और वायुदेव में नहीं थी। उन्होंने अपनी हार से संतोष कर लिया। इंद्र हार के बावजूद जिज्ञासा की ओर मुड़ गए। उनके घमंड की दीवार मन में ढह गई।

# भारत की आर्थिक प्रगति जल-भुन रहे कई देश

**प्रहलाद सबनानी**

**सामयिक**

भारत की लगातार तेज हो रही आर्थिक प्रगति पर विश्व के कुछ देश अब ईर्ष्या करने लगे हैं एवं उन्हें यह आभास हो रहा है कि आगे आने वाले समय में इससे उनके अपने आर्थिक हितों पर विपरीत प्रभाव पड़ सकता है। इस सूची में सबसे ऊपर चीन का नाम उभर कर सामने आ रहा है। और फिर, चीन की अपनी आर्थिक प्रगति धीमी भी होती जा रही है। दूसरे, विश्व को भी आज यह आभास होने लगा है कि विभिन्न वस्तुओं के उत्पादन के मामले में केवल चीन पर निर्भर रहना बहुत जोखिम भरा कार्य है। इसका अनुभव विशेष रूप से विकसित देशों ने कोरोना महामारी के बाद से वितरण चैन में आई भारी परेशानी से किया है, जिसके चलते इन देशों में मुद्रा स्फीति की समस्या आज भी पूरे तौर पर नियंत्रण में नहीं आ पाई है। साथ ही, चीन की विस्तारवादी नीतियों के चलते उसके अपने किसी भी पड़ौसी देश से (पाकिस्तान को छोड़कर) अच्छे सम्बंध नहीं हैं।

अतः कई देश अब यह सोचने पर मजबूर हुए हैं कि चीन+1 की नीति का अनुपालन ही उनके हित में होगा। अर्थात, यदि किसी उद्योगपति ने चीन में अपनी एक विनिर्माण इकाई स्थापित की है तो आवश्यकता पड़ने पर उसके द्वारा अब दूसरी विनिर्माण इकाई चीन में स्थापित न करते हुए इसे अब किसी अन्य देश में स्थापित किया जाना चाहिए। यह दूसरा देश भारत भी हो सकता क्योंकि भारत अब न केवल ह्यईज आफ डूइंग बिजनेसह्व के क्षेत्र में अतुलनीय सुधार करता हुआ दिखाई दे रहा है बल्कि भारत में बुनियादी ढांचा के विस्तार में भी अतुलनीय प्रगति दृष्टिगोचर है।

केंद्र सरकार द्वारा आर्थिक क्षेत्र में लागू की गई कई नीतियों के चलते भारत आज विश्व की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था तो बन ही गया है और अब यह तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर तेजी से आगे बढ़ रहा है। अर्थ के कई क्षेत्रों में तो भारत विश्व में प्रथम पायदान पर आ भी चुका है। इससे अब चीन के साथ अमेरिका को भी आने वाले समय में वैश्विक स्तर पर अपने प्रभाव में कमी आने की चिंता सताने लगी है। अतः विश्व के कई देशों में अब भारत की आर्थिक प्रगति को लेकर ईर्ष्या की भावना विकसित होती दिखाई दे रही है। इस ईर्ष्या की भावना के कारण वे भारत के लिए कई प्रकार की समस्याएं खड़ी करने का प्रयास करते दिखाई देने लगे हैं। यह समस्याएं केवल आर्थिक क्षेत्र में खड़ी नहीं की जा रही हैं बल्कि सामाजिक, राजनैतिक एवं आध्यात्मिक आदि क्षेत्रों में भी खड़ी करने के प्रयास हो रहे हैं।

सबसे पहिले तो कुछ देश प्रयास कर रहे हैं कि भारत में किस प्रकार सामाजिक अशांति फैलाई जाए। इसके लिए भारत की कुटुंब प्रणाली को तोड़ने के प्रयास किए जा रहे हैं। देश में विभिन्न टी वी चैनल पर इस प्रकार के सीरियल दिखाए जा रहे हैं जिससे परिवार के विभिन्न सदस्यों के बीच आपस में छोटी छोटी बातों में लड़ने को बढ़ावा मिल रहा है। इन सीरियल में सास को बहू से, ननद को देवरानी से, छोटी बहिन को बड़ी बहिन से, एक पड़ौसी को दूसरे पड़ौसी से, संघर्ष करते हुए दिखाया जा रहा है। इन सीरियल के माध्यम से भारत में भी पूंजीवाद की तर्ज पर व्यक्तिवाद को हावी होते हुए दिखाया जा रहा है। जबकि भारतीय हिंदू सनातन संस्कृति हमें संयुक्त परिवार में आपस में मिलजुल कर रहना सिखाती है, त्याग एवं तपस्या की भावना जागृत करती है एवं परिवार के छोटे सदस्यों द्वारा अपने बड़े सदस्यों का आदर करना सिखाती है।

इसके ठीक विपरीत पश्चिमी सभ्यता के अंतर्गत संयुक्त परिवार दिखाई ही नहीं देते हैं वे तो व्यक्तिगत स्तर पर केवल अपने आर्थिक हित साधते हुए नजर आते है। पश्चिमी देशों के इन प्रयासों से आज कुछ हद तक भारतीय समाज भी पश्चिमी सभ्यता की ओर आकर्षित होता हुआ दिखाई देने लगा है। आज विकसित देशों के परिवारों में बेटे के 18 वर्ष की आयु प्राप्त करने के पश्चात वह परिवार से अलग होकर अपना परिवार बसा लेता है। अपने बूढ़े माता पिता की देखभाल भी नहीं कर पाता है। इसके चलते इन देशों में सरकारों को अपने प्रौढ़ वर्ग के नागरिकों के देखरेख करनी होती है और इनके लिए सरकार के स्तर पर कई योजनाएं चलानी पड़ती है। आज इन देशों में प्रौढ़ नागरिकों की संख्या के लगातार बढ़ते जाने से सरकार के बजट पर अत्यधिक विपरीत प्रभाव पड़ता हुआ दिखाई दे रहा है।

## स्पीड न्यूज़

### भाजपा आइटी सेल के संयोजक बने सोनू



**रामगढ़ ।** भाजपा जिला अध्यक्ष प्रवीण मेहता ने प्रवीण कुमार सोनू पुनः जिला आईटी सेल संयोजक मनोनीत किया। सोनू ने पार्टी के राष्ट्रीय नेतृत्व, प्रदेश नेतृत्व, सांसद एवं जिला अध्यक्ष प्रवीण मेहता का आभार व्यक्त किया । उन्होंने कहा कि पार्टी में युवा मोर्चा से लेकर भाजपा तक के सफर में विभिन्न दायित्वों का निर्वहन करने का मुझे सौभाग्य प्राप्त हुआ है। मैं पूरी निष्ठा के साथ संगठन का काम करूंगा।

### भाजपा के फिर जिला मंत्री बने बाबला



**भुरकुंडा (रामगढ़) ।** भारतीय जनता पार्टी ने पटेलनगर भुरकुंडा निवासी संजीव कुमार बाबला को पुनः रामगढ़ जिला मंत्री मनोनीत किया है। साथ ही आभार व्यक्त किया गया है कि इनके नेतृत्व में रामगढ़ जिला में भाजपा और मजबूत होगा। बाबला ने कहा कि सौंपे गये दायित्वों को पर्व की तरह ईमानदारी पूर्वक निभाऊंगा। उन्होंने कहा कि भाजपा के नीति–सिद्धांतों को जन–जन तक पहुंचाते हुए संगठन को और मजबुत बनाना मेरा उद्देश्य होगा। बाबला को बधाई देने वालो में भुरकुंडा मंडल अध्यक्ष सतीश मोहन मिश्रा, योगेश दांगी, रंजन पांडेय, ज्योति कुमार, महेंद्र सिंह, कन्हैया यादव, शंकर प्रसाद, मुन्ना यादव, नरेंद्र सिंह, गोरे कुमार, नीरज सिंह, विद्या श्रीवास्तव, सुरज शर्मा सहित दर्जनों लोग शामिल हैं।

### निर्मल महतो को दी गयी श्रद्धांजलि



**कुजू।** नयामोड़ स्मृति भवन में गुरूवार को निर्मल महतो का 37वां शहादत दिवस मनाया गया। झामुमो केंद्रीय सदस्य राजकुमार महतो ने निर्मल महतो के तस्वीर पर पुष्पांजलि की ।उन्होंने कहा कि उनके बदौलत ही झारखंड अलग राज्य बन पाया। झारखंड कोलियरी मजदूर यूनियन के क्षेत्रीय सचिव रामकुमार सिंह ने कहा कि निर्मल महतो के सपनों का सभी कार्यकर्तासाकार करेंगे। मौके पर सुरेश चंद्र पटेल, बोधन मांझी, अलाउद्दीन अंसारी,बलदेव मुर्मू, राजकुमार मांझी, बासुदेव गंझू, अभय सिंह, मोगलचंद्र पटेल, चेतलाल महतो आदि मौजूद थे।

### एनएचआइ ने अवैध कट को किया बंद



**कुजू।** फोरलेन सड़क पर बढ़ते सड़क दुर्घटना को देखते हुए एनएचआई ने फोरलेन सड़क पर अवैध रूप से कट कर बनाये गये रास्ता को मरम्मत कर बंद कर दिया गया। बताया जाता है कि फोरलेन सड़क पर सड़क दुर्घटनाएं रोकने को लेकर कुजू पुलिस के आदेश के बाद एनएचएआई की टीम द्वारा सड़क पर अवैध रूप से बनाये मिडियम कट को भरते हुए बंद कर दिया गया। टीम के सदस्यों ने बताया कि इससे पूर्व भी कई स्थानों पर कट को भरते हुए बंद किया गया है। लेकिन असमाजिक तत्व के लोग इसे पुनः कट कर खोलते हुए रास्ता बना देते है। जिससे सड़क दुर्घटना भी होता है। वहीं कोयला चोरी में सक्रिय तस्कर भी कोयला को जल्दी बेचने व अपने गंतव्य तक पहुंचाने के लिए सड़क के बीच से कट कर आसानी से इस पार से उस पार तक लेकर जाते हैं

### मुन्ना सिंह ने महिलाओं की सुनी समस्या

कटकमसांडी। प्रखंड में गुरुवार को कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मुन्ना सिंह ने शहापुर पंचायत, ढौठवा पंचायत, आराभुसाई पंचायत और रेबर पंचायत , बाझा पंचायत, डांटो खुर्द पंचायत, कटकमसाड़ी पंचायत,में आयोजित मईया योजना के शिविरों का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने महिलाओं से मुलाकात की और शिविर में हो रही गतिविधियों की समीक्षा की। मुन्ना सिंह जी ने विधि व्यवस्था का जायजा लेते हुए लोगों की समस्याओं को भी गंभीरता से सुना और उनके समाधान का आश्वासन दिया। महिलाओं ने मंईया योजना की सराहना करते हुए इसे उनके लिए एक महत्वपूर्ण योजना बताया और अपनी खुशी जाहिर की। उन्होंने मुन्ना सिंह जी के समर्थन और प्रेरणा के लिए आभार व्यक्त किया ।दौरे के बाद, मुन्ना सिंह ने कटकमसांडी पंचायत के निवासी स्वर्गीय इशाक मियां के सुपुत्र मो. रियाज जी के परिवार से भी मुलाकात की, जिनका कुछ दिन पूर्व बज्रपात के कारण निधन हो गया था। उन्होंने परिजनों को हरसंभव मदद का आश्वासन दिया और सरकार द्वारा यथासंभव सहयोग दिलाने का वादा किया। इस अवसर पर शाहापुर पंचायत की मुखिया सुनीता देवी, मुखिया प्रतिनिधि शंभू यादव, ढौठवा पंचायत के मुखिया जय प्रकाश केशरी, आराभुसाई के पूर्व मुखिया रहमत मियां , रेबर पंचायत की मुखिया कलावती देवी और मुखिया प्रतिनिधि हलधर यादव डांटो खुर्द पंचायत की मुखिया कुमारी बाखला भी मौजूद रहे।

### बरका-सयाल में इनमोसा की बैठक

भुरकुंडा। सयाल अम्बेडकर भवन में बुधवार देर रात बरका–सयाल प्रक्षेत्र के माइनिंग स्टॉफ (इनमोसा) की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता सुधीर कुमार सिंह व संचालन वरीय ओवरमैन गणेश राम ने किया। बैठक में इनमोसा के विकास और सुदृढ़ कार्यप्रणाली पर विचार–विमर्श किया गया। शाखा पदाधिकारियों के प्रति माइनिंग स्टॉफ की नाराजगी को ले नई कमेटी का गठन चुनाव के माध्यम कराने की बात कही गई। एक पदाधिकारी एक पद का नियम कड़ाई से पालन करवाएं।

# कस्तूरबा विद्यालय पदमा में करियर कॉउंसलिंग

**केजीबीवी विद्यालयों के लिए मैगजीन का हुआ विमोचन**

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**पदमा।** कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में करियर कॉउंसलिंग हुआ। राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित अशोक कुमार, हजारीबाग के पूर्व प्राचार्य सह को-ऑर्डिनेटर, अध्यक्ष समरिटन संस्था, सुनीला लकड़ा,अतिरिक्त जिला कार्यक्रम पदाधिकारी के उपस्थिति में संपन्न हुआ। उपायुक्त के बिजी शेड्यूल के कारण कर्यक्रम में उपस्थित नहीं हो पाई। उनका लिखित शुभ संदेश विद्यालय परिवार को प्राप्त हुआ हैं। वार्डेन मेनका मेहता का सराहनीय पहल और कड़ी मेहनत से यह कार्यक्रम सफल हो पाया हैं । केजीबीवी विद्यालयों के लिए मैगजीन का विमोचन किया गया। मैगजीन विद्यालय में अध्ययनरत्त छात्राओं के लिए प्रेरणा स्त्रोत बनेगा। मेनका मेहता विगत दिनों से ही अपने क्रेटीवीटी से जानी जाती हैं। वार्डेन बनते ही विद्यालय के सुरक्षा व्यवस्था से लेकर गुणवत्ता शिक्षा हेतु लगातार अनोखी पहल कर रही हैं ।करियर कॉउंसलिंग करा कर उन सभी लड़कियों को जीवन यापन का उत्तम मार्ग दिखाया गया हैं जिनके माता या पिता नही हैं ।या दोनों नही हैं। प्रोजेक्ट इम्पैक्ट के लक्ष्यों को प्राप्त करने हेतु लगातार बेहतर प्रयास करने की कड़ी में यह कार्यक्रम अभिभावक को मार्ग दिखाने का काम करेगा। आइएएस प्रोबेशनर लोकेश बारंगे में कहा कि वार्डेन द्वारा आयोजित इसतरह के कार्यक्रम और विद्यालय में तैयार किया गया मैगजीन विद्यार्थियों को बहुत प्रभावित किया हैं। गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के करीब जाने में एक महत्वपूर्ण कड़ी के रूप में साथ ही निकट भविष्य में कॉम्पिटिशन हेतु माइंड को परिपक्व बनाने में यह कार्यक्रम अहम भूमिका निभाएगा। मुझे विश्वास हैं कि अगर इसी तरह का लगातर प्रयास जारी रहा तो यहाँ से कई बच्चियां अच्छे मुकाम को प्राप्त करेंगी। अशोक श्रीवास्तव ने अनुभव को शेयर करते हुए कॉम्पिटिशन में कैसे सफलता हासिल हो विषय को बेहतर समझाया। वही जिला शिक्षा पदाधिकारी महोदय ने भी छात्राओं के बहुत सारे प्रश्नों का जबाब देते हुए सफल होने का गूढ़ बताया। कार्यक्रम को नई ऊंचाई देने में श्री किशोर कुमार, प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी नीलम मरांडी, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी, वंदना श्रीवास्तव, परविंद सिंह, जयशंकर सिंह, प्रभु कुमार साव, संकुल साधन सेवी, संजय कुमार यादव, प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष, पदमा एवं मंच संचालक अनुपमा रानी, संकुल साधन सेवी का महत्वपूर्ण योगदान रहा हैं। वार्डेन मेनका मेहता एवं सभी शिक्षकों तथा शिक्षकेतर कर्मियों का सराहना करते हुए आज के प्रश्न -उत्तर /करियर काउंसलिंग में बेहतर प्रदर्शन करने वाली 10 छात्राओं को समरीटन संस्था के अध्यक्ष अशोक को सम्मानित किया गया। मैट्रिक परीक्षा के टॉपर अनिता कुमारी, इंटरमीडिएट टॉपर अंजली कुमारी, सोहराय कला में बेहतर प्रदर्शन करने वाली छात्र शिखा कुमारी एवं बैंड टीम लीडर आशिया खातून को सम्मानित किया।

# पतरातू में रिझुनाथ चौधरी की पुण्यतिथि पर आज बटेंगे पौधे

**कार्यक्रम को ले पीटीपीएस में आजसू पतरातू प्रखंड कमेटी की हुयी बैठक**

**राज्य के पर्यावरण सरक्षण के लिए संकल्पित है आजसू : रोशनलाल**

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** झारखंड आंदोलनकारी एवं शिक्षाविद् स्व. रिझुनाथ चौधरी की शुक्रवार को भुरकुंडा व पतरातू में पुण्यतिथि मनाई जायेगी। कार्यक्रम की तैयारी को ले गुरूवार को पीटीपीएस में आजसू पतरातू प्रखंड कमेटी की बैठक हुई।

बैठक में बताया गया कि झारखंड राज्य के अग्रणी नेता, झारखंड आंदोलनकारी एवं शिक्षित समाज का बिगुल फूंकने वाले दिवंगत रिझुनाथ चौधरी की पुण्यतिथि के अवसर पर शुक्रवार को पीटीपीएस स्थित आजसू कार्यालय में सुबह 11 बजे एवं भुरकुंडा जनता टॉकीज के समक्ष दोपहर 1 बजे भावपूर्ण श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया जायेगा। इस अवसर पर पर्यावरण की हरियाली को लेकर सैंकड़ों लोगों के बीच छायादार व फलदार पौधा का वितरण भी किया जायेगा। कार्यक्रम के बावत पार्टी के केंद्रीय महासचिव सह बड़कागांव विधानसभा प्रभारी रोशनलाल चौधरी ने कहा कि राज्य में पर्यावरण संरक्ष्पण के लिए ठोस पहल करने की आवश्यकता है। आजसू पार्टी राज्य के पर्यावरण के सुधार के लिए कृत संकल्पित है। झारखंड आंदोलनकारी दिवंगत रिझुनाथ चौधरी की पुण्यतिथि पर लोगों को समय पहुंचने की अपील की है।

### बरहीः मृतक के परिजन ने फैट्री मालिक, मैनेजर पर दर्ज कराया मामला

**बरही।** जियाडा में संचालित पवन पुत्र स्टील प्लांट के फर्नेस भट्टी में हुए ब्लास्ट में उत्तर प्रदेश के बलिया रसरा, गढ़िया गांव निवासी जितेंद्र कुमार की मौत हो गई थी। मृतक के परिजन ने बरही थाना में फैक्ट्री के मालिक, मैनेजर व कर्मी पर मामला दर्ज कराया है। पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी चंद्रशेखर कुमार ने बताया कि मृतक की पत्नी के आवेदन के आधार पर बरही थाना में कांड संख्या 337/24 दर्ज कर लिया गया है। मामला फैक्ट्री के मालिक, मैनेजर और कर्मी पर दर्ज की गई है। वहीं उन्होंने बताया कि मामले की छानबीन की जा रही है, दोषियों पर कड़ी करवाई की जाएगी।

गुरुवार को फैक्ट्री में एसडीओ जोहन टुडू, डीएसपी सुजीत कुमार, सीओ रामनारायण खालको, थाना प्रभारी चंद्रशेखर कुमार ने किया छानबीन।

### हजारीबाग गौतम बुद्ध शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में सावन महोत्सव शुरू

**आज बरसेगी श्रावण के गीतों की फुहार**

**हजारीबाग।** गौतम बुद्ध शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय मुकुंदगंज, हजारीबाग में दो दिवसीय सावन महोत्सव गुरुवार को शुरू हो गया। इस मौके पर महिला-पुरुष दोनों प्रशिक्षुओं ने हाथों में रंग-बिरंगी मेंहदी सजाई। वहीं भगवान भोलेनाथ शिवलिंग पर आधारित मनोहारी शुभ रंगोली बनाई। मौके पर सहायक प्राध्यापिका डॉ बसुंधरा कुमारी ने प्रशिक्षुओं को सावन महोत्सव के आध्यात्मिक, सांस्कृतिक और धार्मिक महत्व को समझाया। साथ ही सावन में प्रकृति से जुड़ाव की जानकारी दी। इस दौरान महिला प्रशिक्षु और प्राध्यापिकाएं भी सावन का प्रतीक हरे परिधान और श्रृंगार में आकर्षक में लग रही थीं।

मेंहदी प्रतियोगिता में विद्यालक्ष्मी कुमारी व वर्षा सिंह संयुक्त रूप से प्रथम, संजय कुमार द्वितीय और अनीशा कुमारी व सुमन कुमारी तृतीय स्थान पर रहीं। सावन महोत्सव का समापन शुक्रवार को होगा। समापन समारोह में प्रशिक्षुओं की ओर से पावन माह श्रावण के गीतों की फुहार बरसेगी। इसमें कजरी गीतों की झंकार खनकेगी। प्राचार्य डॉ अरविंद कुमार यादव की देखरेख में सहायक प्राध्यापिका कुमारी अंजलि, पुष्पा कुमारी, रचना कुमारी, स्नेहलता खलखो, डॉ मीरा कुमारी, वर्षा कुमारी, महिला शिक्षकेत्तरकर्मी पम्मी कुमारी, ज्योति हेमा एक्का आदि ने महोत्सव के आयोजन में सहयोग किया।

### डीएवी पब्लिक स्कूल बरही के छात्र शैक्षणिक भ्रमण पर गये

**बरही।** डीएवी पब्लिक स्कूल बरही के प्रांगण में शैक्षणिक भ्रमण के लिए कक्षा एकादश और द्वादश के छात्र-छात्राओं को गोरिया करमा में स्थित भारतीय कृषि अनुसंधान केंद्र ले जाया गया। जहां बच्चों ने भ्रमण के साथ-साथ कृषि की बारीकियों को भी समझा। उनके साथ विद्यालय के प्राचार्य अशोक कुमार सिंह, धर्मेंद्र कुमार, ललन यादव और निशा कुमारी भी उपस्थित रही। बच्चों ने अनुसंधान केंद्र में कृषि के क्षेत्र में होने वाले नए-नए अनुसंधानों के बारे में जाना। अनुसंधान केंद्र में उपस्थित वहां के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ विशाल नाथ (डायरेक्टर) ने सभी छात्र-छात्राओं को कृषि करने के उन्नत तरीके एवं उसके साथ-साथ खेती में होने वाले नए-नए अविष्कारों के विषय में बच्चों को अवगत कराया। उन्होंने बच्चों को कृषि विज्ञान के क्षेत्र में पाठ्यक्रम और रोजगार के अवसर के बारे में अवगत कराते हुए कृषि तकनीक, मत्स्य पालन, पशुपालन, रबी, खरीफ के उन्नत प्रकार, मेडिसिनल प्लांट के वैरायटी से भी अवगत कराया। डॉक्टर दीपक गुप्ता कृषि वैज्ञानिक से बच्चों को खाद्यान्न उत्पादन, फल एवं सब्जियों के उत्पादन के साथ-साथ भोजन की उपलब्धता के विषय में भी विशेष जानकारी हुई। वैज्ञानिक डॉक्टर मोनू ने बच्चों को आधुनिक कृषि की बारीकियों से अवगत कराया। डॉ कृष्ण प्रकाश ने छात्रों को कृषि के विकास एवं हरित क्रांति से अवगत कराया। डॉक्टर नरेंद्र सिंह वैज्ञानिक ने बागवानी से बच्चों को अवगत कराया।

### बड़कागांव पूर्वी मंडल फिर अध्यक्ष बने खेमलाल महतो व पश्चिमी के आदित्य

**बड़कागांव।** हजारीबाग जिला अध्यक्ष विवेकानंद सिंह ने जिला कार्य समिति के साथ-साथ मंडल अध्यक्षों की घोषणा की जिनमें बड़कागांव पूर्वी उरीमारी मंडल के पुनः अध्यक्ष खेमलाल महतो बनाए गए एवं बड़कागांव पश्चिम मंडल अध्यक्ष पुनः आदित्य साहू सोनी को बनाया गया साथ ही साथ बड़कागांव प्रखंड से जिला कार्य समिति में जिला मंत्री जयनारायण प्रसाद एवं जिला उपाध्यक्ष दामोदर सिंह का भी मनोनीत किया गया इन सभी की घोषणा पर हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल, प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, प्रदेश उपाध्यक्ष राकेश प्रसाद, नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बावरी, प्रदेश महामंत्री आदित्य साहू, कर्मवीर सिंह एवं प्रदेश के पदाधिकारियों का आभार प्रकट किया। वहीं बड़कागांव प्रखंड के भाजपाइयों ने हर्ष व्यक्ति किया एवं नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का बधाई एवं शुभकामनाएं दिया जिनमें मुख्य रूप से पुर्व विधायक लोकनाथ महतो, डा. बालेश्वर महतो, बालेश्वर कुमार, पुर्व प्रमुख टुकेश्वर प्रसाद, अनिल मिश्रा, कृष्णा राम, त्रिवेणी महतो, शिवलाल महतो, दिनेश करमाली, अकल मुंडा, बढन तुरी, विनय कुमार, मूलचंद साहू, श्रीकांत निराला, ज्ञानचंद कुमार उर्फ ज्ञानी, दिनेश कुमार, किशोर राणा, सुमन गिरी, त्रिवेणी महतो, राजेश गुप्ता, राजू साव, बैजनाथ तिवारी, नंदकिशोर मेहता, पारसनाथ प्रसाद, रंजीत मेहता, बेचन साव, अशोक साव, भगीरथ ठाकुर, रवि कुमार दांगी, नितेश कुमार, सेवंती कुमारी, देवंती देवी, लालदेव महतो, कृष्ण गुप्ता, नरेश साव, भीखन महतो, शिवशंकर उर्फ शिबू मेहता, उदय मेहता, सत्यजीत विद्या अलंकार, अशोक महतो, भुपाल स्वर्णकार, पोखन राणा, मनोज प्रभाकर, सहित सैकड़ों लोगों ने बधाई दी

# महाशिवपुराण में श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़

**▸▸ शिव पुराण कथा से मिलते हैं अनंत लाभ : राम कुमार पाठक**



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** मां शीतला मंदिर में महाशिवपुराण कथा के चौथे दिन गुरूवार को श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। कथा वाचक पंडित राम कुमार पाठक ने पार्वती जन्म और शिव विवाह प्रसंग बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। उन्होंने कहा कि शिव दयालु और कृपालु हैं। सच्चे मन से प्रार्थना करने वाले श्रद्धालुओं की भगवान हर दुख हरके सुखों की वर्षा करते हैं। श्री पाठक ने कथा सुनने से जीवन मे क्या प्रभाव पड़ता इसके बारे में भी श्रद्धालुओं को बताया। नगर भ्रमण शीतला मंदिर से शुरू हुआ। जो श्री राधा-कृष्ण मंदिर होते हुए शिव मंदिर पटेलनगर पहुंचा। यहां श्रद्धालुओं के भक्ति जयकारों से पूरा क्षेत्र गूंजता रहा। महाशिवपुराण कथा का समापन 11 अगस्त को होगा। कथा सुनने वालो में राजन नायक, मुन्ना यादव, भीम सिंह, कंचन सिन्हा, उत्तम सिन्हा, पिंटू लाल, विनय मेहता, नन्हे, भोला, किशोर यादव सहित दर्जनों श्रद्धालु मौजूद थे।

### बुढ़वा महादेव मंदिर में ट्रांसफॉर्मर का विधायक ने किया उद्घाटन

**बड़कागांव।** विधायक अंबा प्रसाद के अथक प्रयास से बुढ़वा महादेव मंदिर तक बिजली पहुंची। बुढ़वा महादेव में बिजली का काम पूरा हुआ विधायक ने ट्रांसफार्मर का किया उद्घाटन। विधायक अंबा प्रसाद ने बिजली व्यवस्था उपलब्ध कराने के लिए अपने कार्यालय कर्मी को स्थल पर भेजकर दिन प्रतिदिन हो रहे कार्यों पर लगातार नजर बनाए रखी हुई थी। अंततः कार्य पूर्ण हुआ जिसका विधायक ने उद्घाटन किया। इस दौरान ज़िप सदस्य सुनीता देवी, उप प्रमुख बचनदेव कुमार, विद्युत अधीक्षन अभियंता अशोक कुमार उपाध्याय, विद्युत कार्यपालक अभियंता अंगेश कुमार सिंह, एसडीओ अरविंद कुमार, कनीय अभियंता प्रभास कुमार, पूर्व प्रखंड अध्यक्ष विशेश्वर नाथ चौबे, कांडतरी पंचायत अध्यक्ष मनोज ठाकुर,युवा प्रखंड अध्यक्ष आनंद कुमार, दशरथ महतो, बिंदु दांगी, दामोदर मेहता, सुरेश महतो, प्रेमचंद महतो, सहेस महतो, दशरथ महतो, दिनेश्वर पासवान, निरंजन कुमार समेत कई लोग मौजूद थे।

# तंबाकू निषेध पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रामगढ़।** जिला तंबाकू नियंत्रण कोषांग ने गांधी स्मारक प्लस टू उच्च विद्यालय रामगढ़ में तंबाकू निषेध जागरूकता कार्यक्रम किया। जिला कंसल्टेंट ने कहा कि तंबाकू एक ऐसा तत्व है जो हमारे समाज को अंदर से खोखला कर रहा है । यह एक ऐसा तत्व है जो हमें यह पता चलने नहीं दे रहा है कि यह एक मीठा जहर है जो धीरे-धीरे हमारे शरीर के सभी अंगों को खा रही है । आज हमारा युवा वर्ग तंबाकू के चलते अपने स्वस्थ जीवन को खोता जा रहा है और एक स्वस्थ समाज के निर्माण में उसका योगदान कम होता जा रहा है। तंबाकू से मुंह के कैंसर के साथ-साथ अन्य ऐसी ऐसी बीमारियां भी होती हैं जो एक परिवार को एक पीढ़ी से पीछे धकेल देती है ।



### मंईयां योजना को सफल बनायें कांग्रेस कार्यकता : सुजीत पटेल



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** कांग्रेस के पतरातू प्रखंड अध्यक्ष सुजीत कुमार पटेल ने गुरूवार को कहा कि पतरातू प्रखंड कांग्रेस के सभी पंचायत एवं बूथ अध्यक्षों से आग्रह किया है कि राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही महत्वाकांक्षी योजना मुख्यमंत्री मंईया सम्मान योजना के तहत हर पंचायत भवनो में बहनों द्वारा कराए जा रहे रजिस्ट्रेशन कार्यों में अपने-अपने पंचायत में पंचायत सेवक एवं मुखिया के साथ मिलकर उसे सरल एवं सुलभ बनाने की बात कही है।

## एक नजर में

### अशोक कुशवाहा बने भाजपा मंडल अध्यक्ष

दारु। भाजपा जिलाध्यक्ष विवेकानंद सिंह ने अशोक कुशवाहा को दारु का नया मंडल अध्यक्ष घोषित किया गया है। अध्यक्ष बनाये जाने पर प्रखंड के कार्यकर्ताओं ने उन्हें बधाई दी। कार्यकर्ताओं ने कहा कि अशोक राजनीति के मंझे हुए खिलाड़ी है और उनके आने से प्रखंड में भाजपा मजबूत होगी और विधानसभा में दारु प्रखंड से भाजपा को बंपर बढ़त मिलेगी। अध्यक्ष को बधाई देने वालो में देवदत प्रसाद ,संजय कुशवाहा, संदीप कुशवाहा,सोनी कुशवाहा,सुरेश प्रसाद,बलदेव बाबू ,भैया सुमित कुमार, सुमन सिन्हा सहित कई अन्य कार्यकर्ता शामिल है।

### सड़क किनारे प्ले स्कूल, हो सकती है दुर्घटना

**कटकमदाग।** महुडर गांव में सड़क के किनारे महुडर रानी चिल्ड्रन प्ले स्कूल संचालित है। यह स्कूल एक घर में खोल दिया गया है जो मुख्य सड़क के किनारे है। स्कूल में दो से तीन कमरे है। जरा भी जगह नहीं है. जब स्कूल के छुट्टी होती है तो स्कूल के छोटे बच्चे सड़क के किनारे खड़े होकर अपने परिजन के आने का इंतजार करते है। सड़क पर खड़े होने के कारण कभी भी दुर्घटना हो सकती है. कभी कभार बच्चो को गेट के अंदर बंद कर दिया जाता है इससे भी बच्चो को बहुत तकलीफ होती है। सबसे दिक्कत की बात यह है कि स्कूल ने कोई गार्ड भी नहीं रखा है. छुट्टी के समय गार्ड नहीं होने के कारण बच्चो में अफरा–तफरी का माहौल रहता है. सबसे खराब बात यह है की इस स्कूल में लगभग 200 छात्र है और कमरे मात्र चार हैं। बच्चों को ठूसकर कमरों में पढ़ाया जा रहा है।

### रमेश व सुनील बने भाजपा जिला उपाध्यक्ष

बरही । भाजपा जिला अध्यक्ष विवेकानंद सिंह ने जिला कमेटी का विस्तार करते हुए रमेश ठाकुर को एक बार फिर जिला उपाध्यक्ष की जिम्मेवारी सौंपी है। वहीं सुनील साहू को भी जिला उपाध्यक्ष पद पर मनोनीत किया है। इसके अलावा बरही पूर्वी से मुखिया संघ के अध्यक्ष विजय यादव को मंडल अध्यक्ष व पश्चिमी से भगवान केसरी को मंडल अध्यक्ष मनोनीत किया है। पार्टी के नवमनोनित पदाधिकारियों ने कहा कि पार्टी ने जो जिम्मेदारी उन्हें सौपी है उसका निर्वहन पूरी ईमानदारी के साथ करता रहूंगा। नवमनोनित पदाधिकारियों को पूर्व विधायक मनोज यादव, जीप उपाध्यक्ष किशुन यादव, अर्जुन साव, भाजपा प्रदेश नेता सह प्रखर वक्ता रंजीत चन्द्रवंशी, जीप सदस्या प्रीति कुमारी, गुरुदेव गुप्ता, मुखिया मंगलदेव यादव, सकलदेव यादव, आकाश जायसवाल, मनोज साव, मुन्ना यादव, अशोक यादव, युगल यादव, नागेश्वर रजक, सचिन यादव, मुकेश राम, नारायण यादव, हरेंद्र गोप, राजन ओम, गोविंद साव, समशेर आलम, विशेश्वर यादव समेत अन्य भाजपाइयों ने बधाई दी है।

### ओबी से निकलने वाले गैस से खेती प्रभावित

चरही ।सीसीएल हजारीबाग कोयला क्षेत्र के तापिन साउथ कोलियरी में जमा ओबी से निकलने वाले गैस से ग्रामीण प्रभावित हो रहे हैं ।गैस के कारण ग्रामीणों के गले में बलगम जमा होने का लक्षण हो रहे हैं ।इतना ही नहीं किसानों के द्वारा अपने खेतों और बारी में लगाए धान की फसल सहित विभिन्न प्रकार के लगे फसलों,पेड़ पौधे पर भी प्रतिकूल असर पड़ रहा है ।फसल मरने के कागार पर पहुंच गए हैं ।अगर इस पर प्रबंधन जल्द ही ध्यान नहीं दी तो फसल से लेकर जन मानस तक ओबी से निकलने वाले गैस के चपेट में होंगे ।तब स्थिति और भी भयावह हो सकती है ।इसके लिए प्रबंधन को कोई ठोस कदम उठाते हुए ओबी से निकलने वाले गैस पर काबू पाने की जरूरत है ।ताकि ग्रामीण इसके चपेट में ना आ सके ।और खेत बारी लगे फसल भी बर्बाद होने से बच सके ।ग्रामीणों ने इसको लेकर हस्ताक्षर युक्त आवेदन तापिन साउथ परियोजना को दिया है।

### चरही से 32 कावरियों का जत्था देवघर रवाना

**चरही** ।बतीस कांवरियों का जत्था गुरुवार को चरही बाजारटांड दुर्गा मंडप में इकट्ठा हुए ।जहां पर सबों ने मंडप में बारी–बारी से पूजा–अर्चना किया। बोलबम के नारा लगाते हुए वाहन पर सवार होकर हजारीबाग बुढवा महादेव मंदिर पहुंचकर पुनः पूजा–अर्चना कर सुल्तानगंज हुए बाबा नगरी देवघर के लिए रवाना हुए ।इस जत्था का नेतृत्व समाजसेवी धनवारी महतो कर रहे हैं।

### विनोद प्रगतिशील फाउंडेशन ने बांटा छाता

**बरही।** विनोद प्रगतिशील फाउंडेशन के द्वारा अत्यंत गरीब असहाय विकलांग परिवारों के बीच छाता वितरण का अभियान निरंतर जारी है। इसी कड़ी में गुरुवार को सर्वप्रथम बरही प्रखंड के कोनरा पंचायत अंतर्गत साकरी मोहल्ला, बड़ा इमामबाड़ा के परिसर में अत्यंत गरीब असहाय विकलांग महिला पुरुषों के बीच छत का वितरण किया गया। तत्पश्चात फाउंडेशन के सदस्यों ने गया रोड बरही स्थित खान गैरेज के समीप वाहन बनाने वाले कारीगरों के बीच छाता का वितरण किया। छाता वितरण कार्यक्रम की अध्यक्षता फाउंडेशन के अध्यक्ष मंजीत यादव व पूरे अभियान का विधि व्यवस्था का कमान फाउंडेशन के संस्थापक सदस्य शरीफुल हक ने संभाला। मौके पर फाउंडेशन के अध्यक्ष मंजीत यादव ने कहा कि सेवा से शत्रु भी मित्र हो जाता है, इसे करने के लिए इंसान को प्रेम और करुणा की जरूरत होती है, धन की नहीं। छाता वितरण अभियान में मुख्य रूप से फेडरेशन अध्यक्ष मंजीत यादव, शरीफुल हक, मदीना मस्जिद के अध्यक्ष मोहम्मद मुस्ताक, मोहम्मद करीम, मोहम्मद इरशाद, कमरुद्दीन नवाब, बाबू अशरफ, संजय, सोनू, तरन्नुम खातून, मोहम्मद शमशुल, मोहम्मद शाहिद, मोहम्मद कललु, मोहम्मद सलामत, मोहम्मद अनवर, शहजादी खातून, मोहम्मद जमाल, मोहम्मद जमील, मोहम्मद जमशेद याकूब, रफीक निसार, सफीक मियां, इजरायल मुख्तार, इलियास समेत अन्य कई शामिल रहे।

### बड़कागांव में शहीद निर्मल महतो की पुण्यतिथि मनी

बड़कागांव ।आजसू पार्टी प्रखंड आवासीय कार्यालय में झारखंड के वीर शाहिद और आजसू पार्टी संस्थापक स्व .निर्मल महतो की पुण्यतिथी आजसू पार्टी के प्रखण्ड कमिटी द्वारा मनाया गया, जिसकी अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष गौतम वर्मा एवं संचालन प्रखंड सचिव मनोज दांगी ने किया। इस दौरान केंद्रीय सदस्य कामेश्वर महतो ने कहा कि शहीद निर्मल महतो जी ने झारखंड राज्य की बेहतरी एवं यहां की जनता के हक अधिकार के लिए निर्णायक योगदान दिए शहीद निर्मल महतो के आंदोलन की बदौलत झारखंड अलग राज्य की गठन हुआ। मौके पर संदीप कुशवाह ,जिला उपाध्यक्ष उपेंद्र प्रसाद, जिला सचिव महेंद्र विश्वकर्मा, शंकर मिश्रा,घनश्याम मेहता,देवलाल महतो,तपेश्वर कुमार तापस,रंजीत महतो,संजय राणा,योगेंद्र महतो,रामचंद्र शाह,राजेश्वर महतो, संजय शाहा,हीरा वर्मा,मोहम्मद नसीम,सनी कुमार,विकास साव सहित दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### साल में एक बार दवा खा लेने से कभी नहीं होती है फाइलेरियाः डॉ अरुण कुमार सिंह

विष्णुगढ़। राजकीय औषधालय विष्णुगढ़ के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ अरुण कुमार ने कहा कि दवा वर्ष में एक बार खा लेने से कभी भी किसी को फाइलेरिया कभी नहीं होती है। फाइलेरिया को आमतौर पर हाथी पांव के नाम से जाना जाता है। यह बीमारी मच्छर के काटने से होता है फाइलेरिया विश्व की दूसरी सबसे ज्यादा दिव्यांकता एवंकुरूपता करने वाली बीमारी है यह शरीर के और अंगो कोभी प्रभावित करता है इसका संक्रमण अधिकतर बचपन में ही हो जाता है बीमारी का पता चलने में 5 से 15 साल लग जाता है हाइड्रोसील का इलाज स समय संभव है लेकिन शरीर के अन्य अंगों में जैसे पैर हाथ स्तन में आया हुआ सूजन आमतौर पर ला इलाज होता है । झारखंड में चार करोड लोगों को इस बीमारी का होने का खतरा है । 2 साल से कम उम्र के बच्चे गर्भवती महिलाएं एवं अत्याधिक बीमार व्यक्ति इस दवा का सेवन नहीं करें 1 से 2 साल के बच्चे को आधी गोली एल्बेंडाजोल की दी जा सकती है आप सबों को सलाह दी जाती है की आपके घर आने वाले स्वास्थ्य कार्यकताओं के सामने ही दवा खाएं एवं खिलाएं कुछ लोगों को दवा खाने से मामूली प्रतिकूल प्रभाव हो सकते हैं जैसे सर दर्द उल्टी चक्कर बुखार दस्त इत्यादि जिससे घबराने की नहीं बल्कि खुश होने की जरूरत है क्योंकि आपको आपके शरीर के अंदर फाइलेरिया के कीड़े दवा खाने से मर रहे हैं अगर इससे भी और अधिक जानकारी चाहिए तो आप अपने निकटतम स्वास्थ्य केंद् या हम से संपर्क कर सकते हैं।

## स्पीड न्यूज

### भाजपा नेत्री ऋषिबाला सिंह बनी भाजपा जिला उपाध्यक्ष

**इटखोरी।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी की अनुशंसा पर जिलाध्यक्ष रामदेव सिंह भोगता ने अपने जिला कार्यकारिणी की घोषणा कर दी है जिसमें इटखोरी के कंझिया निवासी भाजपा नेत्री ऋषिबाला सिंह को जिला उपाध्यक्ष की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी गई है। जिला संगठन में नए दायित्व मिलने से उनके समर्थकों में हर्ष व्याप्त है।

### कपिल कुमार फिर बने गिद्धौर मंडल अध्यक्ष

**गिद्धौर।** कपिल कुमार को दूसरी बार भाजपा पार्टी का गिद्धौर मंडल अध्यक्ष मनोनीत किया गया है, जिससे पार्टी कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर है। कपिल कुमार ने अपने पहले कार्यकाल में मंडल अध्यक्ष के रूप में ईमानदारी और निष्पक्षता से अपने कर्तव्यों का निर्वहन किया है, जिसके कारण उन्हें फिर से इस पद के लिए चुना गया है।

### झारखंडी महिलाओं के सम्मान से खिलवाड़ कर रही है भाजपा : रामधन

**कोडरमा।** मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना क्रांतिकारी योजना है, योजना की शुरुआत होने से ही भाजपा की राजनीतिक जमीन खिसक चुकी है। मंईयां सम्मान योजना झारखंड की आधी आबादी के लिए क्रांतिकारी योजना है। इस योजना के लाभुकों को हर महीने 1000 और सालाना 12 हज़ार रुपये मिलेगा। झारखंड सरकार ने महिलाओं के सम्मान के लिए इस योजना को धरातल पर उतारी है, लेकिन भाजपा महिलाओं को मिल रही सम्मान के साथ खिलवाड़ कर रही है। भारतीय जनता पार्टी महिलाओं को मिल रही सम्मान से घबरा गई है।

### पूर्व मुख्यमंत्री बुद्धदेव भट्टाचार्य के निधन पर माकपा ने दी श्रद्धांजलि

**कोडरमा।** पश्चिम बंगाल के पूर्व मुख्यमंत्री और सीपीएम के पूर्व पोलिट ब्यूरो सदस्य कॉमरेड बुद्धदेव भट्टाचार्य के निधन पर मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी ने शोक व्यक्त कर श्रद्धांजलि अर्पित किया। ज्ञात हो कि 80 वर्षीय बुद्धदेव भट्टाचार्य कई सालों से बीमार चल रहे थे। कोडरमा में माकपा कार्यालय में बुद्धदेव भट्टाचार्य के सम्मान में पार्टी का लाल झंडा झुका दिया गया।

### ट्रांसफार्मर खराब होने से ग्रामीण परेशान

**गिद्धौर।** दुवारी पंचायत के अग्रवाल टोला में 15 दिनों से ट्रांसफार्मर खराब होने के कारण ग्रामीण अंधेरे में रहने को मजबूर हैं। ग्रामीणों ने विद्युत विभाग को इसकी जानकारी दे दी है, लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है। बरसात के मौसम में बिजली के बिना रहना ग्रामीणों के लिए बहुत मुश्किल हो गया है। ग्रामीणों ने विद्युत विभाग और जिला प्रशासन से जल्द से जल्द बिजली बहाल करने की गुहार लगाई है। विद्युत विभाग के कर्मचारियों ने बताया है कि जल्द ही ट्रांसफार्मर लगाकर बिजली बहाल कर दी जाएगी। ग्रामीणों के विरोध प्रदर्शन में महेश लाल अग्रवाल, प्रकाश लाल अग्रवाल समेत अन्य लोग शामिल थे।

### लाखों के जेवर ले उड़े ठग गिरोह, दो गिरफ्तार

**सतगावां (कोडरमा)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत मरचोई में ठग गिरोह ने फाइलेरिया रोग का इलाज करने का झांसा देकर लाखों रुपये की जेवर ले उड़े। इस मामले को लेकर ठग गिरोह के दो लोगों को पुलिस ने देर रात सीसीटीवी फुटेज के सहारे पड़ोसी राज्य बिहार के नवादा जिले के बुंदेलखंड थाना क्षेत्र के तकिया पर मुहल्ले से उनके आवास से गिरफ्तार किया है। मामले को लेकर गिरफ्तार दोनों ठगों ने पूछताछ के दौरान जेबर को नवादा-गया रोड स्थित स्वर्ण व्यवसायी टूटू राज ज्वेलर्स के मालिक विक्की कुमार के यहां बेचने की बात पुलिस को कही। ठगों के निशानदेही पर पुलिस ने ज्वेलर्स के मालिक विक्की कुमार के घर पर छापेमारी की।

**भाजपा जितना वादा करती है उससे ज्यादा पूरा करती है, परंतु हेमन्त सरकार सिर्फ सत्ता के लिए**

# लालच देकर पलटना इनकी आदत है : डॉ.नीरा यादव

## झारखंड सरकार के प्रति भाजपा ने निकाला आक्रोश रैली, आक्रोश रैली में डॉ. नीरा यादव ने भरी हुंकार

खबर मन्त्र संवाददाता



**कोडरमा।** राज्य में हो रही लगातार दुष्कर्म, महिला उत्पीड़न, हत्या की घटनाएं एवं भ्रष्ट दमनकारी झारखंड सरकार की कई गलत नीतियों के खिलाफ भाजपा महिला मोर्चा की ओर से विधायक डॉ. नीरा यादव के नेतृत्व में गुरुवार को समाहरणालय के समक्ष झारखंड सरकार के खिलाफ़ महिला आक्रोश प्रदर्शन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में हजारों की संख्या में रैली का समर्थन में महिलाओं की भीड़ देखने को मिला। यह भव्य रैली कोडरमा हनुमान मंदिर से पैदल मार्च करते हुए समाहरणालय के समक्ष पहुंची जो कि वहां सभा में तब्दील हो गई।

पैदल मार्च के दौरान महिलाओं ने हेमन्त सोरेन मुर्दाबाद, महिलाओं पर अत्याचार नहीं चलेगा, महिलाओं के सम्मान में हम उतरे मैदान में, ठगबंधन सरकार हाय हाय, हेमन्त सोरेन गद्दी छोड़ो गद्दी छोड़ो जैसे अनेक खिलाफ के नारे लगाते रहे।

रैली को सफल बनाने के लिए कार्यक्रम में भाजपा महिला मोर्चा प्रदेश महामंत्री सीमा सिंह उपस्थित रही। कार्यक्रम की अध्यक्षता कार्यक्रम संयोजक सुनीति सेठ एवं मंच संचालन महिला मोर्चा जिला महामंत्री सबिता कुमारी ने किया। वहीं विधायक डॉ. नीरा यादव ने सभा के संबोधन में कहा कि अपने हक, अधिकारों, सुरक्षा के लिए झारखंड सरकार के खिलाफ आवाज को बुलन्द करने की आवश्यकता है।

हम महिलाएं एक चट्टानी एकता के साथ झूठ फरेब छलावा और धोखे वाली सरकार को विधानसभा चुनाव में उखाड़ फेंकेंगे। यह सरकार बनते ही सबसे पहले महिला सम्मान में चल रही एक रूपए में होने वाली रजिस्ट्री बंद करवा दी। भाजपा जो कहती है उससे बढ़ कर करती है, परंतु यह हेमन्त सरकार जो कहती वो नहीं करती है। उन्होंने कहा आप इनकी लालच वाली बातों में न आएं अपने विवेक से इन्हें उखाड़ फेंके। इस झारखण्ड सरकार के कार्यकाल में महिलाओं के साथ अत्याचार, उत्पीड़न, हत्या, दुष्कर्म की संख्या में काफी इजाफा हुआ है, महिलाएं सुरक्षित नहीं हैं। वहीं सीमा सिंह ने कहा सरकार जीत के पहले जो कहा था वो एक भी पूरा नहीं किया अब मंईयां परेशान योजना से लोगों को परेशान के साथ साथ दिग्भ्रमित भी कर रहा है। वहीं जिलाध्यक्ष अनूप जोशी ने कहा कि हेमंत सोरेन सरकार झूठ फरेब पर चलने वाली सरकार है।

### देसी कट्टा के साथ युवक गिरफ्तार

**सतगावां (कोडरमा)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत हलकुशा निवासी सुरेश प्रसाद यादव ने थाने में आवेदन देकर कहा कि 7 अगस्त की संध्या 7 बजे कलीडीह निवासी रोशन कुमार और रोहित कुमार दोनों का पिता मंटूश प्रसाद यादव एवं चार अन्य लोगों ने मिलकर पेट्रोल पंप के समीप मेरे तीनों पुत्र रवि कुमार भारती, रणधीर कुमार व बंटी कुमार के साथ गाली गलौज तथा पूर्व में थाने में जो केस किया गया था, उसे वापस लेने की बात कहने लगा। बात को नहीं स्वीकार करने पर मेरे पुत्र रवि कुमार भारती पर देसी कट्टा तान दिया। वहीं उपस्थित मेरे दो पुत्र देसी कट्टा को जप्त कर लिया। पुलिस सशस्त्र बल पेट्रोलिंग गाड़ी उधर से गुजर रही थी और झगड़ा देख गाड़ी को रोका एवं देसी कट्टा के साथ रोहित कुमार को थाने ले गई।

## तेज रफ्तार मोटरसाइकिल ने एक ही परिवार के पांच लोगों को रौंदा, एक की मौत चार घायल

खबर मन्त्र संवाददाता



**कोडरमा।** तिलैया डैम ओपी थाना क्षेत्र अंतर्गत बड़की धमराय में तेज रफ्तार मोटरसाइकिल ने एक ही परिवार के पांच लोगों को टक्कर मारा, जिसमें एक की मौत, जबकि चार लोग घायल हो गए। मिली जानकारी के अनुसार बड़की धमराय निवासी सजमा खातून पति साबिर अंसारी, मुस्कान परवीन पिता सुलेमान अंसारी, रौशन खातून पति जब्बार अंसारी, रेहाना परवीन पति सुलेमान अंसारी व समीर अंसारी पिता साबिर अंसारी तिलैया डैम बड़की धमराय बाजार से सब्जी लेकर अपने घर वापस जा रहे थे, सभी लोग सड़क पार कर रहे थे। इसी दौरान तेज रफ्तार आर वन फाइव मोटरसाइकिल संख्या जेएच02बीएफ-5408 ने अपने चपेट में ले लिया। जिसमें उक्त सभी गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद तिलैया डैम थाना पुलिस ग्रामीणों के सहयोग से सभी घायलों को सदर अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने समीर अंसारी को मृत घोषित कर दिया। वहीं अन्य सभी घायलों को रांची रिम्स रेफर कर दिया गया एवं गुरुवार को शव का पोस्टमार्टम कर अंतिमसंस्कार के लिए परिजनों को सौंप दिया। वहीं ग्रामीणों ने बताया कि मृतक समीर अंसारी अपने घर का इकलौता कमाऊ लड़का था। वहीं मिली जानकारी के अनुसार परिजनों ने जिला प्रशासन से मुआवजा की मांग करते हुए तिलैया डैम थाना को घेर लिया। वहीं चंदवारा सीओ पहुंचकर परिजनों को समझा बुझाकर मामला को शांत किया।

### मकान कार्य में लगे मजदूर की नीचे गिरने से मौत

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** तिलैया थाना क्षेत्र के गैस गोदाम गली वार्ड नंबर 24 निवासी यशोदा देवी पति स्व. अंबिका प्रसाद गुप्ता के मकान में कार्य कर रहे एक मजदूर की नीचे गिरने से मौत हो गई। वहीं मजदूर की पहचान मयूरहंट चतरा वर्तमान पता गैस गोदाम गली निवासी 35 वर्षीय प्रकाश कुमार सिन्हा पिता अजय प्रसाद सिन्हा के रूप में की गई। आनन फानन में आसपास के लोगों के सहयोग से उसे निजी क्लीनिक ले जाया गया। जहां उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। जहां रास्ते में ही मजदूर ने दम तोड़ दिया। गौरतलब रहे जिस मकान के दीवार पर चढ़कर मजदूर कार्य कर रहे थे, वह दीवार 10 इंच की थी और काफी जर्जर थी। इधर घटना के बाद मृतक के शव घर पहुंचते ही परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

**पल्स पोलियो अभियान को लेकर जिला स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक**

## शत-प्रतिशत बच्चों को पोलियो की खुराक मिले : उपायुक्त



खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** जिले में 25 से 27 अगस्त तक पल्स पोलियो अभियान चलाया जायेगा। अभियान की सफलता को लेकर समाहरणालय सभागार में जिला स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक की गयी। जिसमें उपायुक्त मेघा भारद्वाज पल्स पोलियो अभियान को सफल बनाने में सभी संबंधित विभागों को समन्वय स्थापित कर कार्य करने का निर्देश दिया। बैठक में एसएमओ डब्लूएचओ डॉ. दीपक कुमार ने प्रेजेंटेशन के माध्यम से पल्स पोलियो के तहत पोलियो बूथ का आयोजन करने व घर-घर जाकर छुटे हुए बच्चों को पल्स पोलियो पिलाने के संबंध में जानकारी दी। वहीं उन्होंने बताया कि जिले के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों, उप स्वास्थ्य केंद्रों, आंगनबाड़ी केंद्रों समेत अन्य चिह्नित स्थानों पर 25 अगस्त को बूथ का आयोजन कर बच्चों को पल्स पोलियो की खुराक दी जायेगी।

इसके अलावे 26 व 27 अगस्त को सहिया व सेविका के द्वारा घर-घर जाकर छुटे हुए बच्चों को पल्स पोलियो की खुराक दी जायेगी। वहीं उपायुक्त ने कहा कि हमारा लक्ष्य है कि हम जिले में शत-प्रतिशत बच्चों को पल्स पोलियो अभियान के तहत पोलियो की खुराक पिलाया जाए।

मौके पर डीडीसी ऋतुराज, एसडीओ रिया सिंह, सीएस डॉ. अनिल कुमार, डीएसडब्लूओ शिप्रा सिन्हा, डीएस डॉ. रंजीत कुमार, डीएमओ डॉ.मनोज कुमार, डीआरसीएचओ डॉ. कुलदीप कुमार, महेष कुमार, पवन कुमार, विनीत अग्निहोत्री मौजूद थे। वहीं सभी बीडीओ व सीओ ऑनलाईन के माध्यम से जुडे रहे।

## 11वीं कोडरमा जिला खो-खो चैंपियनशिप में मॉडर्न के छात्र रहे उप विजेता



खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** जिला खो-खो संघ द्वारा संचालित कोडरमा 11वीं कोडरमा जिला खो-खो चैंपियनशिप में जिले के मॉडर्न पब्लिक स्कूल ने तृतीय स्थान पाकर अपने विद्यालय का नाम रोशन किया। बताते चलें कि मॉडर्न विद्यालय लगातार पढ़ाई के साथ-साथ गतिविधियों के माध्यम से अपनी श्रेष्ठता का परिचय दे रहा है और एक बार फिर खो-खो चैंपियनशिप में यह साबित हो गई। यह खो-खो चैंपियनशिप जिले के जगन्नाथ जैन महाविद्यालय मैदान में संचालित था। जहां विद्यार्थियों ने तृतीय स्थान प्राप्त कर जीत की ट्रॉफी हासिल की। वहीं विद्यालय प्राचार्य शैलेंद्र कुमार ने खो-खो टीम के सभी खिलाड़ियों को जीत की बधाइयां दी और कहा कि निश्चय ही यह जीत खिलाड़ियों के परिश्रम का परिचय देती है। वहीं निर्देशिका संगीता शर्मा ने भी खो-खो चैंपियनशिप में विजेता छात्रों को बाइयां देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि छात्रों को इसी प्रकार हर क्षेत्र में आगे बढ़ते रहना चाहिए, चाहे पढ़ाई हो यह खेल। उन्होंने विजेता टीम के सभी खिलाड़ियों का उत्साह वर्धन किया।

### ग्यारहवीं जिला स्तरीय खो-खो प्रतियोगिता की चमचमाती ट्रॉफी कैलाश राय के नाम




**कोडरमा।** जगन्नाथ जैन कॉलेज झुमरीतिलैया परिसर में आयोजित जिला स्तरीय खो-खो प्रतियोगिता की चमचमाती हुई ट्रॉफी कैलाश राय सरस्वती विद्या मंदिर झुमरीतिलैया के कनीय की बहनों ने अपने नाम किया। बताते चलें कि पूरे जिले के 14 विद्यालय की बहनों ने इसमें प्रतिभागिता की थी। अपने सभी मैच एक तरफा जीतते हुए बहनों का यह दल फाइनल में भी विजयी रहा। वहीं विद्यालय के कोच धीरज कुमार पांडे और अर्चना सिन्हा के निर्देशन में अभ्यास करने वाली इस टीम के प्रदर्शन पर दर्शक भी दांतों तले अंगुली दबाकर रह गए। विद्यालय की इस टीम का नेतृत्व वर्षा कुमारी के हाथों था, जिनके कुशल रणनीति के आगे विपक्षी टीम की एक न चली। वहीं प्राचार्य शर्मेंद्र कुमार साहू ने भूरि भूरि प्रशंसा की और कहा कि आने वाले दिनों में हमारी यह टीम और अच्छा प्रदर्शन करेगी। वहीं अनुराग सिंह, प्रदीप कुमार, धीरेंद्र कुमार सिंह, नीरज कुमार, विजय कुमार मिश्रा, वीरेंद्र प्रसाद, वीरेंद्र मिश्र, दीपक कुमार विश्वकर्मा, संजय महतो, मुन्ना सिंह, पवन कुमार, उमाशंकर कुमार, चंद्रशेखर कुमार, विक्रम कुमार, कुमार मुरलीधर, सुनील कुमार, श्यामदेव यादव, अशोक कुमार, शर्मिष्ठा शाहा, कुमारी रानी प्रसाद, श्वेता श्रीवास्तव, चंद्रकावेरी निहाल, सोनी कुमारी, रिमझिम कुमारी, मोनिका कुमारी, सोनिया, रानी कुमारी आदि ने हर्ष व्यक्त किया है।

# त्रृटि रहित मतदाता सूची निर्माण से मतदान प्रतिशत में होगी वृद्धिः आयुक्त

## प्रमण्डल आयुक्त ने मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यों का किया समीक्षा

खबर मन्त्र संवाददाता



**चतरा।** प्रमंडलीय आयुक्त उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल हजारीबाग सुमन कैथरीन किस्पोट्टा ने चतरा जिले का दौरा किया और मतदाता सूची के द्वितीय विशेष संक्षीप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 के निमित चल रहे कार्यों की प्रगति की समीक्षा की।

बैठक में लोकसभा आम निर्वाचन 2024 में हुए कम मतदान प्रतिशत के कारण की जानकारी ली गई और प्राप्त फार्म 6, 7 एवं 8 की समीक्षा की गई। आयुक्त ने कहा कि स्वच्छ एवं त्रृटि रहित मतदाता सूचि निर्माण से मतदान प्रतिशत में वृद्धि होगी और कोई भी पात्र नागरिक या अनिबंधित योग्य नागरिक जो अभीतक अपना नाम मतदाता सूचि में पंजीकृत नहीं करा सके है वे प्रपत्र 6 में आवेदन समर्पित करते हुए अपना नाम मतदाता सूचि में दर्ज करा सकते है। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि कोई भी पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची में जुड़ने से वंचित न रहे इसके लिए सभी पदाधिकारी को समन्वय स्थापित करते हुए कार्य करना चाहिए। आयुक्त ने निर्वाचन कार्य से जुड़े पदाधिकारियों को मतदाता सूचि में नाम निबंधन, विलोपन एवं संशोधन हेतु प्रपत्र 6, 6 (क), 7 एवं 8 में प्राप्त दावा/आपत्ति संबंधित प्रपत्रों के निष्पादन के गति को बढ़ाने हेतु कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक के दौरान आयुक्त को अवगत कराया गया कि वैसे बूथों को चिन्हित करने का कार्य किया जा रहा है जहां से सबसे कम फार्म 6 कलेक्ट हुए है, अधिक से अधिक 18 वर्ष से उपर के मतदाताओं को मतदाता सूची में शामिल करने के लिए एवं वैसे मतदाता जिनका दो बूथों पर नाम है एवं जिन मतदाताओं की मृत्यु हो गई है वैसे मतदाताओं को चिन्हित करने के लिए घर-घर जाकर कार्य किया जा रहा है।

### आयुक्त ने किया विभिन्न मतदान केन्द्रों का निरीक्षण

बैठक के पश्चात आयुक्त ने विभिन्न मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किया यथा राजकीयकृत मध्य विद्यालय बकचुम्बा प्रखण्ड कान्हाचट्टी, उत्क्रमित मध्य विद्यालय कोसमाडीह, उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय हरीजन टोला बाराबागी, राजकीय उत्क्रमित उच्च विद्यालय डुमरी बाराबागी, उत्क्रमित मध्य विद्यालय टटरा कान्हाचट्टी, राज्य सम्पोषित उच्च विद्यालय चतरा, राजकीयकृत मध्य विद्यालय गीता आश्रम चतरा के बूथों का निरीक्षण कर बूथ स्तर के पदाधिकारी को अधिक से अधिक फार्म 6 कलेक्ट करने, मतदाता सूचि का शुद्धिकरण, नाम विलोपन समेत कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

## एक नजर में

### चतरा महाविद्यालय में विश्व आदिवासी दिवस समारोह का आयोजन



खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा।** चतरा महाविद्यालय के बी.एड विभाग में विश्व आदिवासी दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं ने आदिवासी वेशभूषा में नृत्य, गान और नाटक प्रस्तुत किए। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. मुकेश कुमार झा ने कहा कि आदिवासी समुदाय ही धरती के मूल निवासी हैं। बी.एड विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. नंद किशोर सिंह ने कहा कि आदिवासी होना गर्व की बात है और झारखंड की पहचान आदिवासियों से ही है। प्रोफेसर प्रेम बसंत बाखला ने कहा कि आदिवासी हमारी पहचान हैं और उन्हें बचाए रखना हमारा कर्तव्य है। कार्यक्रम में बी.एड विभाग के प्रोफेसर ग्लोरिया ग्रेस होरो, प्रो. शोभा कुजूर, प्रो. डॉ. कंचन सोय मुरूम, प्रो. अमित कुमार सिंह, अन्य विभाग के प्रो. विवेक सर, डॉ. एल्वीन बाखला, प्रो. अतुल अनुराग तिर्की भी शामिल थे। मंच संचालन बी.एड विभाग की छात्रा अल्फिया मिन्नत ने किया और 2023-25 और 2022-24 सत्र के सभी प्रशिक्षु उपस्थित थे।

### मिशन वात्सल्य के सामाजिक अंकेक्षण की जन सुनवाई



खबर मन्त्र संवादाता

**चतरा।** समेकित बाल संरक्षण योजना मिशन वात्सल्य के तहत संचालित विभिन्न घटकों के कार्यालयों का भौतिक सत्यापन, दस्तावेज सत्यापन, वित्तीय सत्यापन एवं मौखिक सत्यापन 26 जुलाई 2024 से 7 अगस्त 2024 तक चला।

8 अगस्त 2024 को सामाजिक अंकेक्षण के माध्यम से उभरे तथ्यों को उपायुक्त चतरा की अध्यक्षता में गठित जुरी पैनल के समक्ष निर्णय लेने हेतु प्रस्तुत किया गया। जुरी पैनल में अनुमंडल पदाधिकारी सिमरिया सह जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी, श्रम अधीक्षक आदि शामिल थे। जिला स्तरीय जन सुनवाई के कार्यक्रम में सामाजिक आकेक्षक द्वारा जिला बाल संरक्षण इकाई, बाल कल्याण समिति, किशोर न्याय बोर्ड, बाल गृह एवं चाइल्ड हेल्प लाइन में पाई गई कमियों एवं आवश्यकताओं की सुनवाई की गई तथा सभी को समुचित मार्गदर्शन दिया गया।जिला स्तरीय बाल संरक्षण, ग्राम स्तरीय कमिटी गठन को लेकर जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी को सख्त निर्देश देते हुए स्पॉन्सरशिप योजना के लाभान्वित बच्चों को सोमवार तक राशि हस्तांतरण करने का निर्देश दिया गया। अन्य कई मामलों में जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी से स्पष्टीकरण की मांग की गई। जन सुनवाई कार्यक्रम में बाल विकास परियोजना पदाधिकारी सिमरिया, डीआरपी, बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष, सदस्यगण, किशोर न्याय बोर्ड के सदस्यगण, अंकेक्षण सदस्य, बालगृह एवं चाइल्ड हेल्प लाइन के कर्मी उपस्थित थे।

### चतरा भाजपा अध्यक्ष ने घोषित की जिला कार्यकारिणी, 23 पदाधिकारियों को मिली जगह

**चतरा।** भारतीय जनता पार्टी झारखण्ड प्रदेश के अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के निदेशानुसार, भाजपा जिला अध्यक्ष चतरा रामदेव सिंह भोगता ने जिला पदाधिकारी एवं मंडल अध्यक्षों की नई सूची जारी की है। जिसमें 22 पदाधिकारी बनाए गए हैं और 18 मंडल अध्यक्षों की भी घोषणा की गई है। कार्यकारिणी में सुजीत जायस्वाल, युगल किशोर सिंह, बिंदेश्वरी यादव, ऋषिबाला सिंह, कपिल पासवान और विद्यासागर आर्य उपाध्यक्ष हैं। मिथलेश गुप्ता और मृत्युंजय सिंह महामंत्री हैं। वासुदेव दोंगी, विनय पाण्डेय, प्रभुनाथ सिंह, चंपा देवी, श्रीकान्त शर्मा और गायत्री देवी मंत्री हैं। आनन्द ताम्बी (अन्नू ताम्बी) कोषाध्यक्ष हैं। अमीत कु० सिंह (बबलु) कार्यालय मंत्री हैं। नरेश ठाकुर सह कार्यालय मंत्री हैं।

### गलत यूजर आईडी से रेलवे ई-टिकट बनाने के आरोप में एक युवक गिरफ्तार

खबर मन्त्र संवाददाता

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** डोमचांच थाना क्षेत्र अंतर्गत व्यक्तिगत यूजर आईडी का प्रयोग कर अवैध रूप से रेलवे का ई-टिकट बनाने का करोबार किया जा रहा था। उक्त के सत्यापन के दौरान 28 वर्षीय शशिकांत प्रसाद पिता श्रीकांत प्रसाद डोमचांच वार्ड सं0 04 के द्वारा प्रयोग किए जा रहे लैपटॉप को चेक किया गया तो 04 अदद व्यक्तिगत यूजर आई.डी. का प्रयोग कर काटा गया। 01 अदद अग्रिम यात्रा ई-टिकट तथा 11 अदद पूर्व की यात्रा ई-टिकट पाया गया। व्यक्तिगत यूजर आईडी पर रेलवे के ई-टिकट के बाबत पूछताछ किया गया तो उसके द्वारा बताया गया कि मैं घर पर ही रहकर अपने लैपटॉप से एजेन्ट आई.डी. का प्रयोग कर रेलवे ई-टिकट काटता हूं। कभी-कभी लोभवश आकर अपने लैपटॉप से ही पर्सनल यूजर आई.डी. का प्रयोग कर रेलवे का ई-टिकट काटता हूं।

### झंडोत्तोलन का समय सारणी निर्धारित



खबर मन्त्र संवाददाता

**सिमरिया।** स्वतंत्रता दिवस पर आयोजित होने वाले झंडोत्तोलन की समय सारणी निर्धारित की गई। यह समय निर्धारण प्रखंड कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित बैठक में किया गया है। बैठक कि अध्यक्षता अनुमंडल पदाधिकारी सन्नी राज ने की। बैठक में प्रखंड प्रमुख रोहन साव, बीडीओ विनय कुमार, जिप सदस्य देवनन्दन और थाना प्रभारी मानव मयंक मुख्य रूप से उपस्थित थे। निर्धारित समय के अनुसार स्वतंत्रता दिवस समारोह की शुरूवात सुबह 8:30 बजे सिमरिया चौक पर नेता जी सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा माल्यार्पण के साथ होगा। जिसके बाद 8:45 बजे स्वतंत्रता सेनानी के स्तूप में पुष्पांजलि, 9:05 में अनुमंडल कार्यालय में ध्वजारोहण, 9:15 में अनुमंडल पुलिस कार्यालय, 9:25 में प्रखंड कार्यालय, 9:35 में पुलिस निरीक्षक कार्यालय, 9:45 में सिमरिया थाना, 9:55 में रेफरल अस्पताल तथा शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में 10:35 बजे समारोह पूर्वक राष्ट्रीय तिरंगा फहराया जाएगा। यहां झंडोतोलन के बाद विविध सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

# शहीद निर्मल दा का मतलब झारखंड आंदोलन : रामचंद्र सहिस

खबर मन्त्र ब्यूरो

जमशेदपुर। शहीद निर्मल महतो के शहदत दिवस पर आजसू जिला कमिटी पूर्वी सिंहभूम के अध्यक्ष कन्हैया सिंह के नेतृत्व मे जमशेदपुर स्थित मोदी पार्क से जुलुस की शक्ल मे चमरिया गेस्ट हॉउस पंहुचा और उनके शहीद वेदी पर माल्यार्पण कर उलियाण स्थित समाधि स्थल पर भी पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रधांजलि दिए। इसके बाद सभी कार्यकर्ता बोड़ाम पार्टी कार्यालय पहुचे वहां से हजारों मोटरसाईकिल रैली के साथ मुकुरूडीह चौक स्थित शहीद निर्मल महतो के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर एक श्रद्धांजलि सभा को सम्बोधित किया।

श्रधांजलि सभा मे झारखंडी सांस्कृति कार्यक्रम मानभूम के बिख्यात गोबिंदो लाल महतो, भोलानाथ महतो, एवम राजदूत महतो सम्प्रदाय के द्वारा झुमर प्रस्तुति हुआ। श्रद्धांजलि सभा कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि राज्य के पूर्व मंत्री रामचंद्र सहिस ने कहा की निर्मल महतो का नाम सिर्फ निर्मल दा ही नहीं, झारखंड अलग राज्य का आंदोलन भी है।

झारखंडी जनमानस की पहचान, जल, जंगल, जमीन के अस्तित्व की सुरक्षा व झारखंडी मूल्यों की रक्षा के लिए संघर्ष करना निर्मल महतो की पहचान थी। झारखंड अलग राज्य के आंदोलन को दिशा देने में अपना सर्वस्व कुर्बान करने वालों में निर्मल महतो स्वयं एक आंदोलन थे एक विचार थे. उनकी कुर्बानियों का फल झारखंड अलग राज्य है।



मुकरुडीह चौक पर शहीद निर्मल महतो की प्रतिमा पर श्रद्धांजलि देने पहुंचे पूर्व मंत्री रामचंद्र सहिस व पार्टी के नेतागण।

## आजसू पार्टी ने दी शहीद निर्मल महतो को श्रद्धांजलि

### निर्मल दा के सपनों का झारखंड बनाने का संकल्प

उन्होंने कहा कि निर्मल महतो जानते थे कि झारखंडी लोगों का विकास तब तक नहीं हो सकता, जब तक वह शराब नहीं छोड़ेंगे। वे मानते थे कि झारखंडियों का विकास इसलिए नहीं हो पाता क्योंकि वह शराब में पैसा बर्बाद कर देते हैं और वर्तमान सरकार आज शराब को व्यापार बना लिया है उनके नाम पर राजनितिक रोटी सेंक रही है। जल जंगल जमीन की बात करने वाले लोग आज जल जंगल जमीन का ही सौदा करने लगे हैं। राज्य को लूटने वालो का सहयोगी बन लूट मे हिस्सेदार बने हुए हैं। ऐसी सरकार को उखाड़ने और पुनः निर्मल दा के सपनों का झारखंड बनाने का संकल्प लेकर आज हमलोग उलगुलान करते हैं

**क्या बोले जिलाध्यक्ष** जिलाध्यक्ष कन्हैया सिंह ने कहा कि शहीद निर्मल दा हमारे बीच नहीं है, लेकिन उनके विचार, उनकी कर्मठता और राज्य के प्रति उनकी संवेदनाएं और संदेश आज भी जिंदा है।

**ये रहे मौजूद :** कार्यक्रम में आजसू जिलाध्यक्ष कन्हैया सिंह, सत्यनरायण महतो, सचिन महतो, वन विहारी महतो, संजय सिंह, श्याम कृष्ण महतो , अप्पू तिवारी, आदित्य महतो, संजय सिंह, मृत्युजय सिंह, छोटूलाल सिंह सरदार, विमल मौर्या, ललन झा, विश्वदेव महतो, सोनू सिंह, गणेश महतो, तरनी महतो, उमाशंकर सिंह, सुनील मुर्मू, बहादुर गोप, तन्वीर आलम उर्फ राजू, नीलकमल महतो, सचिन प्रसाद, अरुण महतो, संजय करुआ, मेनका किशकू, प्रवीण प्रसाद, देवयानी दास, रेणुका महतो, पारुल दे, चंद्रेश्वर पांडेय, संगीता कुमारी, रंजना राय, रामकृष्ण महतो, अजीत महतो, मनोहर महतो, आंदो स्वर्णकार, संतोष सिंह, सुधीर सिंह, अनाथ बंधु कुंभकार, श्रीमंत मिश्रा, समता महतो, सुधीर शर्मा, निरंजन महतो, शेखर सहिस समेत हजारों लोग मौजूद रहे।

## स्पीड न्यूज

### चांडिल पंचायत भवन में किया गया तोड़ फोड़

चांडिल। बुधवार को चांडिल पंचायत भवन कार्यालय में असामाजिक तत्वों के द्वारा पंचायत सचिव विकोदर प्रमाणिक के कार्यालय में लगे खिड़की के शिशा को तोड़ दिया गया। चांडिल पंचायत के मुखिया मनोहर सिंह सरदार ने इस संबंध में चांडिल थाना को सुचित कर दिया गया है। मुखिया मनोहर ने पुलिस से कार्रवाई करने की मांग की है। थाना प्रभारी वरुण यादव ने कहा मामले की छानबीन की जा रही है।

### सत्यम सिंह के नेतृत्व में चला अभियान खटाखट



जमशेदपुर। गुरुवार को झारखंड प्रदेश युवा कांग्रेस ने जमशेदपुर पूर्वी विधानसभा के सिद्धगोडा क्षेत्र में जन संपर्क पदयात्रा की। इस दौरान युवा कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष सत्यम सिंह ने बताया कि जमशेदपुर में युवा कांग्रेस जमशेदपुर में लगातार जनसंपर्क यात्रा का आयोजन कर रही है जिसके अंतर्गत युवा कांग्रेस द्वारा चलाए जा रहे हर घर खटाखट, चलो पंचायत चलो वार्ड के साथ ही जमशेदपुर की स्थानीय समस्याओं को चिन्हित कर उसके समाधान का कार्य योजना बनाकर उसके समाधान की जा रही है। युवा कार्यकताओं के द्वारा इस कार्यक्रम को एक यात्रा का रूप देकर जमशेदपुर पूर्वी विधानसभा में चलाया जा रहा है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से भारतीय युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय समन्वयक अमन सिद्दीकी, पूर्वी विधानसभा महासचिव सुभम शुक्ला, प्रखंड अध्यक्षों में मिथुन चक्रवर्ती, अभिषेक अंजन, सोनू सिंह, निक्कू सिंह, अनीश सिंह, राजेश शर्मा आदि युवा कांग्रेस के कार्यकर्ता गण उपस्थित थे।

### एक्सआईटीई कॉलेज के विद्यार्थियों का स्वागत

गम्हरिया। एक्सआईटीई कॉलेज गम्हरिया की पर से जेवियर स्कूल ऑडिटोरियम में फ्रेशर्स डे समारोह का आयोजन कर छात्रों के नए बैच का स्वागत किया गया। समारोह का शुभारंभ संस्थान के प्राचार्य व उप प्राचार्य द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस मौके पर उप प्राचार्य फादर डॉ0 मुक्ति क्लेरेंस एस.जे. ने नए छात्र-छात्राओं को आगे आने वाले अवसरों और चुनौतियों को स्वीकार करने के लिए प्रोत्साहित किया। समारोह का शुभारंभ प्रार्थना के साथ किया गया। इस मौके पर संस्थान के छात्र-छात्राओं द्वारा सामुहिक नृत्य, संगीत, लघु नाटक समेत विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति की गई। इस दौरान आयोजित प्रतियोगिता में मिस्टर फ्रेशर 2024 का खिताब निकोलस को तथा मिस फ्रेशर का खिताब पियाली दास को प्रदान किया गया।कार्यक्रम का समापन फरहीन द्वारा दिए गए धन्यवाद प्रस्ताव के साथ हुआ। इस मौके डॉ0 राधा महाली, प्रो0 अकिंचन जाक्सा समेत संस्थान के कई व्याख्याता व काफी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

### जन सेवा ट्रस्ट ने चलाया जागरूकता कार्यक्रम

जमशेदपुर। विश्व जन सेवा ट्रस्ट की ओर से डॉ. मनीष कुमार झा के द्वारा आज बड़ा गधरा में मासिक चक्र जागरूकता कार्यक्रम एवं निशुल्क प्रोजेक्ट बाला पैड का वितरण किया गया, जिसमें महिलाओं और लड़कियों को मासिक चक्र स्वास्थ्य और स्वच्छता के बारे में जागरूक किया गया।

# निर्मल दा के बलिदान को झारखंडी कभी भूल नहीं सकते : हेमंत सोरेन

- शहीद निर्मल महतो के 37वें शहादत दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए मुख्यमंत्री
- उलियान, जमशेदपुर स्थित उनके समाधि स्थल पर माल्यार्पण कर दी श्रद्धांजलि
- राज्य की महिलाओं से बोले- मुख्यमंत्री मंइयां सम्मान योजना से जुड़ प्रगति का नया रास्ता बनायें
- झारखंडी बच्चों के बेहतर शिक्षा से ही राज्य के बेहतर भविष्य का रास्ता बनेगा

विशेष संवाददाता

जमशेदपुर। अमर शहीद निर्मल दा। एक ऐसी शख्सियत, जो झारखंड अलग राज्य आंदोलन के एक अहम स्तंभ थे। अलग राज्य के लंबे समय तक चले संघर्ष में उनका योगदान कभी भुल नहीं सकते हैं। आज उनका बलिदान दिवस है। मौके पर सभी अमर वीर शहीदों को शत-शत नमन...। सीएम हेमंत सोरेन ने आज अमर वीर शहीद निर्मल महतो जी के 37वें बलिदान दिवस पर उलियान, जमशेदपुर स्थित उनके समाधि स्थल एवं यहां स्थापित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की।

मुख्यमंत्री ने अमर शहीद निर्मल महतो के शहादत दिवस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि हमारी सरकार ने राज्यवासियों के हित में कई ऐतिहासिक और निर्णायक कदम उठाये हैं। हमारी सरकार ने सरकारी कर्मियों को पुरानी पेंशन योजना लागू कर उनके बुढ़ापे की लाठी प्रदान की है। वहीं बुढ़ापे में कोई पेंशन से वंचित न रहे, इसके लिए सर्वजन पेंशन योजना शुरू की है। ऐसे ही अनेकों योजनाएं हैं, जिसका सीधा फायदा इस राज्य के आदिवासी, दलित, गरीब, मजदूर किसान, महिला और नौजवानों समेत हर वर्ग और तबके को हो रहा है। हम अपनी योजनाओं के माध्यम से इस राज्य की तस्वीर और तकदीर बदलने का कार्य निरंतर करते आ रहे हैं।



### सरकार की योजनाओं से जुड़ें, दूसरों को जुड़ने के लिए भी प्रेरित करें

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार द्वारा अनेकों योजनाएं चलायी जा रही हैं। उन्होंने लोगों से कहा कि वे अपनी जरूरत की योजनाओं से जुड़े और जिन्हें इन योजनाओं की जानकारी नहीं है, उन्हें इसकी जानकारी देकर योजनाओं से जोड़ने के लिए प्रेरित करें। सभी के सहयोग और भागीदारी से सभी को राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ देने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

### महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए सरकार संकल्पित

सीएम ने कहा कि महिला सशक्तिकरण के लिए सरकार प्रतिबद्ध है महिलाओं को स्वावलंबी बनाने की दिशा में लगातार प्रयास हो रहे हैं। महिलाएं आगे बढ़ें, इसके लिए कई योजनाएं हैं। इसी कड़ी में झारखंड मुख्यमंत्री मंइयां सम्मान योजना की शुरुआत हो रही है। इसके अंतर्गत 21 से 50 वर्ष तक की महिलाओं को हर महीने एक हजार रुपये की सम्मान राशि दी जायेगी। राज्य की ज्यादा से ज्यादा महिलाओं को इसका लाभ मिले, इसके लिए इसके आवेदन की प्रक्रिया को काफी सरल रखा गया है।

**ये रहे मौजूद :** मंत्री चंपाई सोरेन, मंत्री बन्ना गुप्ता, विधायक रामदास सोरेन, विधायक सविता महतो, विधायक संजीव सरदार, विधायक समीर मोहंती, विधायक मंगल कालिंदी, झारखंड राज्य अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष हिदायतुल्लाह खान, गौ सेवा आयोग के उपाध्यक्ष राजू गिरि और जिला बीस सूत्री कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति के उपाध्यक्ष मोहन कर्मकार समेत अन्य मौजूद थे।

## एक नजर में

### बीएसीटी के दो छात्रों का एनटीटीएफ में प्लेसमेंट



जमशेदपुर। बी ए कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी, घुटिआ जमशेदपुर के 2 बुद्धिमान छात्रों – मैकेनिकल शाखा के अंतिम वर्ष के आयुष्मान गर्ग और माणिक चंद सिंह का अग्रणी डिप्लोमा शैक्षणिक संस्थान एनटीटीएफ (नेट्टूर टेक्निकल ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट) में बहुत अच्छे पैकेज पर जीइटी पद पर चयन हुआ है। छात्रों ने एनटीटीएफ संस्थान जमशेदपुर में 24 जुलाई 24 को लिखित परीक्षा और साक्षात्कार दिया था। छात्र 12 अगस्त 24 से एनटीटीएफ बैंगलोर में 1 वर्ष के लिए प्रशिक्षण में रहेंगे और प्रशिक्षण में उन्हें अच्छा वजीफा दिया जायेगा। प्रशिक्षण के बाद छात्रों को नौकरी के लिए स्थायी कर दिया जायेगा। उनकी सफलता पर चेयरमैन डॉ एसके सिंह, प्रभारी प्राचार्य डॉ प्रत्यंचा प्रसाद, टीपीओ राहुल सिंह और सभी फैकल्टी ने बधाई दी।

### कुर्मी नेता व जदयू के प्रदेश प्रवक्ता राजीव रंजन को दी गयी श्रद्धांजलि



जमशेदपुर। गत 7 अगस्त को पटेल पुस्तकालय विद्यापति नगर जमशेदपुर में बिहार के सम्मानित समाज के नेता एवं जदयू के राष्ट्रीय प्रवक्ता स्वर्गीय राजीव रंजन जी को श्रद्धांजलि देने के लिए सरदार वल्लभभाई पटेल सेवा समिति की ओर से एक शोक सभा का आयोजन किया गया। इस सभा में पटेल सेवा समिति के पदाधिकारी एवं समाज के प्रबुद्ध लोगों की उपस्थित हुए। जिसमें सर्वप्रथम उपस्थित सदस्यों ने उनके चित्र पर पुष्प एवं माला अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दिया। समिति के अध्यक्ष श्री रामाश्रय प्रसाद ने श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि यह बहुत बड़ा दुख की खड़ी है यह समाज के लिए बहुत अपूरणीय क्षति है। श्रद्धांजलि सभा में पटेल समिति के प्रमुख लोगों ने अपनी भावना को व्यक्त किया जिसमें समिति के अध्यक्ष रामाश्रय प्रसाद, महासचिव नवीन चंद्र सिंह , उपाध्यक्ष वृंदा प्रसाद, नरेश कुमार सिंह, शत्रुघ्न प्रसाद उपेंद्र सिंह, त्रिपुरा राय, अनिल कुमार सिंह , बिहारी प्रसाद , कृष्ण प्रसाद , देवानंद प्रसाद, जयकुमार महतो , उमानंद राय श्री भगवान प्रसाद के अलावे उपस्थित सभी सदस्यों ने श्रद्धांजलि दी।

### 10 से शुरू होगा गीता थिएटर का एक्टिंग क्लासेस



जमशेदपुर। मायानगरी मुंबई के बाद अब लौहनगरी टाटा नगर जमशेदपुर में भी लोग अभिनय के प्रति आकर्षित हो रहे है परंतु उन्हें सही मार्गदर्शन और सहयोग नहीं मिल पाता है जिसे वो चाह कर भी एक्टिंग क्षेत्र में कुछ कर नहीं पाते और इस विद्या को छोड़कर दूसरी और रुख कर लेते हैं। इन्ही सब को देखते हुए गीता थिएटर जमशेदपुर के अभिनय के प्रति रुचि रखने व्यक्तियों के लिए शुरू करने जा रही है एक्टिंग क्लासेस, जिसमें किसी प्रकार का नामकरण शुल्क नहीं लिया जायेगा। जमशेदपुर में यह भी देखा जाता है कि कई संस्थाएं एक्टिंग सीखाने के नाम पर लोगों से प्रत्यक्ष- अप्रत्यक्ष रूप से शुल्क लेती है परन्तु उन्हें अभिनय के लिए कोई मंच या मार्ग प्रदान नहीं करती। ऐसी संस्थाओ ने कला को व्यापार बना लिया है इन सब को जवाब देने तथा शहर में कलात्मक माहौल निर्माण करने के उद्देश्य से गीता थिएटर का गठन किया गया था जिसके बाद अब 10 अगस्त से निशुल्क एक्टिंग क्लास शुरू किया जा रहा है इस क्लास में युवाओं को प्राथमिकता दी जाएगी साथ ही साथ ऐसे लोग जो अभिनय के प्रति रुचि रखते हुए कुछ करना चाहते हैं उन्हें अभिनय विद्या से जोड़कर नाटक के माध्यम से रोजगार देने की कोशिश कि जाऐगी एवं समय - समय पर राष्ट्रीयस्तरों पर आयोजित होने वाले नाट्य महोत्सव तथा गीता थिएटर के आगामी लघु फिल्मों में अपने प्रतिभा का प्रदर्शन करने का मौका भी दिया जाएगा। इस एक्टिंग क्लासेस में गीता थिएटर के गीता कुमारी वं प्रेम दीक्षित के अलावा जमशेदपुर कोलकाता तथा मायानगरी मुंबई से भी अभिनय के विशेषज्ञ समय- समय पर सम्मिलित हो प्रशिक्षित करेंगे।

# टाटा स्टील की नोआमुंडी व जोड़ा ईस्ट आयरन माइंस को मिला पुरस्कार





नोवामुंडी माइंस के पदाधिकारी अवार्ड ग्रहण करते और जोड़ा इस्ट आयरन माइंस के पदाधिकारी अवार्ड ग्रहण करते।

खबर मन्त्र ब्यूरो

नोआमुंडी/ जमशेदपुर। टाटा स्टील की नोआमुंडी आयरन माइन और जोड़ा ईस्ट आयरन माइन, जो कि ओर, माइंस और क्वैरीज (ओएमक्यू) डिवीजन का हिस्सा हैं, को भारत सरकार के खान मंत्रालय द्वारा सतत विकास के लिए प्रतिष्ठित 5-स्टार रेटिंग पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान समारोह बुधवार को डॉ. अम्बेडकर इंटरनेशनल सेंटर, नई दिल्ली में आयोजित हुआ। राजेश कुमार, चीफ, जोड़ा, टाटा स्टील, डी विजयेंद्र, चीफ, नोआमुंडी आयरन माइन, टाटा स्टील, पिंकू कुमार, हेड, प्लानिंग, माइन प्लानिंग (ओपी), टाटा स्टील और गौरव मुखर्जी, एरिया मैनेजर, माइन प्लानिंग (ओपी) ने कंपनी की ओर से यह पुरस्कार प्राप्त किया। 5-स्टार रेटिंग सिस्टम, जो कि खान मंत्रालय द्वारा दिया जाता है, माइनिंग ऑपरेशंस का आकलन कई कारकों के आधार पर करता है, जिसमें परिचालन कुशलता, पर्यावरण प्रबंधन, सुरक्षा मानक शामिल है।

# भाजपा महानगर कमेटी का विस्तार होते ही बवाल शुरू

खबर मन्त्र ब्यूरो

जमशेदपुर। भारतीय जनता पार्टी के जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष सुधांशु ओझा ने पदभार लेने के पश्चात अपनी कमेटी का विस्तार तो कर दिया है किन्तु इससे उनके खिलाफ असंतोष के स्वर भी तेज हो गये हैं। भाजयुमो के पूर्व महानगर मीडिया प्रभारी अमर सिंह ने कहा है कि भाजपा द्वारा जीएसटी लगाने पर महामंत्री रहते हुए पुतला फूंकने वाले अनिल मोदी को तीसरी बार महामंत्री बनाया। जबकि उनके खिलाफ मैंने संगठन मंत्री, महामंत्री, प्रदेश अध्यक्ष से लिखित शिकायत की थी। अमर ने कहा कि भाजपा जमशेदपुर महानगर के सभी मनोनीत पदाधिकारियों को बधाई एवं शुभकामनायें। राष्ट्र की सबसे बड़ी पार्टी भाजपा का महानगर पदाधिकारियों की नियुक्ति संगठन का एक हिस्सा है परंतु पहले जो चुनाव से पदाधिकारियों का निर्वाचन होता था उसके जगह अब करीबियों और पैरवीकार का मनोनयन की प्रथा से पार्टी कमजोर होते जा रही है और कर्मठ कार्यकर्ताओं का मनोबल गिरता जा रहा है। सवाल उठाते हुए अमर सिंह ने कहा कि भाजपा के लोकप्रिय पीएम ने एक देश एक टैक्स के तहत कपड़ों पर भी जीएसटी लगायी थी तब पार्टी में महामंत्री के पद पर रहते हुए अनिल मोदी ने पार्टी के संविधान से इतर



भाजयुमो के पूर्व मीडिया प्रभारी अमर सिंह।

# खूब सज्यो दरबार मैया थाना आनो पड़सी...



- जुगसलाई राणी सती मंदिर में धूमधाम से मना सिंधारा-तीज उत्सव

खबर मन्त्र ब्यूरो

जमशेदपुर। श्री राणीसती सत्संग समिति जुगसलाई द्वारा हरियाली अमावस्या पर श्री राणीसती दादी जी का सिंधारा-तीज उत्सव धूमधाम से मनाया गया। जुगसलाई राणी सती मंदिर के प्रथम तल्ला पर आयोजित हुए इस धार्मिक अनुष्ठान में सर्वप्रथम सुघा-अनिल कुमार अग्रवाल (समिति के अध्यक्ष) द्वारा श्री गणेश जी और राणी सती दादी जी का पूजन किया गया। मंदिर के पुजारी बिमल पांडे ने पूजन कार्य संपन्न करवाया। दादी जी का दरबार फूलों से बहुत ही सुंदर और आकर्षक ढंग से सजाया गया था। स्थानीय प्रसिद्ध भजन गायिका सुनीता एवं गोविंद भारद्वाज एंड टीम समेत समिति के कलाकार शामिल रहे।

# ह्यूमन वेल्फेयर ट्रस्ट के आयोजन में यूपीएससी टॉपर स्वाति शर्मा भी सम्मानित

- नीट यूजी टॉपर कहकशां परवीन समेत नीट क्वालीफाइड छात्र छात्राओं को डीसी ने किया सम्मानित

खबर मन्त्र ब्यूरो

जमशेदपुर। गत 7 अगस्त को ह्यूमन वेलफेयर ट्रस्ट की ओर से नीट यूजी में क्वालीफाई करने वाले छात्र जिन्होंने जमशेदपुर के शान को बढ़ाया है उन्हे सम्मानित करने के लिए आजादनगर थाना क्षेत्र में स्थित होटल महल इन सभागार में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया जिसमे बतौर मुख्य अतिथि पूर्वी सिंहभूम के डीसी अनन्य मित्तल एवं विशिष्ट अतिथि के तौर पर लक्ष्मी चंद्रवंशी मेडिकल कॉलेज पलामू के डॉक्टर मतीन अहमद खान उपस्थित थे जिन्होंने छात्रों को मेडिकल की पढ़ाई के लिए आगे का मार्गदर्शन दिया।

डीसी का स्वागत ह्यूमन वेलफेयर ट्रस्ट के अध्यक्ष मतीनुल हक अंसारी सचिव मुख्तार आलम खान द्वारा बुके एवं शाल ओढ़ाकर कर किया। जबकि ह्यूमन वेलफेयर ट्रस्ट की ओर से उपायुक्त अनन्य मित्तल को पूर्वी सिंहभूम में इनके द्वारा किए कार्यों की काफी सराहना करते हुए इन सभी कार्यों के लिए एक मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। इसके पश्चात डीसी अनन्य मित्तल के द्वारा नीट यूजी की टॉपर कहकशा परवीन एवं हाइका महमूद तथा यूपीएससी ऑल इंडिया 17 रैंक लाने पर स्वाति शर्मा को सम्मानित किया।

इन छात्रों को भी किया गया सम्मानित : नीट यूजी क्वालीफाई करने के लिए आदित्य, अमित, अमित पाठक, अनिका, भाविका, गाजिया, इफ़्फ़त, जक्का, केशव, मानव, मो अमीर, नबीहा, निशांत, रिम्शा, रिशब गुप्ता, श्रेयषी एवं सैयद नबील को बुके और मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में करीम सिटी कॉलेज के सेक्रेट्री डॉ मो जकरिया प्रिंसिपल डॉ मो रियाज विवेकानंद इंटरनेशनल स्कूल की प्रिंसिपल डॉ निधि श्रीवास्तव अहसेन इंटरनेश अल स्कूल की अर्चना दिवेदी समाजसेवी सैयद मंजर आमीन जमाते ओलेमा शामिल थे।



यूपीएससी परीक्षा में 17 वां स्थान लाने वाली स्वाति शर्मा, नीट टॉपर कहकशा परवीन और नीट क्वालिफाई करने वाले छात्र-छात्राओं के साथ डीसी अनन्य मित्तल ग्रुप फोटो करवाते हुए।




# नीति आयोग द्वारा संचालित आकांक्षी जिला कार्यक्रम को लेकर समीक्षा बैठक

**एजेंसी**



**कटिहार।** नीति आयोग द्वारा संचालित आकांक्षी जिला कार्यक्रम एवं आकांक्षी प्रखण्ड कार्यक्रम के तहत 'सम्पूर्णता अभियान' के कार्यों की एनआईसी सभागार में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला पदाधिकारी के द्वारा सम्पूर्णता अभियान अंतर्गत आकांक्षी जिला कार्यक्रम के छः सूचकांकों जिसके तहत स्वास्थ्य विभाग का दो सूचकांक यथा प्रथम तिमाही में सभी पंजीकृत गर्भवती महिलाओं का प्रसव पूर्व जाँच एवं 09 से 11 माह के सभी बच्चों का टीकाकरण, आईसीडीएस का सूचकांक सभी गर्भवती महिलाओं को पूरक पोषण की उपलब्धता, कृषि विभाग का एक सूचकांक सोशल हेल्थ कार्ड का वितरण एवं शिक्षा विभाग का दो सूचकांक पहला सभी माध्यमिक विद्यालय में बिजली की सुविधा तथा सभी बच्चों को पाठ्य पुस्तक उपलब्ध कराना से संबंधित सूचकांक के उपलब्धि से संबंधित सूचकांक के रिपोर्ट के आधार पर क्रमवार तरीके से छः सूचकांक का समीक्षा किया गया। उल्लेखनीय है कि कटिहार जिला अंतर्गत आकांक्षी प्रखण्ड कार्यक्रम में तीन प्रखण्ड कुसेर्ला, मनिहारी एवं बलरामपुर प्रखण्ड सामिल है। जिले के सभी प्रखण्ड विकास पदाधिकारियों, एमओआईसी अन्य संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया कि आकांक्षी प्रखंड कार्यक्रम के तहत कुल छः सूचकांको का शत-प्रतिशत उपलब्धि हेतु कार्यों में तेजी लाया जाए, सम्पूर्णता अभियान के तहत बचे हुए समय का कार्य योजना तैयार कर रोस्टर के अनुरूप प्रत्येक दिन का गतिविधि का संचालन करें एवं निर्धारित लक्ष्य को हर हाल में पूर्ण करना सुनिश्चित करें।

# बांग्लादेश के हिन्दूओं को भारत में देना चाहिए शरण : शाह हसन

**एजेंसी**



**भागलपुर।** बंग्लादेश में अराजकता थमने का नाम नहीं ले रहा। हर कोई खुद को असुरक्षित महसूस कर रहा है। बंग्लादेश में हिन्दू भाई के साथ हो रहे घटना पर देश के प्रसिद्ध खानकाह-ए-पीर शाह के 15वें सज्जादानशीं सैयद शाह फखरे आलम हसन ने दुख व्यक्त करते हुए कहा कि यह चिंता का विषय है। बंग्लादेश में सत्ता परिवर्तन हुआ है और आम जनता का आक्रोश देखकर ऐसा प्रतीत होता है कि जनता अपनी सरकार से संतुष्ट नहीं थी। इस लिए हफ्ते भर के अंदर बंग्लादेश सरकार धराशायी हो गई। नई सरकार का गठन होने जा रहा है। सज्जादानशीं शाह हसन ने कहा सबसे ज्यादा जिस बात से तकलीफ हो रही है कि बंग्लादेश के अल्पसंख्यकों के साथ जो जो हिन्दू धर्म के मानने वाले हैं। उनके साथ दुर्व्यवहार और हिंसा की जा रही है। वह कहीं से जायज नहीं है। इसकी जितनी निंदा की जाए कम है। यह समाज के तमाम लोगों के लिए कष्टदायक है। शाह हसन ने कहा कि बंग्लादेश में बनने वाली नई सरकार लोगों के प्रतिसंवेदनशील होना चाहिए और उनकी पीड़ा को दूर करने की जरूरत है। समाजिक न्याय करते हुए हिन्दूओं भाईयों का पूरा ख्याल रखने की आवश्यकता है। सज्जादानशीं ने भारत सरकार से भी अनुरोध किया है कि बंग्लादेश में हिन्दू भाईयों को हर संभव सुरक्षा मुहैया करना चाहिए। सज्जादानशीं शाह हसन ने मोदी सरकार से अनुरोध किया है कि बंग्लादेश के अल्पसंख्यक हिन्दू भाईयों को भारत में शरण देकर उन्हें यहां की नागरिकता देनी चाहिए।

**खबर एक नजर में**

## वोट के ठेकेदारों के झांसे में न आयें, विकास करने वाले को वोट दें : मंत्री मिथिलेश

**गढ़वा।** गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने गुरूवार को अचला पंचायत में जनता संवाद आयोजित कर पंचायत वासियों की समस्या सुनी। अचला पंचायत के ग्राम नारायणपुर में हनुमान मंदिर में समीप तथा डुमरो में इमली पेड़ के समीप आयोजित जनता संवाद कार्यक्रम में मंत्री ने ग्रामीणों की कई समस्याओं का निदान किया। मौके पर मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि जो लोग समाज को जात पात, हिंदू मुसलमान में बांट कर आपस में विद्रोह पैदा करते हैं, ऐसे लोगों के चक्कर में नहीं पड़ना है। जो लोग आपके वोट का ठेकेदार बनते हैं वैसे लोगों के झांसे में नहीं आना है। जो हमेशा आपके बीच रहकर आपके क्षेत्र का विकास कर रहा है, उसे ही अपना वोट दें। दूसरे लोगों के चक्कर में पड़ने से सरकार जो आज जन कल्याणकारी योजनाएं चला रही है वो सब दूसरे लोग बंद करा देंगे। मंत्री ने कहा कि वोट के दौरान जो लोग क्षेत्र में घूमकर वोट मांगते हैं उनसे अवश्य पूछें कि आपने क्षेत्र के लिए क्या किया है। आपको किस बात के लिए वोट दें। मंत्री ने कहा कि पूरे क्षेत्र में बहुत सारा विकास कार्य किया जा चुका है। शेष बचे कार्य पाईपलाइन में हैं। शीघ्र ही उन्हें भी पूर्ण कर लिया जाएगा। मौके पर मुख्य रूप से झामुमो जिलाध्यक्ष तनवीर आलम खान, सचिव मनोज ठाकुर, रामनाथ मेहता, मदन रजवार, रामचंद्र राम, संजय दास, प्रेमचंद मेहता सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## गांजा तस्करी मामले में एक को पंद्रह वर्षों का सश्रम कारावास



**पूर्वी चंपारण।** विशेष न्यायाधीश (एनडीपीएस) कोर्ट-2 सूर्यकांत तिवारी ने गांजा तस्करी मामले में दोषी पाते हुए नामजद एक अभियुक्त को पंद्रह वर्षों का सश्रम कारावास व दो लाख रुपए अर्थ दंड की सजा सुनाए है। अर्थ दंड नहीं देने पर छह माह की अतिरिक्त सजा काटनी होगी। सजा संग्रामपुर थाना के जलाहा मियां टोला निवासी जोखु राय उर्फ हृदया राय को हुई। मामले में संग्रामपुर थाना के पुअनि सुनील कुमार सिंह ने संग्रामपुर थाना कांड संख्या-271/2022 दर्ज कराया था। जिसमें कहा था कि 18 अक्तूबर 2022 को गुप्त सूचना मिली कि नेपाल से भारी मात्रा में गांजा लाया गया है। सूचना के आलोक में रात्रि करीब 11.30 बजे संग्रामपुर मंगलापुर अहिर टोली गांव में छापेमारी कर एक कंटेनर में छुपाकर रखा गया 3 क्विंटल 25 किलो 950 ग्राम गांजा बरामद किया गया। जो 21 बंडल में बंधा हुआ था। एनडीपीएस वाद संख्या 70/2022 विचारण के दौरान विशेष लोक अभियोजक प्रभाष कुमार त्रिपाठी ने चार गवाहों को न्यायालय में प्रस्तुत कर अभियोजन पक्ष रखा। न्यायाधीश ने दोनों पक्षों के दलीलें सुनने के बाद धारा 20(बी) सी एवम 25 (सी) एनडीपीएस एक्ट में दोषी पाते हुए उक्त सजा सुनाए है।

## मंत्री डॉ प्रेम के निर्देशन में आयोजित होंगे चलो गांव की ओर कार्यक्रम



**नवादा।** अखिल भारत वर्षीय चंद्रवंशी क्षत्रिय महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष बिहार सरकार के मंत्री डॉक्टर प्रेम कुमार के निर्देशानुसार महासभा चलो गांव की ओर कार्यक्रम आयोजित करेगी। जिसकी सफलता के लिए गुरुवार को बैठक आहूत की गई। नवादा जिले के अकबरपुर प्रखंड के खैरा गांव में आयोजित बैठक की अध्यक्षता अखिल भारत वर्षीय चंद्रवंशी क्षत्रिय महासभा के जिला अध्यक्ष अभय चंद्रवंशी ने किया। पटना से चल कर आए महासभा के दक्षिण बिहार प्रदेश युवा महामंत्री बाल्मिकी सिंह चंद्रवंशी ने संगठन के मजबूती पर विस्तार से चर्चा की। जिसमें सर्वसम्मति से अखिल भारत वर्षीय चंद्रवंशी क्षत्रिय महासभा युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष गणेश कुमार पिता बजरंगी सिंह ग्राम खैरा को नामित किया गया। जिसमें विस्तार पूर्वक से चर्चा हुई कि किस प्रकार से राज्य सरकार केंद्र सरकार की योजनाओं का लाभ पिछड़ों अति पिछड़ा तक पहुंचाया जा सके। बाल्मिकी चंद्रवंशी ने कहा की मंत्री हमारे गार्जियन डॉक्टर प्रेम कुमार बिहार के विकाश के लिए पिछड़ों अतिपिछड़ों गरीब गुरबो के विकाश के लिए प्रतिबद्ध है। कार्यक्रम का संयोजन अति पिछड़ो के बड़े नेता मनोज चंद्रवंशी ने किया।

## लूट की योजना बना रहे चार अपराधी हथियार समेत गिरफ्तार



**पूर्वी चंपारण।** जिले कल्याणपुर थाना पुलिस ने लूट की योजना बनाते चार अपराधियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इन अपराधियों के पास से दो देशी कट्टा, दो जिन्दा कारतूस, दो चोरी की बाइक, चार मोबाईल, एक लेपटॉप जब्त किया है। गिरफ्तार अपराधियों में मधुबन थाना क्षेत्र के दुलमा गांव का बृहस्पत कुमार उर्फ गोलू कुमार, पकड़ीदयाल थाना क्षेत्र के कोरल गांव का राहुल कुमार, चकिया थाना क्षेत्र के पैठनिया गांव का कृष्णनंदन कुमार व मुजफ्फरपुर जिला के मोतीपुर थाना क्षेत्र के फुलार गांव का संतोष कुमार शामिल है। इसकी जानकारी देते चकिया एसडीपीओ सत्येंद्र कुमार सिंह ने बताया कि अपराधी बृहस्पत कुमार उर्फ गोलू कुमार एक शातिर अपराधी है। इस पर मधुबन थाना में एक लूट व एक डकैती तथा कल्याणपुर थाना में एक लूट कांड का मामला दर्ज है। उन्होंने बताया कि गुप्त सूचना के बाद एसपी कांतेश कुमार मिश्र के निर्देश पर कल्याणपुर थाना पुलिस ने नाकाबंदी व सघन वाहन चेकिंग करते हुए कल्याणपुर थाना के खोखरा चौक के समीप से लूट की योजना बनाते इन चारो अपराधियों को गिरफ्तार किया गया। सभी अपराधियों ने लूट की योजना बनाने की बात को स्वीकार की है। इन अपराधियों से जप्त मोबाईल के सीडीआर के आधार पर वैज्ञानिक अनुसन्धान से अन्य अपराधियों का शिनाख्त किया जायेगा। छापेमारी टीम में एसडीपीओ सत्येंद्र कुमार सिंह के अलावे कल्याणपुर थानाध्यक्ष जितेंद्र कुमार, एस आई शिवनाथ प्रसाद सहित पुलिस बल व चौकीदार शामिल थे।

## सभी भक्तों की मनोकामना पूरी करते हैं बाबा भोलेनाथ : मंत्री मिथिलेश

**गढ़वा।** गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने गुरूवार को जिले के 1200 कांवरियों को बोल बम के लिए रवाना किया। गढ़वा के विभिन्न पंचायतों से बोल बम जाने वाले कांवरिया गुरुवार को नया समाहरणालय के बगल में स्थित द शिवा रिसोर्ट में जमा हुए। यहां मंत्री श्री ठाकुर ने सभी कांवरियों को अपने हाथ से भोजन परोसकर खिलाया। उसके बाद मंत्री श्री ठाकुर एवं सभी कांवरिया चिनियां मोड़ स्थित काली मंदिर पहुंचे। यहां पूजा अर्चना के बाद मंत्री श्री ठाकुर कांवरियों के साथ पैदल मार्च करते हुए रंका मोड़, मेन रोड होते हुए बस स्टैंड पहुंचे। इस दौरान पूरा गढ़वा बोल बम के नारों से गूंजता रहा। कांवरियों की लंबी कतार लगी रही। भक्ति गीतों पर कांवरियों के साथ थिरकते हुए मंत्री बस स्टैंड पहुंचे।

**स्पीड न्यूज**

## कार्टन में बंद व्यक्ति का शव बरामद

**मुजफ्फरपुर।** बिहार में मुजफ्फरपुर जिले के ब्रह्मपुरा थाना क्षेत्र से पुलिस ने गुरूवार की सुबह कार्टन में बंद एक व्यक्ति का शव बरामद किया। पुलिस उपाधीक्षक (टाउन 2) विनिता सिन्हा ने यहां बताया कि स्थानीय लोगों से मिली सूचना के आधार पर बैरिया चांदनी चौक के समीप से कार्टन में बंद एक व्यक्ति का शव बरामद किया गया है। मृतक की पहचान नहीं की जा सकी है।

## भागलपुर में दवा व्यवसायी के पुत्र की गोली मारकर हत्या

**भागलपुर।** बिहार के भागलपुर शहर में अपराधियों ने एक प्रमुख दवा व्यवसाई के पुत्र की गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस सूत्रों ने गुरुवार को यहां बताया कि दवा व्यवसाई बलराम केडिया का पुत्र रौनक कुमार (26) बुधवार की रात दुकान बंद कर तातारपुर थाना क्षेत्र के काजवलीचक मुहल्ला स्थित अपने घर की जा रहा था। इस दौरान रौनक के घर के नजदीक पूर्व से घात लगाए अपराधियों ने उसे गोली मारकर घायल कर दिया। स्थानीय लोगों ने रौनक को गंभीर हालत में स्थानीय जवाहरलाल नेहरु मेडिकल कॉलेज अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

## संदिग्ध परिस्थिति में एक व्यक्ति की मौत

**छपरा।** बिहार में सारण जिले के जलालपुर थाना क्षेत्र में संदिग्ध परिस्थिति में एक व्यक्ति की मौत हो गयी। पुलिस सूत्रों ने गुरूवार को यहां बताया कि ककढिया गांव निवासी रामचंद्र प्रसाद (84) की मौत संदिग्ध परिस्थिति में हो गयी है। घटना की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल छपरा भेज दिया है।

## सर्पदंश से बच्चे की मौत

**छपरा।** बिहार में सारण जिले के जनता बाजार थाना क्षेत्र में सर्पदंश से एक बच्चे की मौत हो गयी। पुलिस सूत्रों ने गुरूवार को यहां बताया कि बनपुरा गांव निवासी तेरस राम का पुत्र मनजीत कुमार राम (05) अपने घर के आंगन में खेल रहा था। इसी दौरान किसी विषैले सांप ने उसे डस लिया।

# एनसीसी कैडेटों ने किया पौधरोपण



**भारत सरकार के एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत किया गया पौधरोपण**

**एजेंसी**

**भागलपुर।** दो बिहार गर्ल्स बटालियन एनसीसी के कैडेटों द्वारा गुरुवार एक पेड़ एक कैडेट अभियान के तहत माँ को समर्पित करते हुए वृक्षारोपण का कार्य संपादित किया गया। उल्लेखनीय है कि भारत सरकार के एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत सभी स्कूल और कॉलेजों के छात्रों द्वारा इस अभियान को बल मिल रहा है। एनसीसी के कैडेट भी देश सेवा की भावना से भरपूर एवं अनुशासन की नींव पर आधारित सैन्य प्रशिक्षण प्राप्त करते हुए प्रकृतिरक्षण के लिए अपनी अग्रणी भूमिका भी निभा रहे हैं। इसी क्रम में भागलपुर के एसएम कॉलेज में प्रत्येक एनसीसी कैडेट ने एक-एक पेड़ लगाए। जिसमें महाविद्यालय की एन सी सी प्रभारी सीटीओ डॉक्टर सुप्रिया शालिनी एवं अन्य शिक्षक गण भी बढ़-चढ़कर इस कार्यक्रम को सफल बनाने में अपनी-अपनी अग्रणी भूमिका निभाई।

# हर घर तिरंगा अभियान की सफलता को लेकर भाजपा की बैठक आयोजित

**एजेंसी**



**अररिया।** भाजपा जिला कार्यालय में गुरुवार को हर घर तिरंगा अभियान को सफलता को लेकर बैठक आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता जिलाध्यक्ष आदित्य नारायण झा ने की। बैठक में आगामी पंद्रह अगस्त को देखते हुए हर घर तिरंगा अभियान की तैयारी पर विस्तृत रूप से चर्चा की गयी। चर्चा के दौरान जिलाध्यक्ष आदित्य नारायण झा ने बताया कि 8 तारीख को जिला की बैठक 9 एवं 10 अगस्त को मंडलों की बैठक, 11 12 और 13 अगस्त को तिरंगा यात्रा और 14 अगस्त को विभाजन बीसीका परिचर्चा, 13 से 15 अगस्त तक जिले में हर घर घर तिरंगा अभियान को चलाया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस अभियान को सभी विधायक व कार्यकर्त्ता अपने अपने विधानसभा क्षेत्र में चलाकर अभियान को सफल बनाएंगे। बैठक में पूर्व विधायक लक्ष्मी नारायण मेहता, देवंती यादव, राष्ट्रीय कार्यसमिति सदस्य जयरानी यादव, बीजेपी नेत्री सह मुख्य पार्षद फारबिसगंज वीणा देवी, पूर्व जिलाध्यक्ष, पूर्व प्रमुख सह भाजपा नेता विजय यादव, जिला महामंत्री प्रताप नारायण मंडल, कृष्ण सेनानी, जिला उपाध्यक्ष शितेश ठाकुर, नवीन यादव, विधानसभा प्रभारी राजेश सिंह, एस सी अध्यक्ष गंगा ऋषिदेव, भाजयुमो जिला अध्यक्ष आकाश राज, जिला प्रवक्ता गणेश ठाकुर, पूर्व जिला उपाध्यक्ष शम्भू साह, जिला मीडिया प्रभारी शितांशु शेखर पिंटू आदि शामिल थे।

# मेला में झूला का सीट गिरने से बच्ची घायल

**भवनाथपुर।** प्लस टू उच्च विद्यालय के पीछे मैदान में लगे झूलन मेला में झूला से गिरने से झूलन देखने पहुंची एक बच्ची गंभीर रूप से घायल हो गई। घायल बच्ची खरौंधी थाना क्षेत्र के चौरिया गांव निवासी धनवंत गुप्ता के पुत्री माही कुमारी 12 वर्ष बताई जा रही है। घायलावस्था में उसे भवनाथपुर सीएचसी में भर्ती कराया गया, जहां आयुष चिकित्सक नितीश भारती ने प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर ईलाज के लिए सदर अस्पताल गढ़वा रेफर कर दिया। जानकारी के अनुसार धनवंत गुप्ता चौरीया भवनाथपुर अपने रिश्तेदार के घर आया था। बुधवार के रात्रि झूलन मेला में बच्ची को घुमाने ले गया था। झूला चालू करने से पूर्व ट्रायल के दौरान झूला का गुली टूटने से झूला का सीट उखड़कर गिर गया, जहां नीचे खड़ी झूला देख रही माही कुमारी इसके चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही जेबीकेएसएस विस प्रत्याशी शिवपारस बियार, जिलाध्यक्ष सुरेश प्रसाद साह, प्रखंड अध्यक्ष उज्जवल गुप्ता, विजय महतो ने घटनास्थल पर पहुंचकर बच्ची को ईलाज के लिए अस्पताल ले गए।

## दुष्कर्म मामले में युवक को 12 वर्षों की कठोर कैद

**एजेंसी**

**पटना।** बिहार में पटना की एक सत्र अदालत ने नाबालिग को अगवा कर दुष्कर्म करने के मामले में आज एक युवक को 12 वर्षों के सश्रम कारावास के साथ ही 40 हजार रुपये जुमार्ना की सजा सुनाई।

अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश (प्रथम) संगम सिंह ने मामले में सुनवाई के बाद पटना जिले के दानापुर स्थित शाहपुर थाना क्षेत्र निवासी ब्रजेश कुमार उर्फ राहुल को भारतीय दंड विधान की अलग-अलग धाराओं में दोषी करार देने के बाद यह सजा सुनाई है। जुमार्ने की राशि अदा नहीं करने पर दोषी को नौ माह के कारावास की सजा अलग से भुगतनी होगी। साथ ही अदालत ने पीड़िता को मुआवजा दिए जाने की अनुशंसा जिला विधिक सेवा प्राधिकार से की है।

## जायन्ट्स ने किया फलदार पौधे का वितरण



वितरण करते जायन्ट्स सदस्य।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गढ़वा।** जायन्ट्स ग्रुप ऑफ गढ़वा के तत्वावधान में शहर के मेन रोड में ग्रामीण एवं शहरी नागरिको के बीच फलदार पौधों का वितरण किया गया। मौके पर जायन्ट्स पदाधिकारियों ने कहा कि प्रत्येक वर्ष बरसात में सभी व्यक्ति को अपने आस पास कुछ पौधे लगाने चाहिए, ताकि पर्यावरण शुद्ध तथा हरा भरा रहे। पौधे से हमें ऑक्सीजन मिलता है जो हमारे वायुमंडल को शुद्ध बनाता है। साथ ही यह तपमान को भी कम करती है। धरती पर पेड़ और पौधे के बिना इंसान का अस्तित्व संभव नहीं है। सदस्यों ने उपस्थित लोगों से कहा कि आप पौधा ले जाकर जरुर लगाएंगे और इसका देखभाल करते रहें। साथ ही अपने आस-पास के लोगों को पौधरोपण के लिए जागरूक करें। मौके पर ग्रुप अध्यक्ष कमलेश कुमार गुप्ता, जायन्ट्स वेलफेयर फाउंडेशन सेंट्रल कमेटी के सदस्य अजय कांत पाठक, स्पेशल कमेटी के पूर्व सदस्य विजय केशरी, फेडरेशन 8 पूर्व अध्यक्ष विनोद कमलापुरी, फेडरेशन के वर्तमान पदाधिकारी नंदकुमार गुप्ता, चन्दन चंद्रवंशी, मनोज केशरी, दीपक तिवारी आदि उपस्थित थे।

# निर्मल महतो ने किया अन्याय और अत्याचार के विरुद्ध आजीवन संघर्ष : मंत्री मिथिलेश

**निर्मल महतो की पुण्यतिथि पर मंत्री ने दी श्रद्धांजलि**

**खबर मन्त्र संवाददाता**



कार्यक्रम में मंत्री मिथिलेश ठाकुर व अन्य।

**गढ़वा।** झारखंड मुक्ति मोर्चा जिला कमेटी के तत्वावधान में गुरुवार को गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर के गढ़वा स्थित आवास पर वीर शहीद निर्मल महतो की शहादत दिवस मनाई गई। पुण्यतिथि पर मंत्री श्री ठाकुर ने स्व. निर्मल महतो की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी।

मौके पर मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि झारखंड की माटी के वीर सपूत निर्मल महतो ने अन्याय और अत्याचार के विरुद्ध जीवन भर संघर्ष किया। उन्होंने समाज के लोगों के दुःख-दर्द को अपना माना। अलग झारखंड राज्य के लिए निर्मल दा ने अंतिम सांस तक संघर्ष किया। राज्य की हेमंत सरकार निर्मल दा के विचारों को आत्मसात कर समाज के अंतिम व्यक्ति के उत्थान के लिए निरंतर काम कर रही है। झारखंड को प्रगति पथ पर आगे ले जाना ही निर्मल महतो को सच्ची श्रद्धांजलि होगी। मंत्री ने कहा कि 8 अगस्त 1987 को गोली मारकर उनकी हत्या कर दी गई थी। झारखण्ड आंदोलन का एक उभरता नेता शहीद हो गये। मौके पर मुख्य रूप से झामुमो जिलाध्यक्ष तनवीर आलम खान, सचिव मनोज ठाकुर, केन्द्रीय समिति सदस्य शरीफ अंसारी, आशीक अंसारी, निलेश पाण्डेय, संजय कांस्यकार, साकिर खान, दिलीप गुप्ता, नीलू खान, सैय्यद गुलाम हुसैन, अरमान सिद्दीकी, मिन्हाज, अंकित पाण्डेय

# गढ़वा में चौतरफा विकास के परिणाम स्वरूप प्रतिदिन बढ़ रहा है झामुमो परिवार : मंत्री

**गिरिनाथ सिंह के करीबी संजय और शाकिर झामुमो में शामिल**

**खबर मन्त्र संवाददाता**



पार्टी में शामिल लोगों के साथ मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर।

**गढ़वा।** पूर्व विधायक गिरिनाथ सिंह के दायां हाथ माने जाने वाले उनके निकटतम सहयोगी राजद के पूर्व कोषाध्यक्ष समाजसेवी संजय कांस्यकार व राजद के पूर्व जिला प्रवक्ता समाजसेवी शाकिर खान झारखंड मुक्ति मोर्चा में शामिल हो गए हैं। गुरुवार को गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर के गढ़वा स्थित आवास पर इन्होंने झामुमो की सदस्यता ग्रहण की। मंत्री श्री ठाकुर ने दोनों को माला एवं पार्टी का पट्टा पहनाकर एवं मिठाई खिलाकर झामुमो में शामिल कराया।

मौके पर मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि गढ़वा में चौतरफा विकास हो रहा है। जिसके परिणाम स्वरूप झामुमो परिवार का दायरा हर दिन बढ़ रहा है। दोनों नेताओं का झारखंड मुक्ति मोर्चा परिवार में स्वागत एवं अभिनंदन है। इनके झामुमो में आने से पार्टी और भी मजबूत होगी। इनके अनुभव का लाभ पार्टी को मिलेगा। संजय कांस्यकार ने कहा कि वे लोग मंत्री श्री ठाकुर के विकास कार्यों से प्रभावित होकर झामुमो में शामिल हुए हैं। उन्होंने कहा कि गढ़वा के इतिहास में अब तक ऐसा विकास कार्य नहीं हुआ था, जैसा कि मंत्री श्री ठाकुर ने अपने कार्यकाल में किया। गढ़वा को ऐसे ही विकास पुरुष की जरूरत है। मौके पर मुख्य रूप से झामुमो जिला अध्यक्ष तनवीर आलम, सचिव मनोज ठाकुर, शरीफ अंसारी, फरीद खान, दिलीप गुप्ता, अंकित पांडेय सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# प्रखंड कार्यालय में रखे 13 साइकिल की चोरी



प्रखंड कार्यालय में रखा साइकिल।

**भवनाथपुर।** कल्याण विभाग द्वारा छात्र-छात्राओं के बीच बांटने वाले साइकिल भी अब सुरक्षित नहीं है। भवनाथपुर प्रखंड कार्यालय में रखे 400 साइकिल में 13 साइकिल की चोरी हो गई है। हीरो इकोटेक कम्पनी के सुपरवाइजर परितोष कुमार ने भवनाथपुर बीडीओ नंदजी राम से शिकायत की है। उन्होंने बताया कि बुधवार को शाम में हम लोग साइकिल निरीक्षक कर के रात में सो रहे थे। जब सुबह हुआ तो हम लोगों ने साइकिल के पास गए तो देख की बाउंड्री के ऊपर वाला तार पलाश से कटकर 13 साइकिल चोरी कर ली गई। भवनाथपुर प्रखंड परिसर में पिछले कई माह से कल्याण विभाग के साइकिल को रखा गया है। जिसमें से 13 साइकिल प्रखंड कार्यालय के बाउंड्री के ऊपर वाले हिस्से का कांटा वाला तार पलाश से कटकर चोरों ने चोरी कर लिया। बीडीओ नंदजी राम ने बताया कि प्रखंड कार्यालय के परिसर में रखे गए साइकिल को की चोरी हुई है। हीरो इकोटेक कम्पनी के सुपरवाइजर को स्थानीय थाने में चोरी की प्राथमिक की दर्ज करने को कहा है।

स्पीड न्यूज

## आज दोबारा रिलीज होगी 'लैला मजनू'



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री तृप्ति डिमरी और अभिनेता अविनाश तिवारी स्टारर फिल्म 'लैला मजनू' सिनेमाघरों में फिर से रिलीज होगी। एकता कपूर निर्मित लैला मजनू वर्ष 2018 में प्रदर्शित हुयी थी।लीड एक्ट्रेस के तौर पर यह तृप्ति डिमरी की पहली फिल्म थी। फिल्म मेकर्स ने लैला मजनू को दोबारा रिलीज करने का फैसला किया है। यह फिल्म 09 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

## विदेश मंत्री आज जायेंगे मालदीव

**नयी दिल्ली।** विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर 09-11 अगस्त तक मालदीव की आधिकारिक यात्रा करेंगे। यह यात्रा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की नई मंत्रिपरिषद के शपथ ग्रहण समारोह के लिए भारत मालदीव के राष्ट्रपति डॉ. मोहम्मद मुइज्जू की हालिया यात्रा के बाद हो रही है। विदेश मंत्रालय के अनुसार मालदीव भारत का प्रमुख समुद्री पड़ोसी है और भारत की पड़ोसी प्रथम नीति और हमारे विजन सागर यानी क्षेत्र में सभी के लिए सुरक्षा और विकास में एक महत्वपूर्ण भागीदार है।

## हेली सेवा से शुरू हुई केदारनाथ यात्रा

रुद्रप्रयाग। केदारघाटी में 31 जुलाई को आई आपदा के बाद गुरुवार को एक बार फिर से केदारनाथ धाम भक्तों से गुलजार होने लगा है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देश पर गुरुवार को मौसम साफ होते ही हेली सेवाओं से यात्रा और दर्शन शुरू हो गए हैं। धाम में हेली रेस्क्यू का इंतजार कर रहे 33 यात्रियों को भी एमआई 17 और अन्य हेली सेवाओं के माध्यम से दोपहर तक रेस्क्यू कर लिया गया है। श्री बदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति सीईओ योगेंद्र सिंह ने बताया कि जिलाधिकारी के निर्देशन में केदारनाथ धाम में रेस्क्यू व राहत कार्य पूर्ण कर लिए गए हैं।

## मोदी ने बुद्धदेव के निधन पर शोक व्यक्त किया

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को पश्चिम बंगाल के पूर्व मुख्यमंत्री एवं वरिष्ठ मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) नेता बुद्धदेव भट्टाचार्य के निधन पर शोक व्यक्त किया। श्री मोदी ने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट किया, ह्लपश्चिम बंगाल के पूर्व मुख्यमंत्री बुद्धदेव भट्टाचार्य के निधन से व्यथित हूं। वह एक राजनीतिक दिग्गज थे जिन्होंने प्रतिबद्धता के साथ राज्य की सेवा की।

## भारत-बांग्लादेश के बीच व्यापार फिर शुरू

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के पेट्रापोल भूमि बंदरगाह के माध्यम से कड़ी सुरक्षा के बीच भारत और बांग्लादेश के बीच व्यापार गुरुवार सुबह फिर शुरू हो गया। 5 अगस्त को बांग्लादेश में शेख हसीना सरकार के पतन के बाद दोनों देशों के बीच व्यापार ठप हो गया था। यह आंशिक रूप से बुधवार को पश्चिम बंगाल के कई भूमि बंदरगाहों के माध्यम से फिर शुरू हुआ लेकिन पेट्रापोल में नहीं। पेट्रापोल के माध्यम से द्विपक्षीय व्यापार सभी भूमि बंदरगाहों में सबसे अधिक है, जो बांग्लादेश के साथ साझा किए गए हैं। एक अधिकारी ने पेट्रापोल से व्यापार सुबह से शुरू हो गया। बुधवार को दोनों देशों के हितधारकों के साथ गतिरोध को हल करने के लिए बैठक हुई थी।

# वक्फ विधेयक को समीक्षा के लिए भेजा गया जेपीसी के पास

## विपक्ष के भारी विरोध के बीच सरकार ने लोकसभा में पेश किया बिल

- 90 हजार से ज्यादा मामले बोर्ड में लंबित हैं : रिजिजू
- बोर्ड में हर मुस्लिम वर्ग की महिलाएं शामिल होंगी

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** लोकसभा में गुरुवार को वक्फ (संशोधन) विधेयक 2024 विपक्ष के भारी विरोध के बाद इसे विस्तृत समीक्षा के लिए संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) के पास भेज दिया गया।

अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री किरेन रिजिजू ने वक्फ बोर्डों को नियंत्रित करने वाले कानून में संशोधन से संबंधित विधेयक पेश करने की अनुमति का प्रस्ताव रखा। कांग्रेस समेत सभी विपक्षी दलों ने इस विधेयक को संविधान के विभिन्न प्रावधानों के विरुद्ध और मुसलमानों के धार्मिक मामलों में दखल देने का प्रयास मानते हुए इसका पुरजोर विरोध किया।

विपक्ष ने अध्यक्ष ओम बिरला से नियम 72 के तहत विधेयक को पेश करने से पहले बहस कराने की मांग की जिसे अध्यक्ष ने स्वीकार किया। पक्ष और विपक्ष के तमाम सदस्यों की राय सुनने के बाद श्री रिजिजू ने कहा कि इसको लेकर विपक्ष के सदस्य जो विरोध कर रहे हैं वह राजनीतिक दबाव में हो रहा है लेकिन सच यह है कि यह विधेयक सबके हित में है और इससे वक्फ संपत्ति में गरीब मुसलमानों का हित साधा जा सकेगा। उन्होंने कहा कि 90 हजार से ज्यादा मामले वक्फ बोर्ड में लंबित हैं और इन सब विषमताओं को देखते हुए और लोगों को न्याय देने के लिए यह विधेयक लाया गया है। नये विधेयक में छह माह में मामले के निस्तारण का समय तय किया गया है। उन्होंने कहा कि विधेयक में किए प्रावधान से संविधान के किसी अनुच्छेद का उल्लंघन नहीं किया गया है और इसमें किसी का हक नहीं छीना जा रहा है। इसमें जिनको सदियों से हक नहीं दिया गया है उन्हें हक दिया गया है। विधेयक में वक्फ बोर्ड के लिए महिलाओं की



सदस्यता को अनिवार्य किया गया है और इसमें हर मुस्लिम वर्ग की महिलाएं शामिल होंगी उन्होंने कहा कि उनकी सरकार पहली बार यह विधेयक नहीं लाई है। सरकार 1995 में जो वक्फ विधेयक लेकर आई थी वह कानून अपने मकसद में सफल नहीं रहा है। विधेयक जिस उद्देश्य के लिए लाया गया था उसमें पूरी तरह से विफल रहा है। उन्होंने कहा कि नया बिल बहुत विचार कर लाया गया है और इस बिल का सभी को समर्थन करना चाहिए क्योंकि करोड़ों लोगों को इंसाफ नहीं मिल रहा है। इस बिल का विरोध करने से पहले करोड़ों गरीब मुसलमानों के बारे में सोचिए तब इसका विरोध कीजिए। इस मुद्दे पर कई कमेटियां बनी थी इसको लेकर वक्फ इक्वरी रिपोर्ट पेश की गई थी। सारी वक्फ संपत्ति को व्यवस्थित करने की जरूरत है। इसके लिए एक न्यायाधिकरण हो तथा आडिट और एकाउँट की व्यवस्था बेहतर होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि पहले के कानून में यह प्रावधान था कि यदि आपने अपनी जमीन के लिए हक की बात नहीं की तो उस जमीन पर कब्जा कर लिया जाता है। किसी जमीन को लेकर यह कहा जाता कि इस जमीन पर किसी के परिजनों ने नमाज पढी है तो वह जमीन वक्फ बोर्ड 1995 के कानून के तहत अपने कब्जे में ले लेता था और यह इस कानून की बहुत बड़ी खामी है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि सरकार यह संशोधन विधेयक लेकर अचानक नहीं आई है। मुसलमानों के सभी वर्गों से इस बारे में विचार किया गया है और संसद के कई सदस्य निजी स्तर पर मानते हैं कि इस विधेयक के लाने से वक्फ का भ्रष्टाचार रुकेगा।

कांग्रेस, टीएमसी, सपा, द्रमुक, माकपा, भाकपा, वाईएसआर कांग्रेस आदि पार्टियों ने जहां विधेयक का विरोध किया, वहीं सत्तारूढ़ राजग में शामिल जदयू, तेलुगु देशम और शिवसेना ने इस विधेयक का समर्थन किया। कांग्रेस के केसी वेणुगोपाल ने कहा कि यह विधेयक संविधान विरोधी है और एक समुदाय के हितों को नुकसान पहुंचाने वाला है। उन्होंने कहा कि संविधान में हर समुदाय को अधिकार है अपनी धार्मिक, चैरिटेबल आधार पर चल अचल संपत्ति रखे। इस विधेयक में वक्फ बोर्ड में दो गैर मुस्लिम सदस्यों को शामिल करने की बात कही गयी है। सपा सांसद अखिलेश यादव ने कहा कि यह विधेयक सोची समझी राजनीति से लाया गया है। जब वक्फ बोर्ड में सदस्यों को लोकतांत्रिक ढंग से चुने जाने की व्यवस्था है तो मनोनयन क्यों करने की जरूरत है। क्यों गैर बिरादरी का व्यक्ति बोर्ड में होना चाहिए। उन्होंने कहा कि सच्चाई यह है कि भाजपा हताश, निराश चंद कट्टरपंथियों को खुश करने के लिए ये विधेयक लायी है। श्री यादव ने कहा कि ये विधेयक इसलिये लाया गया है कि ये अभी अभी हारे हैं। उन्होंने अध्यक्ष को संबोधित करते हुए कहा कि अध्यक्ष का पद लोकतंत्र के न्यायालय होता है लेकिन अध्यक्ष के भी अधिकारों को भी काटा जा रहा है। इस पर गृह मंत्री अमित शाह भड़क गये। उन्होंने कहा कि अध्यक्ष के अधिकार पूरे सदन के अधिकार हैं और श्री अखिलेश यादव उन अधिकारों के संरक्षक नहीं हैं।

### वक्फ पर कांग्रेस के समय में बनी थी दो कमेटी

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि वक्फ पर दो कमेटी कांग्रेस के समय में बनी थी। सच्चर समिति ने कहा कि जितना वक्फ बोर्ड की संपति है इससे बहुत कम पैसा आ रहा है यह गलत है और अगर सही तरीके से इस संपति का संचालन ठीक हो तो 12 हजार करोड़ सालाना मिल सकता है। सच्चर कमेटी ने कहा कि वक्फ बोर्ड में विशेषजों को लाने की जरूरत है और उसके पैसे का राजस्व का रिकार्ड होना चाहिए। उन्होंने कहा कि नये कानून में पूरी तकनीकी का इस्तेमाल कर विधेयक को लाया गया है और वक्फ संपत्ति सबकी संपति बने और उसका दुरुपयोग नहीं हो इसका पूरा ध्यान रखते हुए विधेयक लाया गया है। नये बोर्ड में महिलाओं का प्रतिनिधित्व अनिवार्य किया गया है और मुसलमानों में सभी वर्गों को इसमें रखा गया है।

# यूपीआइ से 5 लाख होगा पेमेंट

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआइ) ने यूपीआई के जरिये कर भुगतान की सीमा बढ़ाने की गुरुवार को घोषणा की। आरबीआई के गवर्नर शक्तिकान्त दास ने मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की मंगलवार को शुरू हुई तीन दिन की बैठक में लिए गए निर्णय की जानकारी देते हुए कहा कि यूपीआई अपनी सहज सुविधाओं से भुगतान का सबसे पसंदीदा तरीका बन गया है। वर्तमान में यूपीआई के लिए भुगतान की सीमा एक लाख रुपये है। दास ने कहा कि विभिन्न उपयोग-मामलों के आधार पर, रिजर्व बैंक ने समय-समय पर पूंजी बाजार, आईपीओ अभिदान, ऋण संग्रह, बीमा, चिकित्सकीय और शैक्षिक सेवाओं आदि जैसी कुछ श्रेणियों के लिए सीमाओं की समीक्षा की है और उन्हें बढ़ाया है। दास ने कहा कि चूंकि प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष कर भुगतान सामान्य, नियमित तथा उच्च मूल्य के हैं। इसलिए यूपीआई के जरिये कर भुगतान की सीमा को एक लाख रुपये से बढ़ाकर पांच लाख प्रति लेनदेन करने का निर्णय लिया गया है। इस संबंध में आवश्यक निर्देश अलग से जारी किए जाएंगे। आरबीआई के यूपीआई का उपयोगकर्ता आधार 42.4 करोड़ हो गया है। हालांकि, उपयोगकर्ता आधार के और विस्तार की संभावना है। यूपीआई में डेलिगेटेड पेमेंट्स शुरू करने का भी प्रस्ताव है। इस संबंध में भी विस्तृत निर्देश जल्द ही जारी किए जाएंगें। इसके साथ ही आरबीआई ने अनधिकृत कंपनियों की जांच के लिए डिजिटल ऋण देने वाले ऐप के सार्वजनिक तौर पर आंकड़े तैयार करने का प्रस्ताव दिया है।

### वर्तमान में कर भुगतान की सीमा एक लाख है : शक्तिकांत दास



### कुछ ही घंटों में क्लियर होगा चेक

**नयी दिल्ली।** अब कुछ ही घंटों में होगा क्लीयर होगा चेक। आरबीआई ने चेक समशोधन में लगने वाले समय को कुछ घंटे करने और उससे जुड़े जोखिम कम करने के मकसद से कदम उठाने की घोषणा की है। वर्तमान में चेक जमा करने से लेकर राशि आने तक दो दिन का समय लग जाता है। लेकिन नई व्यवस्था में चेक जमा करने के कुछ ही घंटों में यह क्लियर हो जाएगा। आरबीआई के गवर्नर शक्तिकांत दास ने कहा कि चेक समाशोधन को दुरुस्त करने, निपटान जोखिम कम करने और ग्राहकों को बेहतर सेवाएं उपलब्ध कराने के मकसद से चेक ट्रंकेशन सिस्टम (सीटीएस) की वर्तमान प्रक्रिया में बदलाव का प्रस्ताव है। उन्होंने कहा कि इसके तहत मौजूदा सीटीएस व्यवस्था के तहत बैच में प्रसंस्करण की जगह कारोबारी समय में निरंतर आधार पर समाशोधन की व्यवस्था की जाएगी। आरबीआई के अनुसार,नई व्यवस्था में चेक को स्कैन किया जाएगा, उसे प्रस्तुत किया जाएगा और कुछ घंटों में समाशोधन किया जाएगा।

### नौंवी बार रेपो रेट 6.5 प्रतिशत

**नयी दिल्ली।** आरबीआई की मौद्रिक नीति समिति ने लगातार नौंवी बार नीतिगत दर रेपो को 6.5 प्रतिशत पर बरकरार रखने का निर्णय किया है। आरबीआई गवर्नर शक्तिकान्त दास ने द्विमासिक मौद्रिक नीति समीक्षा की जानकारी देते हुए कहा मौद्रिक नीति समिति के छह सदस्यों में से चार ने नीतिगत दर को यथावत रखने के निर्णय के पक्ष में मत दिया। आरबीआई के गवर्नर शक्तिकान्त दास ने गुरुवार को कहा कि देश का विदेशी मुद्रा भंडार दो अगस्त को 675 अरब डॉलर के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया। इससे पहले, इस वर्ष 19 जुलाई को मुद्रा भंडार का उच्चतम स्तर 670.85 अरब अमेरिकी डॉलर रहा था। इसके बाद 26 जुलाई को यह 667.38 अरब डॉलर रहा था। दास ने कहा कि कुल मिलाकर देश का बाह्य क्षेत्र ह्यह्य जुझारू बना हुआ है। जैसा कि प्रमुख संकेतकों में सुधार से पता चलता है। दास ने कहा कि विदेशी पोर्टफोलियो निवेशक जून, 2024 से घरेलू बाजार में शुद्ध खरीदार बन गए हैं। जून से छह अगस्त के दौरान 9.7 अरब डॉलर का शुद्ध प्रवाह हुआ है, जबकि अप्रैल और मई में 4.2 अरब डॉलर की निकासी हुई थी।

# बांग्लादेश में अंतरिम सरकार का गठन

### प्रो. यूनुस ने ली मुख्य सलाहकार पद की शपथ

**ढाका।** बांग्लादेश में शेख हसीना का तख्तापलट के बाद अंतरिम सरकार का गठन हो गया है। नोबेल पुरस्कार विजेता प्रोफेसर मोहम्मद यूनुस ने गुरुवार शाम बंगलादेश की अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार के रूप में शपथ ली। प्रो. यूनुस और नयी अंतरिम सरकार में शामिल सदस्यों को बांग्लादेश के राष्ट्रपति मोहम्मद शहाबुद्दीन ने गणभवन के दरबार हॉल में आयोजित समारोह में पद और गोपनीयता की शपथ दिलायी।



बांग्लादेश की अंतरिम सरकार में प्रोफेसर मुहम्मद यूनुस मुख्य सलाहकार, सुश्री सैयदा रिजवाना हसन बंगलादेश पर्यावरण वकील एसोसिएशन (बेला) की मुख्य कार्यकारी, सुश्री फरीदा अख्तर महिला अधिकार कार्यकर्ता, श्री आदिलुर रहमान खान ओधिकार के संस्थापक एएफएण खालिद हुसैन हिफाजत-ए-इस्लाम के नायब-ए-अमीर एवं इस्लामी आंदोलन बंगलादेश के सलाहकार, सुश्री नूरजहां बेगम ग्रामीण दूरसंचार ट्रस्टी, शरमीन मुर्शिद स्वतंत्रता सेनानी, सुप्रदीप चकमा सीएचटीबी के अध्यक्ष बने हैं। गौरतलब है कि डॉ यूनुस को अंतरिम सरकार का प्रमुख बनाने की मांग बांग्लादेश के छात्र संगठनों की तरफ से उठाई गई थी।

# प. बंगाल के पूर्व मुख्यमंत्री बुद्धदेव भट्टाचार्य का निधन

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के पूर्व मुख्यमंत्री बुद्धदेव भट्टाचार्य का गुरुवार को कोलकाता स्थित उनके आवास पर निधन हो गया। वह 80 वर्ष के थे। माकपा की राज्य इकाई के सचिव मोहम्मद सलीम ने यह जानकारी दी। भट्टाचार्य वृद्धावस्था संबंधी बीमारियों से पीड़ित थे। उनके परिवार में उनकी पत्नी मीरा और बेटी सुचेतना हैं। भट्टाचार्य साल 2011 के विधानसभा चुनाव में ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली तृणमूल कांग्रेस से हार गये थे और राज्य में माकपा के नेतृत्व वाले वाम मोर्चा का 34 साल का शासन खत्म हो गया था। माकपा के वरिष्ठ नेता जब मुख्यमंत्री थे तो उनके कार्यकाल में मौजूदा मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के नेतृत्व में उद्योगों के लिए भूमि अधिग्रहण को लेकर व्यापक प्रदर्शन हुए थे। बुद्धदेव भट्टाचार्य ने 2015 में माकपा पोलित ब्यूरो और केंद्रीय समिति से इस्तीफा दे दिया था और 2018 में पार्टी के राज्य सचिवालय की सदस्यता भी छोड़ दी थी। पिछले कुछ वर्षों से वह सार्वजनिक कार्यक्रमों से दूर रहते थे और अधिकतर समय अपने आवास में ही व्यतीत करते थे।

### 80 वर्षीय माकपा नेता कई बीमारियों से ग्रसित थे



VERMA PRESS ®

वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची

Verma's® Today®

श्रृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi - B | ₹ 140 | Hindi - B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran-II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran-II | ₹ 120 |
| English Grammar - II | ₹ 120 | English Grammar - II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran-II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran-II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !

